ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 21 दिसम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-65 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

मंदाना का डीपफेक वीडियो : मास्टर तलाश ... पेज 10 पर



## गागर में सागर

### पिकअप की चपेट में आने से युवक की मौत

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर बाईपास ओवर ब्रिज के समीप पिकअप की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत के नावाडीह गांव निवासी निर्मल कुमार रवि के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि निर्मल बाइक से कहीं जा रहा था। इस दौरान एक पिकअप ने टक्कर मार दी, जिसमें घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। इससे आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलने पर पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को समझा बूझाकर शव को कब्जे में लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार पिकअप बाईपास सड़क निर्माण कर रहे कंस्ट्रक्शन कंपनी की बताई जा रही है।

### ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

**चतरा।** एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने नशा खुरानी गिरोह के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। गठित टीम ने वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरी-प्रतापपुर मुख्य पथ पर स्थित रक्शी गांव के समीप से ब्राउन शुगर पीते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने गिरफ्तार युवकों के पास से चार ग्राम ब्राउन शुगर, ब्राउन शुगर पीने व पिलाने में प्रयुक्त 10 और 5 रुपये के नोट से सिगरेटनूमा आकार में बने दो रोल, एक सिल्वर पेपर का टुकड़ा, ब्राउन शुगर पीने में प्रयुक्त एक 5 रुपये का सिक्का व सिगरेट जलाने में प्रयुक्त दो लाइटर के अलावे विभिन्न कंपनियों के तीन स्मार्टफोन बरामद किये। गिरफ्तार दोनों युवको से पूछताछ के बाद पुलिस ने रांची के मधुकम थाना क्षेत्र से अफीम और ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। हालांकि गिरफ्तार युवक के घर में तलाशी के बाद कोई भी नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। लेकिन उसके मोबाइल का व्हाट्सएप चैट चेक करने पर नशीले पदार्थों की तस्करी में उसके शामिल होने का खुलासा हुआ।

### झोलाछाप डॉक्टर ने ली बुजुर्ग व्यक्ति की जान, प्राथमिकी हुई दर्ज

**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड थाना क्षेत्र के करमा में अवैध तरिके से संचालित क्लीनिक में झोलाछाप डॉक्टर के गलत उपचार से करकरा गांव निवासी चोलो यादव (65) की मौत हो गई। इसकी सूचना के बाद स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। मृतक की पुत्री कैली देवी द्वारा लिखित आवेदन देकर पिता की मौत की सूचना मयूरहंड थाना में देते हुए बताया गया है कि करमा चौंक के कथित डॉक्टर मनोज कुमार जो जेनरल फिजिसियन सह मलेरिया, टायफाइड़, हड्डी, नस रोग विशेषज्ञ का बोर्ड लगाने वाले ने उसके पिता का इलाज अपने अस्पताल में कर रहा था। स्थिति बिगड़ने लगा तो वाहन से हजारीबाग भेज दिया और रास्ते में हीं मौत हो गई।

### प्रिंस खान व डब्लू सिंह सहित 7 अपराधियों पर इनाम घोषित

**रांची।** झारखंड पुलिस की पहुंच से फरार चल रहे सात मोस्ट वांटेड अपराधियों पर इनाम घोषित किया गया है। इनामी लिस्ट में कुख्यात प्रिंस खान उर्फ. हैदर अली, डब्लू सिंह और गोपी खान जैसे दुर्दांत अपराधी शामिल है। धनबाद के कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान पर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया है। धनबाद का रहने वाला प्रिंस खान बेहद खतरनाक अपराधी है, प्रिंस के ऊपर 50 से अधिक कांड दर्ज है। पलामू के मोस्ट वांटेड अपराधी डब्लू सिंह पर 40 हजार का इनाम घोषित किया गया है, डब्लू सिंह पर भी 40 से ज्यादा कांड दर्ज है। धनबाद के गैंग्स ऑफ वासेपुर के मोस्ट वांटेड अपराधी गोपी खान पर 40 हजार का इनाम घोषित किया गया है, गोपी खान पर 23 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। मोस्ट वांटेड हरीश कुमार सिंह उर्फ छोटू पर 40 हजार का इनाम घोषित किया गया है, छोटू जमशेदपुर का कुख्यात अपराधी है। छोटू पर 12 कांड दर्ज है। कुख्यात अपराधी बबलू ठाकुर उर्फ भारत नारायण ठाकुर पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया है बबलू ठाकुर रामगढ़ इलाके में सक्रिय है। बबलू पर 10 कांड दर्ज है।

### अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पीआईएल मैनेज करने के लिए नकदी लेन-देन के आरोपित कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सीबीआई और अमित अग्रवाल के अधिवक्ता की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

## हेमंत सरकार 29 को पूरा करेगी चार साल
## मोरहाबादी मैदान में होगा भव्य समारोह

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के चार साल पूरे होने पर 29 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में सरकारी समारोह का आयोजन किया जायेगा। राज्य सरकार स्तर से इसकी तैयारी प्रारंभ की गयी है। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा को इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये हैं। इसके अलावा राज्य के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस दिन राज्य के करीब 9000 युवाओं को नियुक्ति पत्र का भी वितरण करेंगे। परिसंपत्तियां का भी वितरण होगा। सड़कों व भवनों का उद्घाटन-शिलान्यास होगा। नई दिल्ली स्थित बने झारखंड भवन का भी उद्घाटन इसी दिन कराने की योजना है। गत 15 नवंबर से शुरू हुई आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का समापन भी 29 दिसंबर को ही होना है। ऐसे में इस दिन बड़े पैमाने पर योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास भी होगा। लोगों को अबुआ आवास योजना से आवास स्वीकृत किया जायेगा। राज्य सरकार ने कार्यक्रम की सफलता के लिए भू-राजस्व सचिव अमिताभ कौशल, महिला बाल विकास सचिव कृपानंद झा, पीआरडी निदेशक राजीव लोचन बक्शी को अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी है।

### पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने राष्ट्रीय नवीन मेल से कहा-

## एके-47 जैसे आर्म्स की स्मगलिंग म्यांमार बॉर्डर पर भी होती है : आईजी

### पलामू प्रमंडल में अभी भी छोटे-छोटे नक्सली गिरोह सक्रिय

मुख्य संवाददाता



**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के रंका थाना में पुलिस और जेजेएमपी नक्सली संगठन मुठभेड़ के बाद चलाये गये सर्च अभियान में एक एके-47 व चार मैगजीन,83 कारतूस का मिलना बड़ी बात है। गढ़वा पुलिस लाइन में मंगलवार को मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने ये बातें कही थी। इसी बाबत बुधवार को राष्ट्रीय नवीन मेल को उन्होंने बताया कि भले ही नक्सलियों का सफाया हो रहा है,लेकिन अभी भी कई छोटे-छोटे संगठन पलामू प्रमंडल में सक्रिय हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। यही कारण है कि हुसैनाबाद के काला पहाड़ की घटना या औरंगाबाद के पास जो पलामू से सटा बिहार का इलाका है,वहां कई छोटे-छोटे नक्सली संगठन आज भी सक्रिय हैं। यह पूछे जाने पर कि एके-47 के लिए कहीं से लाइसेंस का प्रावधान नहीं है। बावजूद यह आर्म्स कहीं पुलिस से लूटा हुआ तो नहीं है? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि जांच चल रही है। अभी भी सर्च अभियान जारी है। वैसे यह माना जा सकता है कि लूटा हुआ ही है। वैसे म्यांमार बॉर्डर पर ऐसे हथियारों की स्मगलिंग भी होती है। एके-47, एसएलआर, इंसास जैसे आर्म्स का उपयोग आम जनता के लिए नहीं है। यह गवर्नमेंट के लिए होती है। जल्द ही आर्म्स कहां से लाकर उपयोग किया जा रहा था इसका खुलासा हो जायेगा। आने वाले दिनों में इन नक्सली संगठनों की अब खैर नहीं रहेगी। समाज में अशांति फैलाने वाले ऐसे संगठनों की अब नहीं चलने वाली है। पुलिस की कार्रवाई जारी है। बहुत जल्द और खुलासे होगें। सार्थक परिणाम सामने आयेगें।

### विपक्ष सदन में करता है समर्थन और राज्यपाल का कान भरता है : सीएम

# पुराने स्वरूप में ही पास हुआ 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक पर अड़ियल रुख दिखाते हुए राज्य सरकार ने बुधवार को राज्यपाल और विपक्षी भाजपा के साथ तकरार के रास्ते आगे बढ़ने का साफ संदेश दे दिया है। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन भोजनावकाश के बाद मुख्यमंत्री ने बिना किसी संशोधन के बिल सदन में पेश किया। विपक्ष के जोरदार विरोध के बावजूद विधेयक ध्वनिमत से पास हो गया। विधेयक पास होते ही सत्ता पक्ष ने जय झारखंड के नारे लगाए। इसके अलावा प्रज्ञान इंटरनेशनल विश्वविद्यालय (निरसन) विधेयक-2023 भी सदन से पास हो गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 11 नवंबर, 2022 को विधानसभा के विशेष सत्र में पारित झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक 2022 को सदन में रखा था। यह 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य स्थानीय को परिभाषित करने का है। हमने आरक्षण बढ़ाने के संबंध में भी बिल पास करवाकर राजभवन भेजा है। आज फिर मांग करता हूं कि आरक्षण बिल को लेकर भी राज्यपाल जल्द निर्णय लें।

### ये आऊटडेटेड चेक, भाजपा देगी 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति : प्रतिपक्ष

#### सीएम ने राज्यपाल के हर तर्क को किया खारिज



सदन में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति पेश करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछली बार विपक्ष ने भारी मन से ही सही मगर इसका समर्थन किया था। लेकिन बाद में राज्यपाल का कान भर इसे लटकाने काम कराया। यह झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता की वर्षों पुरानी मांग है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की संसोधन की जरूरत नहीं है। सोरेन ने कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीयता इस राज्य के करोड़ों आदिवासी और मूलवासी की अस्मिता एवं पहचान से जुड़ी है। उनकी यह बहुप्रतीक्षित मांग रही है। उनकी भावना एवं आकांक्षा के अनुरूप पिछले वर्ष 11 नवम्बर को इस सदन ने ध्वनिमत से पारित कर इसे राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा था। दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने जब अलग राज्य की लड़ाई लड़ी तो उसके मूल में भी यही भावना थी कि स्थानीय व्यक्तियों का यहां की संपदा और नौकरियों पर हक मिले। मगर दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड बनने के बीस वर्षों तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल ने अपने संदेश के साथ विद्वान अटॉर्नी जनरल का वैधिक परामर्श भी दिया हैऔर उसके अनुसार विधेयक पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है।

#### कैबिनेट से निर्णय लेकर ऑर्डिनेंश जारी करे : अमर बाऊरी



नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी ने कहा कि सरकार की नियत युवाओं को नौकरी और हक देना नहीं बल्कि से कानूनी पचड़े में फंसाना है। अगर सरकार की नियत ठीक है तो आप बहुमत में हैं कैबिनेट की बैठक बुलाकर ऑर्डिनेंश जारी करके इसे लागू कर सकते हैं। यह विषय केंद्र का नहीं बल्कि पूरी तरह से राज्य का है। फिर सरकार इसे केंद्र के मत्थे धकेल कर इसे कानूनी पचड़े में क्यों फंसाना चाहती है। हमारी पूर्व की रघुवर सरकार ने जो स्थानीय और नियोजन नीति लायी उसे सदन में नहीं लाया गया, कैबिनेट से ही निर्णय लेकर इसे लागू कर दिया। उस नीति से हजारों युवाओं को नौकरी मिली जिसमें 90 प्रतिशत स्थानीय युवा शामिल थे। सरकार यह नीति एक आऊटडेटड चेक है, भाजपा सत्ता में आयी तो हम देंगे राज्य की जनता को 1932 खतियान आधारित नियोजन और स्थानीय नीति।

### सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी होंगे शामिल

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका पर बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने सहायक आचार्य की होने वाली नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को इस परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि यदि इन अभ्यर्थियों की नियुक्ति हो जाती है तो उन्हें तीन साल में प्रथम प्रयास में ही झारखंड टेट (जेटेट) परीक्षा पास करनी होगी। यदि झारखंड सरकार तीन साल में जेटेट परीक्षा आयोजित नहीं करती है तो अभ्यर्थियों पर यह शर्त लागू नहीं होगी। अभ्यर्थियों को सहायक आचार्य परीक्षा की तैयारी के लिए तीन माह का समय दिया जायेगा। कोर्ट ने कहा कि सरकार हर साल जेटेट परीक्षा आयोजित करे। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

**झारखंड में आठ वर्षों से नहीं हुई है जेटेट परीक्षा :** सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि चूंकी झारखंड में आठ वर्षों से राज्य सरकार ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## हत्यारोपी भीम खरवार को आजीवन कारावास, 20 हजार अर्थदंड

### वर्ष 2013 में दर्ज किया गया था मुकदमा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के षष्टम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमरेश कुमार की अदालत ने हत्या के आरोपी रोहतास जिला के अमझौर थाना अंतर्गत चितौली बालपर निवासी भीम खरवार को हत्या के एक मामले में सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में शहर थाना अंतर्गत रेड़मा झरना टोली निवासी लखन खरवार ने 27 जुलाई 2013 को भीम खरवार व अन्य दो लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिक शहर थाना में दर्ज करायी थी। आरोप था कि अभियुक्तों ने डालटनगंज थाना अंतर्गत ग्राम रेड़मा रांची रोड निवासी लखन खरवार के घर में पुरानी दुश्मनी के कारण घुस गए। मुकेंद्र खरवार ने सूचक का मुंह दबा दिया तथा सुभाष खरवार सूचक के मुंह पर टॉर्च जला कर रखा था। इसी दौरान भीम खरवार ने छूरे से सूचक के पेट,गला, दाहिना हाथ व चेहरे पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। पीड़ित के चिल्लाने पर लोगों को आता देख भीम खरवार व अन्य अभियुक्त वहां से भाग गए। इलाज के दौरान सूचक लखन खरवार की मृत्यु रांची स्थित रिम्स में हो गई थी। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए सजा सुनाई है। इस केस के दो नामजद अभियुक्त फरार चल रहे हैं। जिनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट निर्गत है।

### आईएनडीआईए गठबंधन में सबके अपने-अपने दावे

## किसके हिस्से आयेगी पलामू लोस सीट, टिकी नजरें

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** नई दिल्ली में मंगलवार को आईएनडीआईए गठबंधन दलों की बैठक में 31 दिसंबर तक घटक दलों के बीच लोकसभा सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है। इसके बाद अब उप्र, छग व बिहार प्रांत की सीमा से सटे एससी वर्ग के लिये आरक्षित बहुचर्चित पलामू संसदीय सीट किसके हिस्से आयेगी। राजनीतिक पुरोधाओं के साथ आम नागरिकों की भी इस पर नजरें टिकी हैं। बताते चलें कि आजादी के बाद से अब तक पलामू लोकसभा सीट पर भाजपा ने सर्वाधिक छह बार अपना परचम लहराया है। जबकि व्यक्तिगत तौर पर कांग्रेस की कमला कुमारी इस सीट से चार बार लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर लोकसभा पहुंचने में सफल रही हैं। आईएनडीआईएन गठबंधन में शामिल राजद दो बार जबकि झामुमो भी वर्ष 2009 में इस सीट पर जीत का स्वाद चख चुकी है। ऐसे में राजद व कांग्रेस जहां खुलकर पलामू सीट से अपनी दावेदारी ठोंक चुके हैं। वहीं लगातार पलामू आकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी कहीं न कहीं झामुमो की इच्छा जाहिर की है। सभी दलों के टिकट के दावेदार अब सीट बंटवारे का इंतजार कर रहे हैं।

**पाला बदल का शुरू हो सकता है खेल :** सूत्रों के अनुसार गठबंधन के सभी दलों में कई नेता दावेदारी कर रहे हैं। पूर्व सांसद मनोज कुमार वर्तमान में भाजपा से टिकट की आस में हैं। वर्तमान में राजद भी टिकट की जुगत में हैं। पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा भी टिकट तलाश रहे हैं। झाविमो से भाजपा में आये प्रभात कुमार भी टिकट के दावेदार हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### कांग्रेस पार्टी की मजबूत दावेदारी है



कांग्रेस पलामू में काफी मजबूत है। हमेशा केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पार्टी हल्लाबोल करती रही है। पलामू सीट पर पार्टी की मजबूत दावेदारी है। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश के अनुपालन में कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता गठबंधन उम्मीदवार को जिताने के लिये मैदान में उतरेगा।

**जैश रंजन पाठक (बिट्टू), जिलाध्यक्ष कांग्रेस, पलामू।**

#### राजद की भी कवायद जारी



प्रदेश नेतृत्व से पलामू सीट पर राजद उम्मीदवार उतारने की मांग की गयी है, किंतु इस संबंध में अंतिम निर्णय शीर्ष नेतृत्व को करना है। जो भी निर्णय होगा हमें मान्य होगा। जिला इकाई पूरी तरह से उच्चतम नेतृत्व का निर्देश मानेगी।

**मोहन विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष राजद, पलामू।**

## माननीय, उपराष्ट्रपति पर मिमिक्री करेंगे तो आमलोग क्या करेंगे?



सुनील बादल

**संसद** की सुरक्षा में सेंध मामले पर संसद के दोनों सदनों में विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया और प्रतिक्रियास्वरूप सांसदों के निलंबन के विरोध में विपक्षी दलों के सांसद संसद के नए भवन के 'मकर द्वार' पर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने न सिर्फ उपराष्ट्रपति का माखौल ऊड़ाया, बल्कि उनकी मिमिक्री भी की। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी टीएमसी नेता की मिमिक्री का वीडियो बनाते देखे गए। इस घटना के बाद दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी थाने में वकीलों ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। दूसरी तरफ खुद उपराष्ट्रपति ने कांग्रेस नेता के इस हरकत को गिरने का हद बताया है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान अगर ऐसा कोई भी आधार मिलता है तो सांसदों की गिरफ्तारी हो सकती है। टीएमसी सांसद की अपनी मिमिक्री उतारे जाने की घटना पर पीड़ा व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सोचिए कि मेरे दिल पर क्या गुजर रही होगी, जब एक सांसद (कल्याण बनर्जी) उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ा रहे थे और आपके एक वरिष्ठ नेता (राहुल गांधी) वीडियोग्राफी कर रहे थे। मुझ पर व्यक्तिगत हमला किया जा रहा था। यह एक किसान और एक समुदाय का अपमान मात्र नहीं है, यह राज्यसभा के सभापति के पद का निरादर है और, वह भी एक ऐसी राजनीतिक पार्टी के सदस्य द्वारा जिसने इतने लंबे समय तक शासन किया हो। उपराष्ट्रपति ने इस तरह की घटनाओं को गंभीर मसला बताते हुए कहा कि चिदम्बरम जी, आपकी पार्टी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो डाला था, जिसे बाद में हटा लिया गया, यह शर्मनाक है।आपने मुझे अपमानित करने के लिए (कांग्रेस) पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के 'एक्स' हैंडल का इस्तेमाल किया । आज कल्याण बनर्जी टीवी पर बयान देते दिखे कि मिमिक्री एक कला है, जिसे मैंने दिखाया। मुझे नहीं पता कि धनखड़ साहब ने इसे अपने ऊपर क्यों लिया। अगर वाकई ऐसा है तो क्या वह राज्यसभा के अंदर इस तरह का व्यवहार करते हैं? वह मेरे सीनियर हैं। हम दोनों एक ही प्रोफेशन में रहे हैं। हम जानते हैं कि किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। तृणमूल सांसद की ये हरकत सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। भाजपा ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। वहीं, इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने धनखड़ से फोन पर बात की और कहा कि वह खुद 20 साल से यह अपमान झेल रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस घटना पर दुख जताया और कहा कि ऐसी घटनाएं संसदीय मयार्दा बनाए रखने के लिए अच्छी नहीं है।

भारत की संसद लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है और हमारे देश के सम्मान और स्वाभिमान की प्रतीक भी है। संसद से हर भारतीय गहरा भावनात्मक लगाव रखता है भारत में कहा जाता है -महाजनो येन गतः स पन्थाः यानी सद्गुणों से संपन्न श्रेष्ठ पुरुष जिस रास्ते वे चले, उसी मार्ग पर चलना चाहिए। शिरोमणि अकाली दल की नेता और सांसद हरसिमरत कौर बादल को संसद संविधान की कब्रगाह नजर आई तो दूसरी ओर तमाम तरह के आर्थिक अपराधों के आरोपों से घिरे कांग्रेस नेता और सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि यह उत्तर कोरियाई सदन की तरह एक सांकेतिक सदन बनने वाला है । सड़कों पर मामूली विवाद से लेकर बड़ी घटना तक में जिस तरह की प्रतिक्रिया देश में कुछ लोग देते हैं और वह सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे विश्व में फैलता है वह चिंताजंक है । ऐसा ही रवैया न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थानों के प्रति भी अपनाया हुआ है। कोई फैसला ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## केरल में कोरोना के मामलों में तेजी, 292 नये मामले, 3 की मौत

**नई दिल्ली।** केरल में कोरोना के नए मामले अचानक से तेजी से बढ़ने लगे हैं। बुधवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, केरल में पिछले 24 घंटे में 292 नए सक्रिय मामले सामने आए हैं और 3 कोरोना पीड़ितों की मौत हुई। राज्य में कुल सक्रिय मामलों की संख्या 2041 है। मंत्रालय के अनुसार देश में कोरोना के 341 नए मामले सामने आए हैं। जिसमें दिल्ली और गुजरात में तीन-तीन, महाराष्ट्र में 11, तमिलनाडु में 13, तेलंगाना में 4, कर्नाटक में 9 मामले दर्ज किए गए हैं।

### राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



**नई दिल्ली।** कोरोना और इसके नए वेरिएंट जेएन-1 के बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सा संबंधी सेवाओं की तैयारियों पर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना के जेएन-1 वेरिएंट को वेरियंट ऑफ इंटरेस्ट माना है, यानी यह वायरस तेजी से फैल सकता है। इस उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि यह एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का समय है। हमें घबराने नहीं, सतर्क रहने की जरूरत है। अस्पताल की तैयारी, निगरानी बढ़ाने और लोगों के साथ प्रभावी संचार के मॉक ड्रिल के साथ तैयार रहना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हर 3 महीने में एक बार सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल होना चाहिए। इसके लिए राज्यों को केन्द्र ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### आदिम जनजाति परहिया लोगों को दिया कंबल



आदिम जनजाति को कंबल देते अधिकारी

**पाटन।** प्रखंड के अति संवेदनशील सुदूरवर्ती पहाड़ी तलहटी पर बसे आदिम जनजाति बुक्का व बूढ़ी गांव के परहिया आदिम जनजाति लोगों के बीच प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ अमित झा, सीओ दीपक मिश्रा ने 60 कम्बल का वितरण किया। कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर उनकी खुशी देखते ही बनी। अधिकारियों ने कहा कि सभी जरूरतमंदों को कंबल दिया जायेगा। मौके पर समाजसेवी शक्ति गुप्ता भी मौजूद रहे।

### शोले एवं राजहरा पंचायत पहुंची संकल्प यात्रा

**पाटन।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम बुधवार को शोले एवं राजहारा पंचायत भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने उपस्थित लोगों को यात्रा के उद्देश्यों से परिचित कराया। मुख्य अतिथि ने कहा कि केंद्र की योजनाएं घर-घर तक पहुंचना है। इस दौरान किसानों को ड्रोन से दवा छिड़काव का डेमो किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान, मण्डल मंत्री पशुपति शर्मा, शोले मुखिया देवासो देवी, पूर्व मुखिया लक्ष्मण राम, राजहारा मुखिया अजय कुमार पासवान, विपिन पासवान,नोडल अधिकारी बृजेश कुमार उपस्थित थे।

### बिरजा में स्वास्थ्य सहिया का किया गया चयन

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरजा स्कूल परिसर के मैदान में बुधवार को बिरजा में वीएचएनसी सहिया के चयन हेतु ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जोगा पंचायत मुखिया कमला देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उक्त कार्रवाई की गयी। बताते चलें कि स्वास्थ्य सहिया नहीं रहने से ग्रामीणों को काफी दिक्कत हो रही थी। इस दौरान सर्व सहमति से शैक्षणिक योग्यता के आधार पर बसंती देवी को स्वास्थ्य सहिया चयनित किया गया। मौके पर कमला देवी, पर्यवेक्षक बीटीटी अनिता देवी, जोगा पंचायत सचिव मुन्ना सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुनैना देवी, सहिया साथी दुर्गा देवी, रोजगार सेवक कुंदन ठाकुर, समाजसेवी काशीनाथ चौधरी मौजूद थे।

### संत गाडगे का मना परिनिर्वाण दिवस

**हुसैनाबाद।** जपला-धरहरा नहर मोड़ के समीप राष्ट्रसंत संत गाडगे की 67 वां परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा की अध्यक्षता में अतिथियों ने गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि संत गाडगे बाबा व्यक्ति नहीं विचार थे। इनके द्वारा किए हुए जनहित कार्योंको भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर समाज सेवी जयश्री बैठा ,श्रवण रजक,जनेश्वर बैठा,सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश बैठा,उमेश बैठा,दीपक कुमार मेहता,गुड्डू रजक,शशि रंजन,रामप्रसाद बैठा, रामसेवक विश्वकर्मा मौजूद थे।

### विद्युत स्पर्शाघात से युवक की मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के रामपुर में विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बिहार सीमा पर स्थित कुटुंबा थाना क्षेत्र के सोहरिडीह टांडी (सेवा विगहा) निवासी बिरजू पासवान के 20 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार पासवान के रूप में हुयी है। मृतक तीन भाईयों में सबसे छोटा था। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के बाद हरिहरगंज थाना के एसआई प्रकाश गुप्ता दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है।

### मामला महुडंड पंचायत में चल रहे मनरेगा योजना का

# जॉब कार्ड में फजीर्वाड़ा, समाजसेवी ने लोकपाल को भेजा पत्रक

**महुडंड पंचायत में मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे कार्यो में काफी अनियमितता बरती जा रही है : सामाजिक कार्यकर्ता**




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत महुडंड में मनरेगा योजना में हो रहे गड़बड़ी को लेकर पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन कुमार यादव ने पलामू के उपविकास आयुक्त व मनरेगा लोकपाल को आवेदन दिया है। इसमें योजना की जांच कर अविलंब कारवाई करने की मांग की गयी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि महुडंड पंचायत में मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे कार्यो में काफी अनियमितता बरती जा रही है। वैसे मजदूर जो दूसरे जगह कार्यरत हैं। उनके नाम पर भी गलत तरीके से जॉब कार्ड बनाकर पैसे की निकासी की जा रही है। पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मियों की मिलीभगत से आठवीं,नवीं व दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड में उम्र बढाकर उनका भी जॉब कार्ड निर्गत किया गया है। उनके नाम पर भी मनरेगा योजना में गलत तरीके से राशि की निकासी की जा रही है। साथ ही एसबीआई में कार्यरत होमगार्ड जवान के नाम पर भी जॉब कार्ड बनवाकर राशि की निकासी की जा रही है। इसके अलावा जो लोग बाहर रह रहे हैं। उनका भी जॉब कार्ड बनवाकर निकासी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी बीडीओ की जांच में डोभा निर्माण कार्य में अनियमितता पकड़ते हुये 7 लाख रुपये की रिकवरी का निर्देश दिया गया था। इसमें अभी तक राशि की वसूली नही की गयी है। इस संबंध में पंचायत की मुखिया मीना देवी ने बताया कि इस तरह का आरोप बेबुनियाद है। कुछ लोग राजनीति से प्रेरित होकर छवि को धूमिल करने के लिए इस तरह का आरोप लगा रहे हैं।

### उपायुक्त ने की जिलास्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक

# पंचायत भवनों में ही प्रज्ञा केंद्र का हो संचालन : शशि रंजन




बैठक करते डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जिलास्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक हुई। इसमें उपायुक्त ने मोबाइल टावर लगाने हेतु आये आवेदनों की जानकारी ली। बताया गया कि टावर लगाने के लिए इंदस टावर लिमिटेड,सुमित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड व एटीसी की ओर से 66 आवेदन आये हैं,लेकिन सभी आवेदनों में सभी आवश्यक कागजात संग्लन नहीं है। इस कारण सभी आवेदनों को पेंडिंग में रखा गया है। इसी तरह उपायुक्त ने निष्क्रिय 350 सीएससी आईडी को रद्द करने एवं डीपीओ यूआईडी को आधार कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएससी मैनेजर को पंचायत भवनों में ही प्रज्ञा केंद्र संचालन करवाने के निर्देश दिये। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को जन्म, मृत्यु एवं मैरिज रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट बनवाने का निर्देश दिया गया। डीडी फ्रीडिश डिस्ट्रीब्यूशन, झारनेट, झारसेवा सहित अन्य बिंदुओं को लेकर कई निर्देश दिये गये। इस दौरान उपायुक्त ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की भी समीक्षा की। बैठक में सहायक समाहर्ता रवि कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, एनडीसी चंद्रशेखर कुणाल उपस्थित थे।

### कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले

# बभंडी ने मोकहर कला को 2-1 से पराजित किया



खिलाड़ियों के साथ अतिथि

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को मोकहर कला का सामना बभंडी से हुआ। इस मैच में दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। बभंडी ने खेल के शुरूआती क्षणों में ही गोल कर 1-0 का बढ़त बना लिया,लेकिन मोकहर कला ने अंतिम क्षणों में गोलकर मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। उसके बाद दोनों टीमों को पांच मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया। जिसमें बभंडी ने लवकुश कुमार के बेहतरीन किक पर किए गए गोल की बदौलत इस मैच को 2-1 से अपने नाम कर लिया। लीग मैच की अपेक्षा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दर्शकों की संख्या में वृद्धि हुई है। गुरुवार को टूनामेंट के सबसे बेहतरीन टीमों में से एक मानी जाने वाली अमही और मंझौली की टीम पहली बार इस प्रतियोगिता में आमने-सामने होंगी।

### पुलिस ने फरार वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़रिया गांव निवासी बिन्देश्वर राम पिता रामविलास राम के घर पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बुधवार को इश्तेहार चिपकाया। इस संबंध में पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी हरिहरगंज थाना कांड संख्या 105/2021 का फरार अभियुक्त है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को ढूंढने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिला। जिसके बाद न्यायालय से निर्गत इश्तेहार को अभियुक्त के घर पर चिपकाते हुए सरेंडर करने का निर्देश दिया गया है।

# सड़क पर बह रहा नाली का पानी, आने-जाने में परेशानी



सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत अंतर्गत मिश्रा कॉलोनी का रास्ता पूरी तरह से नाली में तब्दील हो चुका है। सड़क पर ही नाली का पानी बहने से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शशि मेहता, राजेश रंजन मिश्रा, पप्पू कुमार, बिट्टू कुमार, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, ओम प्रकाश मिश्रा, जयराम साव, संजय मिश्रा आदि ने बताया कि यह रास्ता बाजार से मिश्रा कॉलोनी होते हुए टंडवा की ओर जाता है। 24 घंटे रास्ते पर आवागमन बना रहता है। ऐसे में पानी भरे होने से नागरिकों का चलना दूभर हो गया है। जन समस्या को देखते हुये युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने मौके पर पहुंचकर इस समस्या से नगर पंचायत को अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि यदि तत्काल समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो आंदोलन किया जायेगा।

### मजदूरी करने आई अधेड़ महिला की मौत

**हरिहरगंज।** शहर में मजदूरी करने आई 50 वर्षीय पनपतिया देवी की बुधवार को अचानक मौत हो गयी। वह निकटवर्ती बिहार के अंबा थाना अंतर्गत संडा गांव की रहनेवाली थी। उक्त महिला गांव की अन्य महिलाओं के साथ हरिहरगंज में मजदूरी करने आई थी। इस दौरान सीने में दर्द उठने पर वह एक साथी महिला के साथ दवा खरीदने शहर के आरसी लाल चौक के समीप स्थित मेडिकल में आयी। बताया जाता है कि दुकान पर पहुंचते ही वह अचेत हो गयी। लोगों की सहायता से उसे चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह देखते ही साथ गईं महिला श्रमिकों में हड़कंप मच गया। सभी उसके शव को घर ले गये। मृतका का अंतिम संस्कार बटाने नदी के तट पर किया गया।

### निर्माण के बाद से ही नहीं नियुक्त हो सके स्वास्थ्य कर्मी

# लाखों की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र बना भूत बंगला



भवन का निरीक्षण करतीं मुखिया

नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड का एक ऐसा स्वास्थ्य केंद्र जिसमें निर्माण के डेढ़ दशक बाद भी आज तक स्वास्थ्य कर्मी की नियुक्ति नहीं हो सकी। अब तो भवन भी पूर्णतया जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। जी हां! हम बात कर रहे हैं उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत जोगा पंचायत के ग्राम बिरजा के उपस्वास्थ्य केन्द्र का। जोगा पंचायत की मुखिया कमला देवी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बुधवार को उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनके ही कार्यकाल में वर्ष 2010 भवन का निर्माण किया गया था, लेकिन आज तक केंद्र पर एक भी एएनएम प्रतिनियुक्त नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि पंचायत अंतर्गत छह गांव आते हैं, लेकिन एएनएम नहीं रहने से गर्भवती मरीजों को लेकर दूर जाना पड़ता है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। भवन की जीर्णशीर्ण स्थिति देख मुखिया ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि देखरेख के अभाव में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के दरवाजा, खिड़की, शौचालय पूरी तरह जर्जर हो गये हैं। उन्होंने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये केंद्र पर अविलंब एएनएम प्रतिनियुक्त करने की मांग की है।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

अति अल्पकालीन कोटेशन (दर उद्धरण) आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–5542(S) दिनांक 11.12.2023 द्वारा कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण हेतु मासिक किराये पर बोलेरो नियो (Bolero Neo) या समकक्ष, 01 अदद् वाहन की आपूर्ति हेतु दिनांक 30.12.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक कोटेशन (दर उद्धरण) मुहरबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त की जाएगी, जो दिनांक 30.12.2023 को ही अपराह्न 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता/उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोली जाएगी।

दर उद्धरणकर्त्ता द्वारा उद्धृत दर वाहन चालक एवं समस्त करों सहित होगा।
दर उद्धरण की अन्य शर्तें प्रमण्डल कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.313879 Lohardaga(23-24):D

### आवास कोआर्डिनेटर ने कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष पर लगाया मारपीट का आरोप

**उंटारी रोड।** प्रखंड के आवास कॉर्डिनेटर विमलेश कुमार ने कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुये थाने में शिकायत दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि वे अबुआ आवास सत्यापन के लिए विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर रहे थे। इसी क्रम में बुधवार को मूरमा कला पंचायत के सेमरी गांव में प्रखंड अध्यक्ष ने मारपीट की। इस संबंध में ऊंटारी थाने के एसआई रमेश चंद्र महतो ने बताया की प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ आवास कोआर्डिनेटर व प्रखंड कर्मी ने आवेदन दिया है। पुलिस जांच कर रही है। दूसरी तरफ प्रखंड अध्यक्ष ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

### जेएमएम ने गरीब व असहायों के बीच किया कंबल वितरण

**हुसैनाबाद।** बढ़ती ठंड को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने नगर पंचायत हुसैनाबाद के सौ से अधिक गरीब व असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। होटल रुद्रा परिसर में एक समारोह का आयोजन कर कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने कहा कि जेएमएम सरकार में गरीबों असहायों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही है। इसका लाभ उन्हें पंचायत स्तर पर आपकी सरकार कार्यक्रम में देने का काम किया जा रहा है। जेएमएम के केंद्रीय सदस्य डॉ. एजाज आलम ने कहा कि हेमंत सरकार गरीबों असहायों को योजनाओं का लाभ उनके घर तक जाकर दे रही है। जेएमएम नेता सह जिला 15 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य नेहाल असगर ने कहा कि सरकार अल्पसंख्यकों के कल्याण की कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि अलाव की व्यवस्था के लिए भी वह नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से मिलेंगे। इस मौके पर जेएमएम के मुन्ना कुमार देव, मो. सद्दाम भी मौजूद रहे।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
समाहरणालय भवन ब्लाक सी० कमरा सं०-9
ईमेल- jepcpalamau@rediffmail.com

झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना

राज्य परियोजनानिदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक QU/40/207/2022/1354 दिनांक 19.04.2023 एवं पत्रांक QU/40/207/2022/3060 दिनांक 03.08.2023 के निदेशानुसार जिला में संचालित 01 (एक) झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, प्रखण्ड पीपरा, पलामू में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अर्हताधारी महिला अभ्यर्थियों से निहित शर्तों के अधीन शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 08.01.2024के अपराह्न 05:00 बजे तक सिर्फ निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा कार्यालय, ब्लॉक–सी0, कमरा संख्या–09, पिन 822101 पलामू में आमंत्रित किए जाते हैं। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे। जिला में संचालित झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, प्रखण्ड पीपरा, पलामू में निम्नवत् पदों पर संविदा पर चयन किया जाना है :–

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| | कक्षा 06 से कक्षा 08 | | | | | | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) भाषा (हिन्दी/अंग्रेजी) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – गणित | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) –सामाजिक विज्ञान | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | कक्षा 09 से कक्षा 12 | | | | | | | |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) भाषा (हिन्दी) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) भाषा (अंग्रेजी | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – (फिजिक्स+गणित) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान (केमेस्ट्री+बायलोजी) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 9 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – सामाजिका विज्ञान | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 10 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – अर्थशास्त्र | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | कुल | 10 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 |

प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्ते, अर्हता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा अवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निर्देश जिले के अधिकारिक बेवसाईट "www.palamu.nic.in" पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

PR 313870 District (23-24)_D

झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय, लातेहार
सुनहरा अवसर सुनहरा अवार
सुनहरा अवसर सुनहरा अवार

रिक्ति की सूचना

एक दिवसीय रोजगार मेला / Placement Drive – 2023 दिनांक: 22/12/2023

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांक : 22.12.2023 दिन शुक्रवार को पूर्वाहन् 10:30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक जिला खेल स्टेडियम परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला 2023 का आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | IIFL SAMASTA FINANCE LIMITED | CUSTOMER RELATIONSHIP OFFICER | 100 | 12TH | NA | FRESHER | 18-30 | 13000 |
| 02 | MILLENNIUM SKILL BY G4S | SECURITY GUARD | 500 | 10TH | - | - | 18-40 | 14000-21000 |
| 03 | PRANABNAMAN MINERLAS PVT LTD | SAOES EXECITIVE | 04 | GRADUATE | MBA IN MARKETING | 2-4 YEARS | 23-30 | 15000-25000 |
| | | ACCOUNTANT | 02 | GRADUATE | - | 3-5 YEARS | 23-30 | 15000-23000 |
| 04 | INDIGO SECURITY FORCE | SECURITY GUARD | 10 | 10TH | - | - | 21-40 | 8000-10000 |
| | | SUPERVISOR | 02 | 12TH | - | - | 21-35 | 10000-15000 |
| | | COOK | 01 | 10TH | - | - | 21-35 | 8000-10000 |
| | | LADIES GUARD | 02 | 10TH | - | - | 21-35 | 8000-10000 |
| | | HOTEL RECEPTIONIST | 02 | 12TH | - | - | 21-35 | 8000-10000 |
| 05 | EDIQUE SOLUTIONS PVT.LTD | ICT INSTRUCTORS | 11 | MCA/BCA/B.SC. IT/ B.E/ B.TECH/ M.TECHI | NA | - | 20-40 | 10000 CTC PER |
| 06 | TRACKS & TOWERS INFRATECH (P) LTD | AUTOCAD ENGINEER | 01 | AUTOCAR ENGINEER | NA | - | 30-35 | 25000 |
| | | P-WAY ENGINEER | 02 | B.TECH (CIVIL) | NA | - | 30-35 | 22000 |
| 07 | LIC OF INDIA | AGENT | 10 | 10TH | NA | - | 18-25 | AS PERFORMONCE |
| 08 | SGRS ACADEMIC PVT.LTD | ASSISTANT ELECTRICIAN TRAINER | 04 | 12TH/ITI/B.E/B.TECH/ | NA | 3/4/5/2 | 21 Above | 15100-18000 |
| | | SET/SMO TRAINER | 16 | 10TH/ITI/GRADUATE | NA | 2/6/2/2/4 | 21 Above | 15100-18000 |
| | | IT TRAINER CUM MIS | 01 | B.SC/IT/B.C.A | NA | 1 | 21 Above | 15000-18000 |
| | | FITTER FABRICATION TRANER | 02 | ITI | NA | 2 | 21 Above | 16000-19000 |
| 09 | | | | | | | | |
| 10 | AIM HIGH HR SOLUTION | PRODUCTION ASSEMBLY LINE | 100 | 10TH | | FRESHER | 18-30 | 12000-16000 |
| | | OPERATOR ASSEMBLY LINE | 120 | 10TH | NA | FRESHER FEMALE | 18-26 | 12000-15500 |
| 11 | AWANISH KUMAR PANDEY | PLUMBER | 50 | 10TH | 12TH | NA | 18-35 | 12000-16000 |
| | | ELECTRICIAN | 50 | 10TH | 12TH | NA | 18-35 | 12000-16000 |
| | | GWS | 50 | 10TH | 12TH | NA | 18-35 | 12000-16000 |
| 12 | INDIAN INSTITUTE OF SKILL | TRANEE | 100 | 10TH | - | NA | 18-20 | MINIMUM 50% |
| 13 | VISION INDIA | PRODUCTION ASSOCIATE | 200 | ITI DIPLOMA | | FRESHER | 18-25 | 21000 |
| | | PRODUCTION ASSOCIATE | 200 | 10TH | | FRESHER | 18-25 | 13350 |
| | | PRODUCTION ASSOCIATE | 150 | ITI DIPLOMA | | FRESHER | 18-25 | 21000 |
| | | | 150 | 12TH B.SC | | FRESHER | 18-30 | 1.50 lakh perannum |
| | | | 250 | ITI | | FRESHER | 18-28 | 1.50 lakh perannum |
| | | | 100 | 10TH, 12TH, ITI | | FRESHER | 18-27 | 10672 |
| | | | 100 | 10TH, 12TH | | FRESHER | 18-21 | 13467 |
| | | | 30 | ITI DIPLOMA | | FRESHER | 18-24 | 12470 |
| 14 | PREJHA FOUNDATION | MASON TILES | 50 | 5TH | 10TH | NA | 18-30 | 17000 |
| | | MOBILIE ASSEMBLY | 100 | 10TH | 12TH | NA | 18-27 | 15000 |
| | | AUTOMATIVE MACHINE OPERATO | 50 | 10TH | 12TH | NA | 18-27 | 14000 |
| | | SMO | 50 | 7TH | 10TH | NA | 18-27 | 10000 |
| 15 | VPR BGR PLR Consrtium Magadh OCP CCL | Helper | 05 | loth | 10th | - | 18-30 | 7000+Food+ Accomodation |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा (2 कॉपी), नियोजनालय का निबंधन कार्ड व स्थानीय निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र का छाया प्रति के साथ उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है। इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा। उक्त मेले में कोविड–19 के नियमों (SOP) का दृढ़ता पुर्वक अनुपालन किया जाएगा।

नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in /जिला नियोजनालय, लातेहार के सूचना पठ पर देखी जा सकती है।

आपके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाओं के साथ

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 313874 Labour Employment and Traning (23-24)_D

## गागर में सागर

### पीवीटीजी परिवारों को समय पर मिले राशनःडीसी



**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को आपूर्ति विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम लाभुकों के बीच धोती-साड़ी-लुंगी वितरण की जानकारी ली। इसमें पाया गया कि पाटन व नावाबाजार में शतप्रतिशत धोती,साड़ी,लुंगी का वितरण नहीं किया गया है। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने हर हाल में आपकी योजना-आपकी सरकारी-आपके द्वार के शिविर में वितरण करने का निर्देश दिया। इसके अलावे समय से राशन का डीएसडी नहीं करने को लेकर डीसी ने डीएसओ को छतरपुर के सहायक गोदाम प्रबंधक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने एमओ के चार्ज में काम कर रहे जनसेवकों की क्रिया कलापों की समीक्षा के निर्देश दिये। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु व सभी एमओ से जिले में पूरे सप्लाई चेन को दुरूस्त करने की दिशा में कार्य करने की बात कही। कहा कि पीवीटीजी परिवारों को समय से राशन मिलना सुनिश्चित करें, इसमें शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उपायुक्त ने कहा कि जिले में शत- प्रतिशत राशन कार्ड का आधार सीडिंग करायें। इसमें पांकी व मनातू पर विशेष ध्यान दिया जाये। मौके पर उपरोक्त के अलावे सभी एजीएम व एमओ सहित एफसीआई के अकाउंटेंट पंकज तिवारी व आपुर्ति विभाग के अंजय पांडेय उपस्थित थे।

### छत से गिरकर बच्ची घायल

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर निवासी कुंदन पासवान की 4 वर्षीय पुत्री लाडो कुमारी छत से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में घायल बच्ची के पिता कुंदन पासवान ने बताया कि मंगलवार की शाम लाडो छत पर खेल रही थी। इसी बीच अचानक वह छत से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों द्वारा लाडो को इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुये उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### बेतला किसान प्रोड्यूसर ने किसानों को दिया बीज

**मेदिनीनगर।** बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा उद्यान विकास योजना के तहत 50 किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया। बीज का वितरण कंपनी के सचिव ब्रजेश कुमार पांडेय उर्फ मुन्ना पांडेय ने किया। उन्होंने बताया कि चैनपुर प्रखण्ड क्षेत्र के महुगावां, तेनला,कोशियारा,बोकेया, मझिगवां के किसानों को निः शुल्क बीज दिया गया। सचिव ने कहा कि बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड किसानों के विकास को लेकर निरंतर सक्रियता के साथ लगी हुई है। कृषि विभाग द्वारा आवंटित गेहूं, मसूर व सरसों का बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की उन्नति का जो सपना देखा है उसे पूरा करने की दिशा में कंपनी पुरी सक्रियता के साथ काम कर रही है। इस मौके पर रविन्द्र चौरसिया,करेश चौरसिया,बिन्दा देवी,प्रभा देवी,बरती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### अलर्ट पर आपीएफ ने युवक-युवती को शक्तिपुंज एक्सप्रेस से उतारा

**मेदिनीनगर।** आरपीएफ ने हेल्प लाईन नंबर पर प्राप्त सूचना के आधार पर जबलपुर से हावड़ा जा रही शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन से सफर कर रहे युवक-युवती को गढ़वा रोड जंक्शन पर उतार लिया। आरपीएफ के प्रभारी इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि मप्र निवासी व्यक्ति ने रेलवे हेल्पलाईन नंबर-139 पर फोन कर इस संबंध में मदद मांगी थी। जिसके आधार पर स्लीपर कोच में यात्रा कर रहे काजल और प्रसनजीत को सामान के साथ गढ़वा रोड स्टेशन पर उतारा गया। दोनों ने बताया कि वे कोलकाता के काली मंदिर में शादी करने वाले थे। काजल के पिता चंद्रभान कछवाहा ने 18 दिसंबर को उसके गुम होने की सनहा दर्ज कराई थी। काजल के परिवार ने आरपीएफ को उसकी फोटो भी भेज दी थी। जिससे पहचान करने में आसानी हुई। युवती की उम्र 23 और युवक की उम्र 32 साल बताई जा रही है। युवती को बुधवार तड़के गढ़वा रोड स्टेशन पहुंचे परिजनों के हवाले कर दिया गया। युवक को भी घर जाने की इजाजत दे दी गयी।

### मासिक बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दिये निर्देश

# 25 दिसंबर तक बीएलए की नियुक्ति कर लें प्रखंड अध्यक्ष



बैठक को संबोधित करते कांग्रेस जिला अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस जिला कार्यालय में बुधवार को जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्षों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने सभी प्रखंड अध्यक्षों को निर्देशित किया कि 25 दिसंबर तक सभी अपने-अपने प्रखंडों में बूथ लेवल एजेंटों की हर हाल में नियुक्ति कर लें। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 28 दिसंबर को कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर जिले के समर्पित व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को वर्तमान में चल रहे प्रदेश सरकार के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभाग करते हुये जनसमस्याओं के निराकरण के प्रति मुखर रहने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया। मौके पर ओमप्रकाश अमन, नसीम खान, जितेंद्र कमलापुरी, सिद्धनाथ गुप्ता, चिंतामणि तिवारी, इंदु भगत, मुन्ना खान,संजू देवी, संगीता देवी, विश्वनाथ साहू, रोशन पासवान मौजूद रहे।

### पलामू कप डीसीसी फाइनल में

**मेदिनीनगर।** झामुमो युवा मोर्चा द्वारा आयोजित पलामू कप क्रिकेट टूर्नामेंट-2023 के फाइनल में जगह बनाने वाली डाली क्रिकेट क्लब पहली टीम बनी। टूनार्मेंट के संयोजक अध्यक्ष सन्नी शुक्ला व सचिव आशुतोष विनायक ने बताया कि पहले सेमीफाइनल मुकाबले में डीसीसी ने खान एकादश 3 रन से हराकर टुनार्मेंट से बाहर कर दिया। अंतिम गेंद तक दर्शक रोमांच से भरे रहे। गोला को मैन आफ द मैच चयनित किया गया। सॉल ट्रेकर्स और बीडी फिटनेस के बीच सेमीफाइनल का दूसरा मुकाबला गुरूवार को होगा। फाइनल मुकाबला 23 दिसंबर को खेला जायेगा। इस दौरान केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना सिन्हा, युवा इंटक जिलाध्यक्ष शशांक सुमन, सैकत चटर्जी, पूर्व क्रिकेटर आशीष अदंभ की गरिमामय उपस्थिति रही। इस दौरान भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### दर्शन-पूजन के लिये उमड़े श्रद्धालु, लगे जयकारे

# नामधारी गुरुद्वारे में आया श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का पूजित अक्षत


ग्रंथी को आमंत्रित करते विहिप के पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी सनातन धर्मावलंबियों को सहभागी बनाने के लिए विहिप द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से प्राप्त पूजित अक्षत व कलश को मेदिनीनगर के विभिन्न धर्म स्थलों में श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन के लिये बारी-बारी से रखा जा रहा है। बुधवार को पूजित अक्षत व कलश श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ नावाटोली स्थित नामधारी गुरुद्वारा रखा गया। विहिप के पदाधिकारियों ने बताया कि अक्षत -कलश शुक्रवार पूर्वाह्न 11.00 बजे तक इसी गुरुद्वारे में रहेगा। तत्पश्चात इसे किसी दूसरे धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए रखा जाएगा। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला संरक्षक सोनू सिंह नामधारी, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, प्रचार-प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, जिला बलोपासना प्रमुख विकास कुमार कश्यप, विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष दीपक प्रसाद, नगर मंत्री दीपक सिंह, नगर बजरंग दल सह संयोजक दिलीप गिरी, रमाशंकर प्रसाद, रवि तिवारी, राजा, मनीष, महेश उर्फ लालटू जी,राकेश सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

### नये वर्ष में गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं के लिए बढ़ेंगी सुविधायें

# शिशुओं के लिए एमएमसीएच में 60 केंद्र तैयार

**अस्पताल परिसर से छोटे-छोटे बाउंड्री वॉल हटावायें : डीसी**

**गर्भवती के सिजेरियन को 50 बेड भी रेडी, ऑपरेशन थियेटर सुविधायुक्त**

**एमएमसीएच में 24 घंटे चलेगा टोकन सिस्टम**


अस्पताल का निरीक्षण करते डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नव वर्ष में पलामू वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में जिला प्रशासन तेजी से काम कर रहा है। खासकर गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को नये साल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। इस दिशा में उपायुक्त द्वारा किये गये प्रयासों के फलस्वरूप एमएमसीएच में 60 नवजात शिशु देखभाल केंद्र बनकर तैयार हो गये हैं। इसका निरीक्षण बुधवार को उपायुक्त शशि रंजन ने किया। बताया गया कि इसके पूर्व एमएमसीएच में नवजात शिशु देखभाल केंद्र के सिर्फ 12 बेड ही थे। जिसे बढ़ाकर 60 किया जा रहा है। बुधवार को एमएमसीएच में पहुंचे उपायुक्त श्री रंजन ने स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम व सिविल सर्जन को नये साल से 60 नवजात शिशु देखभाल केंद्र व गर्भवती महिलाओं के सिजेरियन के लिए 50 बेड क्रियाशील करने के निर्देश दिये। इस दौरान सिविल सर्जन ने उपायुक्त को बताया कि सिजेरियन व सामान्य प्रसव के लिए 50 नये बेड बनकर तैयार हैं। ऑपरेशन थिएटर में भी सभी आवश्यक सुविधाएं बहाल कर दी गयी है। इस दौरान उपायुक्त ने अस्पताल परिसर में मौजूद छोटे-छोटे बाउंडरी वॉल हटाने के निर्देश दिये, ताकि अस्पताल पहुंचने वाले आगंतुकों को कोई परेशानी नहीं हो। इसके अलावे एमएमसीएच में पूरे सप्ताह 24 घंटे टोकन सिस्टम लागू करने का भी निर्देश उपायुक्त ने दिया। उन्होंने कहा कि मरीज के साथ अस्पताल में अटेंडेंट के रूप में कोई एक ही सदस्य रहे यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। मौके पर सीएस डा. अनिल कुमार सिंह व डीपीएम हेल्थ दीपक आदि उपस्थित थे। जिस संबंध में नागरिकों ने हर्ष जताया है। उनका मानना है कि शिद्दत से इसका इंतजार किया जा रहा था। उपायुक्त की पहल पर यह अब जाकर साकार हुआ है। इससे पलामू सहित निकवर्ती जिले के नागरिकों को भी राहत मिलेगी।

### संविदा समाप्त होने के बाद सेवा विस्तार का था इंतजार

# एमएमसीएच के दो सह प्राध्यापकों ने दिया इस्तीफा


मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज के दो सह प्राध्यापकों ने इस्तीफा दे दिया है। यह दोनों सह प्राध्यापक कॉन्ट्रैक्ट पर बहाल थे। इनकी कॉन्ट्रैक्ट अवधि इसी वर्ष19 नवंबर को समाप्त हो गई थी। दोनों अपने कॉन्ट्रैक्ट के विस्तार की उम्मीद लगाये बैठे थे, लेकिन अचानक 15 दिसंबर को इन दोनों ने अपना इस्तीफा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को दे दिया है। इस्तीफा देने वाली डॉक्टर कुमारी सीमा पैथोलॉजी विभाग व डा. प्रशांत कुमार शिशु रोग विभाग में कार्यरत थे। इस्तीफे की पुष्टि प्राचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने की है। उन्होंने बताया कि दोनों सह प्राध्यापकों ने अपना लिखित इस्तीफा दिया है। प्राचार्य ने बताया कि वह सरकार से और फैकल्टी की मांग करेंगे। बताते चलें कि कालेज में वैसे ही प्राध्यापकों की घोर कमी है। दो प्राध्यापकों के इस्तीफा दे देने से संकट और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

### आयुक्त ने की मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा

# लंबित प्रपत्रों का जल्द करायें निष्पादन : कमिश्नर


बैठक करते आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक दशरथ चंद्र दास ने अपने कार्यालय में पदाधिकारियों संग बैठक कर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के तहत चल रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पलामू प्रमंडल अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राप्त दावा-आपत्ति संबंधी प्रपत्रों की प्राप्ति एवं निष्पादन के संबंध में विशेष जानकारी लेकर लंबित प्रपत्रों को यथाशीघ्र निष्पादित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को कार्यो की नियमित समीक्षा करते हुए कार्यो को ससमय निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, पलामू की प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू, गढ़वा के उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार एवं लातेहार के प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी मो. परवेज आदि उपस्थित थे।

### निमार्णाधीन मंदिर परिसर में शौच करने के विरोध में कजरु में उबले लोग

**विश्रामपुर।** पलामू जिले के पांडू प्रखंड के कजरु कला स्थित रामनवमी मैदान परिसर में निमार्णाधीन महावीर मंदिर परिसर में शौच करने से आक्रोशित ग्रामीणों पांडू-छतरपुर स्टेट हाइवे को करीब दो घंटे तक जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल रामनवमी पूजा महासमिति के लोग दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष समुदाय के लोगों ने साजिश के तहत मंदिर परिसर में शौच किया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पांडू व विश्रामपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शांत कराया। साथ ही जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## संवाद

### भाजपा महिला मोर्चा की बैठक में बोलीं राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही मोदी सरकार

**मोदी सरकार गरीब,किसान, महिला एवं युवाओं के जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है : राष्ट्रीय मंत्री**


कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं महिला मोर्चा की पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह ने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए उनसे संपर्क व संवाद कर उनकी समस्या का समाधान करना ही महिला मोर्चा का लक्ष्य है। इससे संगठन का विस्तार होगा और महिलाएं सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त भी होंगी। श्रीमती सिंह भाजपा के जिला कार्यालय में पार्टी की महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक में महिला कार्यकताओं को सम्बोधित कर रहीं थीं। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा की जिलाध्यक्ष सीटू गुप्ता ने की। राष्ट्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। जिसमें महिलाओं का योगदान भी महत्वपूर्ण है। केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, पोषाहार योजना, अन्न योजना व बीमा योजना सहित अन्य कई योजनाओं से जोड़कर लाभ पहुंचा रही है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से भी सशक्त एवं आत्मनिर्भर किया जा रहा है। मोदी सरकार गरीब,किसान, महिला एवं युवाओं के जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति अंत्योदय तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे,यह सुनिश्चित करना हर एक भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य है। बैठक में किरण अग्रवाल, सुमन देवी, उषा मखड़िया, रेखा देवी, चिंतामणि देवी,प्रतिमा गुप्ता, उषा अग्रवाल, इंदु गुप्ता,मंजू अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, प्रिया सिंह व रीमा देवी सहित सैकड़ो महिलाएं मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन आनंदी व धन्यवाद ज्ञापन सुनीता देवी ने किया।



## गागर में सागर

### प्रवास कार्यक्रम के लिए भवनाथपुर पहुंची दो भाजपा नेत्री, मोर्चा ने किया स्वागत

**भवनाथपुर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। कार्यक्रम को लेकर भवनाथपुर पहुंची दिल्ली महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सदस्य डॉ. कायनात काजी, प्रदेश उपाध्यक्ष रूप सिंह व जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर राष्ट्रीय सदस्य डॉ. कायनात काजी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आयोजन देश के विभिन्न राज्यों में किया जायेगा, अब तक पांच राज्य में प्रवास कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। मौके पर मंडल अध्यक्ष अंजू जी मंडल अध्यक्ष संगीता गुप्ता, रीना बारी, प्रियंका देवी, मंजु गुप्ता, सरिता विश्वकर्मा, प्रमिला गुप्ता, सुषमा देवी, अंजिता गुप्ता के अलावे अन्य महिलाएं भी उपस्थित थी।

### डीडीसी ने कर्मियों के साथ की बैठक

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कर्मियों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अबुआ आवास से संबंधित सत्यापन जल्द से जल्द तथा ससमय पूरा करने का निर्देश कर्मियों को दिया। बैठक में बीडीओ विकास, डीआरडीए सहायक मिथिलेश कुमार, रानी द्विवेदी, स्नेहा सिंह, बीपीओ राजदीप कुमार, कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार, रणधीर कुमार, पंचायत सेवक ज्ञान चंद केशरी, बिरेंद्र सिंह, नंद कुमार मेहता, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह, आलोक राज, ज्ञान रंजन चतुर्वेदी, रामचंद्र पांडेय, कम्प्यूटर ऑपरेटर आराधना, रोहित कुमार, अनुज कुमार आदि उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर स्वेटर का वितरण

**केतार।** प्रखंड की मुकुंदपुर पंचायत अंतर्गत ताली गांव के चांदनी चौक स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर मंगलवार को मुखिया मुंगा साह ने 30 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। ये स्वेटर बाल विकास परियोजना की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र को उपलब्ध कराई गयी हैं। मौके पर सेविका सोनी देवी, सहायिका कलावती देवी मौजूद थे।

### पदाधिकारी ने किया कंबल का वितरण

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत शीतलहरी एवं ठंड के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार द्वारा असहाय एवं गरीबों के बीच नगर पंचायत परिसर में कंबल का वितरण किया। इसमें नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 1 और 2 के गरीब असहाय महिला और पुरुष शामिल थे। कंबल वितरण के दौरान स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, नजीर अमित कुमार पाठक एवं नगर पंचायत के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### अभिभावकों को दिया गया परीक्षा फल

**मेराल।** एसडी मेमोरियल एकेडमी में बुधवार को परीक्षा फल वितरण सह अभिभावक, शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बुधवार को एस ए टू परीक्षा का रिजल्ट अभिभावकों को उपलब्ध कराया गया तथा विद्यार्थियों की पढ़ाई को लेकर चर्चा की गई। मौके पर शिक्षक अमरेंद्र मिश्र, श्याम देव पांडे, देव कीर्ति टोप्पो, अनिमा कुजूर, उपासना रजक, नसरीन खातून निशा, मृत्युंजय पांडे, जयप्रकाश पांडे अंशु आदि उपस्थित थे।

### 235 आवेदनों का मौके पर समाधान

**डंडई।** प्रखंड की पंचौर पंचायत में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीडीओ राहुल कुमार सानू, सीओ चुनाराम हेम्ब्रम, सीआई राजेंद्र यादव, चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, प्रधान लिपिक अभयानंद सिन्हा, जेई मुकेश दुबे, मुखिया सरिता कुमारी सिंह आदि ने किया। कुल 1859 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 235 का पदाधिकारियों ने ऑन द स्पॉट समाधान किया। मौके पर कृष्णकांत सिंह, उपेंद्र पासवान, उदय सिंह, गोरख पासवान आदि उपस्थित थे।

### डीडीसी ने की जांच, कहा-रिश्वत मांगने के आरोपी नाजीर पर होगी कार्रवाई

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय के नाजीर विजय राम द्वारा रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल होने के बाद गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर बुधवार को मामले की जांच करने प्रखंड कार्यालय पहुंचे उपविकास आयुक्त राजेश रॉय ने पत्रकारो को बताया कि एक सरकारी कर्मी द्वारा योजना में पैसा की मांग किया जाना एक जघन्य अपराध है। मामले की जांच की जा रही है। नाजीर द्वारा योजना के लाभुक से पैसा मांगने की पुष्टि होने के बाद प्रखंड उसके विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

### विहिप ने किया भंडारे का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले भंडारा का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक राजेश प्रताप देव एवं अधिवक्ता राजेश कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से किया। भंडारा कार्यक्रम दोपहर 1:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक अनवरत चलता रहा। मौके पर विहिप के प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडे, नीलू चौबे, सुशील मिश्रा, विवेक सिंह, विकास कुमार, पिंटू कुमार, शुभम जायसवाल, राहुल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग, सिद्धार्थ व अजमल को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार

# आदित्य बिड़ला ने बीएसकेडी व जेपीएस ने डीएवी मॉडल को दी मात

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे हैं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन जूनियर वर्ग में आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला ने बीएसकेडी पब्लिक स्कूल को 84 रन से जेपीएस स्कूल ने डीएवी मॉडल को 54 रन से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में टॉस जीतकर आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 8 विकेट होकर 160 रनों का स्कोर खड़ा किया, जिसमें सिद्धार्थ के 39 व नमन का 45 रन शामिल रहे। बीएसकेडी की ओर से विशाल और प्रतीक ने तीन-तीन विकेट प्राप्त किये।



जवाबी पारी खेलने उतरी बीएसकेडी की टीम 76 रनों पर ही सिमट गई। टीम की ओर से अनूप ने सर्वाधिक 17 और राहुल ने 13 रन बनाए। आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला की ओर से सिद्धार्थ ने पांच, नमन और अरबाज ने दो-दो विकेट प्राप्त किये। वहीं दूसरे मैच में जेपीएस स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अजमल के 44, रेहान के 43 रन की मदद से निर्धारित ओवर में छह विकेट खोकर 173 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी डीएवी मॉडल की टीम आर्यन के 26 व दीपक के 25 रन के सहारे 118 रन ही बना पाई। जेपीएस की और से कुंदन ने तीन विकेट लिये।

मैन ऑफ द मैच मैच का पुरस्कार आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला के सिद्धार्थ को और जेपीएस स्कूल के अजमल को जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष सुशील केशरी, नवनीत शुक्ला, सचिव आनंद सिन्हा, धर्मेंद्र सिंह, चंदन कश्यप ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मौके पर आशुतोष रंजन, प्रवीण मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, प्रिंस खान, विशाल कुमार, आलोक, आदित्य, धीरज दुबे, अभिषेक कुमार, मनीष पाठक, अनिल मेहता, पंकज सोनी, प्रफुल, रंजीत तिवारी, विनय पांडे आदि मौजूद थे।

## जिलास्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

**भवनाथपुर।** द्वितीय गढ़वा जिला स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता 2023-24 का शुभारंभ बुधवार को रामासाहू खेल मैदान में हुआ।सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत और झारखंड साइकलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक ने हरी झंडी दिखाकर खेल की शुरुआत की। प्रतियोगिता में 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें 20 बालिका व 50 बालक शामिल हैं। बालिका जूनियर, सब जूनियर, बालक में सीनियर, जूनियर, सब जूनियर व यूथ कैटेगरी में प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर जिला वालीबाल संघ सचिव ओम प्रकाश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि खेलकूद सह गढ़वा साइकिलिंग संघ कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, शारीरिक शिक्षक सुशील तिवारी, संतोष, किशोर कुणाल, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह, मनीष तिवारी, प्रियंका, विवेक सिन्हा उपस्थित थे।



# बीडीओ की अगुवाई में टीम ने दर्ज किए पंसस के बयान

### बरडीहा प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव मामले की जांच पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

बरडीहा प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी के खिलाफ विभिन्न पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को शिकायत पत्र भेजा गया था, जिसको गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल कार्यालय इसकी जांच बीडीओ विजय राम के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम द्वारा आधा दर्जन पंचायत समिति के सदस्यों से बारी-बारी से मंतव्य जानकर कराई। इसके बाद सभी का बयान सूचीबद्ध किया गया। जांच टीम में अंचल निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रखंड सहायक नरेंद्र बैठा, पंचायत सचिव राजकुमार राम, एवं प्रखंड नाजिर सुरेश चरगट मुख्य रूप से शामिल थे।




इधर बरडीहा प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी के खिलाफ प्रखंड के ओबरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, सुखनदी पंचायत के पूर्वी पंचायत समिति सदस्य मिंता देवी, सुखनदी पंचायत के पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य प्रेम देवी, आदर पंचायत के पूर्वी पंचायत समिति सदस्य तरवा देवी, आदर पंचायत के पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद यूसुफ अंसारी, एवं बरडीहा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सकेंदर पासवान मुख्य रूप से शामिल हैं। इधर सभी बीडीसी सदस्यों ने गुलबंद होकर प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी के खिलाफ कहा कि प्रमुख द्वारा पंचायतों में बगैर सूचना दिए चल रहे योजनाओं में बराबर दखल देते रहते हैं। उनकी मनमानी चरम सीमा पर है। फोन तक रिसीव नहीं करते हैं। इस तरह के कई अन्य आरोप लगाया गया है। कहा कि हम लोग स्वेच्छा से आपसी सामंजस्य बैठा कर प्रखंड प्रमुख के क्रिया शैली से नाराज होकर हम लोग पूरी शक्ति लगा दिए हैं। इधर बरडीहा बीडीओ विजय राम ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में एक प्रखंड स्तरीय जांच टीम गठित की गई। 6 पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्यों का बयान सूचीबद्ध किया गया है। पदाधिकारियों को जांच रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## प्रखंड कार्यालय में वार्ड सदस्यों को मिला प्रशिक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को चार ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, प्रशिक्षक दीपक तिवारी, दुर्गेश कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। पंचायत चुनाव 2022 के पश्चात सभी निर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है। तीसरे पेज में गरबांध, भोजपुर, कधवन व कोलझिकी पंचायत के वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। मास्टर ट्रेनर दीपक तिवारी व दुर्गेश कुमार के द्वारा बताया गया कि वार्ड सदस्य की उपस्थिति में ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण अनिवार्य किया गया है। मौके पर वार्ड सदस्य बुधनी देवी, खुशबू देवी, ममता देवी, परीखा उरांव, पारसनाथ यादव, लालमुनी राम, पार्वती देवी, प्रतिमा देवी, रविंद्र साह, आरती देवी, सुनीता देवी, भारती देवी, मनोज सिंह, गिरिजा देवी, सुनैना कुमारी, नागवंती देवी, शकुंतला देवी, मुंशी भुइंया, फुलवंती देवी, यशोदा देवी सहित सभी वार्ड सदस्य गण उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने उठाई अंडर पास मार्ग बनाने की मांग

**कहा- रमना में फोर लेन बाईपास का निर्माण होने से खुद रमना पंचायत वासी दो भागों में बंट गए**

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

रमना में बन रहे फोर लेन बाईपास में पांच मार्ग पर अंडर पास मार्ग बनाने की मांग ग्रामीणों ने फोर लेन कम्पनी, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से की है। ग्रामीणों का कहना है कि रमना में फोर लेन बाईपास का निर्माण होने से खुद रमना पंचायत वासी दो भागों में बंट गए हैं।

बाईपास के दोनों तरफ कई सरकारी संस्थान व गैर सरकारी संस्थान - रेलवे स्टेशन, थाना, अस्पताल, एसबीआई, वनांचल ग्रामीण बैंक, डाक घर, प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, सीएसपी, प्रखंड सह अंचल कार्यालय, पंचायत भवन, बाजार आदि शिक्षण संस्थान अवस्थित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण हो रहे बाईपास में पूर्व से ही पांच मार्ग हैं जिनसे हजारों लोग प्रतिदिन आते जाते हैं। इस मार्ग का उपयोग रमना प्रखंड वासी के अलावा अन्य कई प्रखंड के लोग भी करते हैं। यदि सभी मार्गों पर अंडर पास मार्ग नहीं बनाया गया तो प्रत्येक दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी। या फिर अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेजेंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि दुर्घटना से बचने के लिए जनहित में रमना बाई पास में पांचों मार्ग पर अंडर पास मार्ग निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इसके लिए वे स्थानीय जनप्रतिनिधि, फोर लेन कंपनी व अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी मांग रख चुके हैं। मौके पर उमेश प्रसाद, सुदर्शन बीयार, संजय प्रजापति, अमित प्रजापति, रामलाल बियार, राजू बियार, सुनील प्रजापति, प्रभु साह, प्रबोधन साह, नंदू साह, अमरेन्द्र यादव, संतोष यादव, ललित पासवान, उमेश गुप्ता, अशोक साह, रामप्रवेश गुप्ता, भोला राम, लक्ष्मण राम, सरजू राम, संजय ठाकुर, सर्विस गुप्ता, राजेन्द्र यादव, बबलू आदि मौजूद थे।

# 'एआईएमआईएम ही कर सकता है झारखंड प्रदेश का विकास'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

एआईएमआईएम पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सहगढ़वा -रंका विधानसभा प्रभारी डॉ एम एन खान ने बुधवार को मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने मेराल प्रखंड के हासनदाग, लोवादाग, राजहरा, मेराल, बाना, गेरुआ सहित विभिन्न गांवों में लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जाना। साथ ही लोगों की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। इस दौरान कई लोगों ने एआईएमआईएम पार्टी में आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर डॉ एम एन खान ने कहा कि उन्हें लगातार लोगों का समर्थन मिल रहा है। लगातार लोग एआईएमआईएम से जुड़ रहे हैं। इस बार पूरी तरह से बदलाव की बयार बह रही है। अब यहां की जनता किसी की छलावे में आने वाली नहीं है। जनता पूरी तरह समझ चुकी है कि उनकी नैया किस पार्टी द्वारा पार होगी।



उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम ही झारखंड प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर सकता है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी, पिछड़ी जाति के जिस सोच के साथ झारखंड राज्य में सरकार का गठन किया है। उसका लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अबकी बार झारखंड में एआईएमआईएम का सरकार बनेगी। तभी इस राज्य का विकास होगा। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष इस्तखार अहमद, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारूक अंसारी, मेराल युवा के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अली उर्फ लाला भाई, सद्दाम अंसारी, रंजीत जायसवाल, बहुल मुस्तफा उर्फ बंबई भाई, मुजाहिद अंसारी, शमशेर अंसारी आदि मौजूद थे।

## केतार : योगदान के बाद से लिपिक गायब बीडीओ ने मांगी जवाब

**केतार।** प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने प्रखंड कार्यालय केतार के लिपिक शिवकुमार यादव को नोटिस भेजा है। बीडीओ नंदजी राम ने पत्र प्रेषित कर कहा है कि लिपिक शिवकुमार यादव ने 13 अक्टूबर 2023 को प्रखंड कार्यालय में योगदान दिया था। इसके बाद से बिना सूचना के वह प्रखंड कार्यालय से लगातार गायब हैं, जो अनुशासनहीनता, कर्तव्यहीनता का घोतक है।

बीडीओ ने लिपिक से 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है। उचित जवाब नहीं देने पर 'नो वर्क, नो पेमेंट' के तहत वेतन कटौती करते हुए उच्च अधिकारी को प्रतिवेदित करनी की बीडीओ ने चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि आये दिन प्रखंड और अंचल कार्यालय के कर्मी बिना सूचना के गायब रहते हैं। कार्यालय आते भी हैं तो हाजिरी लगाकर प्रखंड कार्यालय से गायब हो जाते हैं।

# सड़क जागरूकता अभियान चला, 25 वाहन किए जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर एमविआई रामबली यादव तथा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से वाहन चेकिंग अभियान चलाया। मंगलवार की शाम थाना के समीप एमविआई रामबली यादव ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर लगभग 25 वाहन जब्त किए। इस दौरान लगभग दो लाख के राजस्व की वसूली की गई। जिस चालक के पास ड्राइवरी लाइसेंस नहीं था उसका ऑनलाइन चालान किया गया। चालान के बाद वाहन को छोड़ दिया जा रहा था। ऑनलाइन चालान की राशि को 15 दिनों के अंदर भुगतान करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एमवीआई रामबली यादव ने बताया कि राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर काफी सजग है। इसी कड़ी में जिले के कई स्थानों पर जागरूकता लाने के उद्देश्य से वाहनों जांच की जा रही है ताकि लोग सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए छोटे बड़े वाहनों का संचालन करना सुचित करें। साथ ही उन्होंने बताया कि राजस्व वसूली करना उद्देश्य नहीं है। इसके लिए लोगों में जागरूकता लाना जिला प्रशासन का उद्देश्य है ताकि भविष्य में लोग वाहन का संबंधित कागजात तथा हेलमेट पहनकर वाहन का परिवहन करें। खरौंधी में जांच के क्रम में जितने भी वाहन पकड़े गए हैं। उनमें सबसे अधिक हेलमेट एवं ड्राइवरी लाइसेंस नहीं था। हेलमेट, लाइसेंस सहित वाहन से संबंधित कागजात लेकर चलने का निर्देश दिया गया है। जांच के क्रम में सअनि सुरेंद्र दुबे के साथ पुलिस बल तथा एमविआई कर्मी उपस्थित थे।



## धर्म-कर्म

### कार्यक्रम में गढ़वा के अलावा मेराल, बाना, लगमा, बघौता के लोग हुए शामिल

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ पर देर रात तक झूमते रहे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

लातदाग शिवनंदन पेट्रोल पंप परिसर में मंगलवार की रात्रि गढ़वा के मानस मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। इस दौरान कड़ाके के ठंड में भी लोग झूमते एवं थिरकते नजर आए। मानस मंडली के मुख्य गायक अरुण दुबे सह गायक आत्मा पांडे, बृजेश पांडे, अमरेंद्र कुमार मिश्र, मंडली के संयोजक के द्वारिका नाथ पांडे, अशोक पटवा के नेतृत्व में मानस मंडली के लोगों द्वारा सभी प्रकार का विघ्न, बाधा, दरिद्रता तथा नकारात्मक शक्तियों को दूर कर सकारात्मक शक्ति का प्रवाह करने, सुख, शांति समृद्धि एवं सभी प्रकार के मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला सुंदरकांड का सस्वर संगीतमय पाठ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। यह कार्यक्रम अयोध्या दुबे के सुपुत्र अजय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना दुबे के ने अपने पेट्रोल पंप स्थित आवास पर कराया।



कार्यक्रम की शुरुआत मुन्ना दुबे, अनुराग द्विवेदी शिवांगी कुमारी एवं उनके परिवार के लोगों द्वारा राम दरबार एवं हनुमंतला के पूजा अर्चना के साथ किया किया गया। कार्यक्रम में गढ़वा के अलावे मेराल, बाना, लगमा, बघौता से बड़ी संख्या में मानस प्रेमी शामिल हुए थे। मंडली के मुख्य गायक अरुण कुमार दुबे संरक्षक द्वारकानाथ पांडे ने कहा कि सनातन की रक्षा तथा जन कल्याण के लिए विगत वर्षों से अनवरत मानस मंडली निशुल्क तथा पूर्ण समर्पण के साथ प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ करती रही है। लोगों ने कहा कि हम लोगों का संकल्प है कि यह कार्यक्रम भविष्य में भी अनवरत चलता रहे जिससे लोग लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम में शेखर सिन्हा, दिलीप श्रीवास्तव, रघुपत सिंह, अशोक पटवा राजनाथ दुबे, आनंद मिश्र, चंद्रशेखर दुबे, बृजमोहन प्रसाद सुबोध सोनी, राजीव पांडे, मार्कंडेय तिवारी, अरविंद पांडे, यशवंत पांडे, संजय सोनी, मुरारी पांडे, सचिदानंद पाठक, अंतर दुबे, अजय सिंह, विजय ठाकुर, विनय व्यास, दिवाकांत पाठक, विश्वनाथ राम, आचार्य कैलाशपति मिश्र, बलराम शर्मा, संजय भगत, मृत्युंजय दुबे, नवनीत मिश्र, रोशन दुबे, कृष्णा दुबे, भारत भूषण दुबे, प्रहलाद कुशवाहा, गुंजन कुशवाहा, हरे कृष्णा मेहता, मृत्युंजय पांडे, राजू दुबे, बसंत शाह, पंचम रजक, टिंडी दुबे, राजेश पासवान, हरिनाथ यादव, प्रदीप ठाकुर, विजय चौधरी, हरिचरण ठाकुर आदि मौजूद थे।

## जर्जर घर में परिवार संग रहने को विवश कुलदीप

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड की मुकुंदपुर पंचायत के सिंहपुर गांव निवासी कुलदीप चंद्रवंशी सपरिवार अपने जर्जर मिट्टी का खपरैल घर में रहने को विवश हैं। आर्थिक तंगी और असहाय होने के कारण वह खपरैल घर की मरम्मत भी नहीं करा पा रहा है। कुलदीप चंद्रवंशी ने बताया कि मई-जून के महीने में जंगली बंदर गांव में घुसकर खपरैल घर को क्षतिग्रस्त कर दिया था। आर्थिक तंगी के कारण वह खपरैल की मरम्मत नहीं करा पाया। इसके कारण बरसात के दिनों में बारिश होने पर पूरे परिवार को दूसरे के घरों में शरण लेना पड़ता है। कुलदीप ने बताया कि उसने किसी तरह अपनी तीन बेटियों की शादी की है, जिससे काफी कर्ज हो गया है। इस कारण वह घर की मरम्मत या पक्का घर का निर्माण नहीं कर पा रहा है। दूसरे के खेतों में मजदूरी कर घर परिवार चला रहा है। इस संबंध में मुखिया मुंगा साह ने कहा कि कुलदीप की ओर से अबुआ आवास योजना के तहत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आवेदन दिया गया है। इसका सत्यापन कराकर अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाया जायेगा।



## गागर में सागर

### 235 असहायों के बीच कंबल का वितरण

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी के द्वारा बुधवार को शिविर लगाकर लगभग 235 असहायों के बीच सरकार द्वारा उपलब्ध कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा, पंसस अनिरुद्ध कुजूर, बल्कु मुंडा, उप मुखिया पति मणिलाल यादव, झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, अर्चना देवी, मनीता देवी मौजूद थे।

### बच्चों के बीच स्वेटर का किया वितरण

**चंदवा।** प्रखंड के कामता व माल्हन पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। कामता में पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर प्रसाद, वार्ड सदस्य सावन परहैया, सेविका मीना देवी ने संयुक्त रूप से स्वेटर का वितरण किया। वहीं माल्हन पंचायत में मुखिया जतरु कुमार मुंडा, मरमर सेविका रन्थि देवी, देवनदिया सेविका प्रिया देवी, जपुआटांड़ सेविका शोभा देवी, वार्ड सदस्य पति मनोज मुंडा, सहिया फूलकुमारी देवी ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया।

### अबुआ आवास सूची का किया सत्यापन

**गिद्धौर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो के नेतृत्व में बुधवार को गिद्धौर प्रखंड के पहरा पंचायत के विभिन्न गांव के अबुआ आवास की सूची का सत्यापन किया गया। इस दौरान आवास की स्थित, लाभुक के पूर्व घर की स्थिति का जिओ टैग किया गया। आवास कोडिनेटर ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास का आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसका सत्यापन गांव-गांव घूम कर टीम द्वारा किया जा रहा है। सत्यापन टीम में आवास कोडिनेटर फरहत नाजनी, पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय, चितरंजन शर्मा, सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनीय अभियंता सचिनदत शर्मा, शेखर कुमार, स्वमसेवक सादाप आलम, बिकु आदि शामिल थे।

### 50 हेक्टेयर में लगेंगे 50 हजार पौधे

**गिद्धौर।** क्षेत्र के गांगपुर वन क्षेत्र में वर्ष 2023-24 में दक्षिणी वन प्रमंडल द्वारा 50 हेक्टेयर में पौधारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पौधारोपण को लेकर विभाग द्वारा ट्रेंच के साथ पीट की खुदाई शुरू कर दी गई है। वनरक्षी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि 50 हैकटेयर वन भूमि पर विभाग द्वारा 50,000 पौधे लगाए जायेंगे। जिसमें फलदार व औषधि पौधे शामिल होंगे। मजदूरों ने बताया के एक दिन में एक व्यक्ति लगभग तीन सौ से चार सौ रुपये का काम कर लेता हैं। गांगपुर गांव के वनभूमि में ट्रेच की खुदाई पूरी कर ली गई है।

### पीएमजेजेबीवाई क्लेम राशि का वितरण

**चतरा।** जिले के प्रततपपुर प्रखंड अंतर्गत घोड़दौड़ पंचायत सचिवालय में बुधवार को शिविर लगाकर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा पांडेयपुरा द्वारा पीएमजेजेबीवाई क्लेम राशि का वितरण किया गया। शिविर में पाण्डेयपुरा शाखा प्रबंधक आकाश कुमार सोनी, सहायक शाखा प्रबंधक मंटू कुमार, कार्यालय सहायक मनु कुमार आदि के उपस्थिति में महेंद्र यादव के नॉमिनी संगीत देवी को पीएमजेजेबीवाई क्लेम की दो लाख राशि का चेक दिया गया। साथ ही शाखा प्रबंधक ने कार्यक्रम में आये लोगों को बैंक की बीमा योजना से अवगत कराते हुए बताया कि मात्र 20 रुपये में 2 लाख का दुर्घटना बीमा, 436 रुपये में 2 लाख का बीमा, मात्र 500 रुपये में 10 लाख का दुर्घटना बीमा और 1000 रुपये में 20 लाख के दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिया जाता है। साथ ही लोगों के शिकायत और सुविधाओं को लेकर बात चीत की। शिविर में मुखिया ललिता देवी, मुखिया पति मिस्त्री भरती, पंचायत सचिव जयंदन सिंह, संजय दांगी, बीसी संचालक राजेश कुमार, राम खेलावन, उमेश भरती आदि शामिल थे।

### युवती के लापता मामले में पांच आरोपी

**टंडवा।** थाना क्षेत्र के कामता गांव से 20 वर्षीय युवती पिछले छह दिनों से लापता है। इस संबंध में युवती के पिता के ब्यान पर कांड संख्या 289/23 में मुकदमा दर्ज करते हुए सिमरिया थाना के बैलगडा निवासी मो. कैफ समेत चार अन्य को आरोपी बनाया गया है। आरोपियों पर पिछले 14 दिसम्बर को युवती के अपहरण करने का आरोप है। इधर पुलीस सूत्रों की माने तो युवती ने कोर्ट मैरेज कर लिया है। हांलांकि पुलिस लड़की बरामद नहीं कर पाई है।

### शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**टंडवा।** प्रखंड स्थित एनटीपीसी की नार्थ कर्णपुरा परियोजना में बुधवार को पूर्वी क्षेत्र के परियोजनाओं के बीच शतरंज प्रतियोगिता शुरू की गई। एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा आईआरएसएम ईआर-शतरंज टूनामेंट की मेजबानी कर रहा है। इसमें क्षेत्र की पांच प्रमुख टीमों में एनटीपीसी उत्तरी कर्णपुरा, बोंगाईगांव, दर्लिपल्ली, तालचेर थर्मल असम व तालचेर कनिहा उड़ीसा की टीमों ने भाग लिया है। मौके पर वीएस दुबे, महाप्रबंधक (परियोजनाएं), रवीन्द्र शर्मा, महाप्रबंधक (एफएम), राजीव वर्मा, एजीएम (आईटी), एके अग्रवाल, एजीएम (टीएडी), धीरज गुप्ता (डीजीएम एचआर) और अभिषेक आनंद (वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन) आदि उपस्थित थे।

### प्रधान सचिव प्रवीण टोप्पो पहुंचे चतरा

**चतरा।** कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राज्य भाषा विभाग झारखण्ड रांची के प्रधान सचिव प्रवीण टोप्पो बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे। उपायुक्त अबु इमरान ने उनका स्वागत किया। प्रधान सचिव अधिकारियों संग सदर प्रखंड के दारीयातु पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का जायजा लेने पहुंचे। जहां पारंपरिक रूप से उनका स्वागत किया गया।

### जिपस व मुखिया ने कहा-मनमानी कर रहा था संवेदक

# गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण पर लगाई रोक

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इटखोरी जिहू मोड मुख्य सड़क निर्माण कार्य पथ प्रमंडल चतरा के अधीन कराई जा रही है। जिसमें मां अष्टभुजा कंशट्रक्शन कंपनी के संवेदक द्वारा गुणवत्ता से खिलवाड़ कर सड़क निर्माण किया जा रहा था, जिसे देखते हुए बुधवार को जिला परिषद सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी व मुखिया सह दिशा सदस्य मंजित सिंह ने कार्य पर रोक लगा दी। संवेदक द्वारा महेशा में गुणवत्ता से खिलवाड़ कर सड़क निर्माण किया जा रहा है। संवेदक की मनमानी के कारण एक तरफ से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है, तो दूसरी ओर से पूछ उखड़ते जा रहा है। पिच उखड़ने के कारण सड़क में छर्री बिखरा पड़ा है, जिससे दो पहिया वाहन से आवागमन करने वाले राहगीरों व ग्रामीणों को



दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। मुखिया व जिप सदस्य ने कहा कि संवेदक को गुणवत्तायुक्त प्राक्कलन के अनुरूप सड़क निर्माण करने का आग्रह दर्जनों मर्तबा किया गया पर कोई प्रभाव नहीं पडा। संवेदक मनमानी कर गुणवत्ता से खिलवाड़ कर सड़क निर्माण करने में लगा था। अब जबतक पथ प्रमंडल विभाग के कार्यपालक अभियंता सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच व सुधार नहीं करेंगे तबतक सड़क निर्माण कार्य नहीं करने दिया जाएगा।

## ट्रक को रोककर रंगदारी मांगने का आरोप, केस दर्ज

**बालूमाथ।** थाना अंतर्गत संचालित राजहरा क्षेत्र के तेतरिया माइंस में ट्रक प्रवेश करने को लेकर आये दिन नोक-झोंक का मामला सुर्खियों में रहा है। ताजा मामला यह है कि बालूमाथ राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने बुधवार को बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कोमर ग्राम निवासी विनय सिंह एवं बली यादव ग्राम पिण्डरकोम थाना बालूमाथ पर माइंस में जा रहे कोयला लोड के लिए ट्रक को बेरियर के पास जबरन रोक कर ड्राइवर सत्यनारायण यादव को गाली ग्लोज देते हुए फॉर्मेट इंट्री के नाम पर दो हजार रुपये रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने कहा कि ट्रक हमारे जीविकोपार्जन के लिए एकमात्र साधन है और इस तरह से उपरोक्त लोगों द्वारा ट्रकों को रंगदारी के लिए माइंस में प्रवेश करने से बेरियर के पास रोका जाना गलत है। थाना प्रभारी से उपरोक्त लोगों पर कार्रवाई कर गाड़ी को माइंस में निर्विरोध प्रवेश करने का आग्रह किया।

# मकरा गांव में एक सप्ताह से सोलर जलमीनार खराब, ग्रामीण परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**



प्रखंड की शिबला पंचायत के ग्राम मकरा में घर-घर जल नल योजना के तहत लगाए गए सोलर जलमीनार के पिछले एक सप्ताह से खराब हो जाने के कारण ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीण अनिल सिंह, जितेंद्र राम, मुन्ना सिंह, द्वारिका ठाकुर, श्रीकांत सिंह, दीपू ठाकुर, संजीत ठाकुर, बिरन देवी, चंदन कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मकरा में जल-नल योजना के अंतर्गत पीएचडी विभाग द्वारा घर-घर पेयजल की व्यवस्था करने के उदेश्य से जलमीनार लगाया गया था, परंतु एक सप्ताह पूर्व ही वह खराब हो गया है। इससे ग्रामीणों को पीने के पानी साथ-साथ अन्य दैनिक कार्य के लिए काफी परेशानी हो रही है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकरा का सोलर जलमीनार कई माह पूर्व से खराब पड़ा हुआ है, जिसके कारण विद्यालय के बच्चे भी इसी जलमीनार से पानी पीते थे और रसोइया भी यहीं से पानी लेकर विद्यालय में भोजन बनाते थे। जलमीनार खरब होने से बच्चों व रसोइया को की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने उपायुक्त व पीएचडी विभाग से अविलंब सोलर जलमीनार को दुरुस्त करवाकर पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

# शिविर में 5 किसानों को मिला बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड क्षेत्र की डाढा पंचायत में बुधवार को मुखिया सुरेश उरांव की अध्यक्षता में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, मुखिया सुरेश उरांव, पंचायत समिति सदस्य जया देवी, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ नंद कुमार राम एवं राजसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 15 लोगों के बीच कंबल, 8 लोगों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया। 3 छात्राओं को सावित्री बाई फुले समृधि योजना का सांकेतिक स्वीकृति प्रमाणपत्र दिया गया। 10 जेएसएलपीएस की महिलाओं को आइडी कार्ड दिया गया। 5 कृषकों को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का सांकेतिक स्वीकृति प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। साथ ही आन द स्पॉट 2 जमीन के रसीद काटे गए। 2 मृत्यु प्रमाणपत्र, 1 जन्म प्रमाणपत्र व 10 जाब कार्ड बनाए गए। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, सभी राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव, पंकज पांडेय, शशि पूनम कुजूर, मो शमीम, श्रवन उरांव, डॉ सुशिला बागे, डॉ नौशाद आलम, सुनील कुमार रवि आदि मौजूद थे।



### छह लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण

**लातेहार।** सदर प्रखंड के सांसग पंचायत स्थित पंचायत भवन में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ डालसा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव स्वाति उपाध्याय, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी प्रखंड बीससूत्री उपाध्यक्ष अशोक पांडे पंचायत समिति नशबुलेन आलम, मुखिया आंती देवी, उप मुखिया असगर हजाम आदि ने किया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए। कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में 6 लोगों को जॉब कार्ड, 3 लाभुकों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, 4 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल यूनिफॉर्म, 4 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल के लिए स्वीकृति पत्र, 10 लोगों को कंबल वितरण लाभ दिया गया। बिरसा सिंचाई सर्वधान कूप निर्माण हेतु पांच व्यक्तियों का चयन किया गया। पांच व्यक्तियों के बीच पौधों का वितरण किया गया। पांच लोगों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर केतन गुप्ता, मुखिया रवि उरांव, रघुनंदन राम पंचायत समिति सीता देवी मौजूद थे।

### हरातू में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

**बरवाडीह।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को प्रखंड के हरातु पंचायत सचिवालय में किया गया। इसका उद्घाटन जिप सदस्य संतोषी शेखर, कन्हाई सिंह, बीडीओ राकेश सहाय, कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, मुखिया साबित्री देवी, पंचायत समिति सदस्य तेतरी देवी, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार समेत अन्य अतिथियों ने किया। शिविर में सावित्री बाई फुले योजना के लाभुकों के बीच प्रमाणपत्र, धोती-साड़ी, कंबल आदि का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, डॉक्टर प्रमोद कुमार, पंचायत सेवक विजय राम, अनिल कुमार सिंह, हरीश सिंह, अंचल निरीक्षक सुरेश राम, राम नाथ वर्मा, विजय कुमार पप्पू, अरुण कुमार, बनवारी सिंह आदि उपस्थित थे।

# 'लोस व रास के विपक्षी सदस्यों पर निलंबन की कार्रवाई मोदी सरकार की हिटलरशाही'

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

लोकसभा व राज्यसभा के सदस्यों पर निलंबन की कार्रवाई लोकतंत्र की हत्या है। इतने बड़े पैमाने पर सदस्यों को निलंबित करना मोदी सरकार की हिटलरशाही को दर्शाता है। उक्त बातें कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही हैं।

उन्होंने कहा कि सांसदों को संसद की सुरक्षा के सवाल पर अपनी बात रखने पर उन्हें निलंबित कर दिया गया, जबकि संसद में सेंधमारी कर घुसने वालों को पास मुहैया कराने वाले मैसूर के भाजपा सांसद खुलेआम घूम रहे हैं। संसद में कैसे



घुसपैठ हुई इसपर विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से संसद भवन के अंदर जवाब देने और घटना पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सांसदों का वाजिब मांग है कि गृह मंत्री और प्रधानमंत्री को संसद में बोलना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि संसद की सुरक्षा में कैसे चूक हुई, इसके लिए कौन जिम्मेवार है? संसद में घुसपैठ हुई, सुरक्षा तार-तार हो गई, यह सदस्यों की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। इतने गंभीर मामले पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री संसद में जवाब न देकर बाहर बोल रहे हैं। जब संसद चल रही हो तो ऐसे में सदन में उपस्थित न होकर बाहर घूम रहे हैं। खुद लोकतंत्र का मखौल उड़ा रहे हैं। केंद्र की मोदी सरकार जान रही है कि 2024 में उनकी विदाई तय है। इसलिए सांसदों को निलंबित कर अपनी सरकार की सुरक्षा की चूक और संसद में सेंधमारी करने वालों को पास जारी करने वाले मैसूर के सांसद को बचाना चाह रहे हैं।

# कई आवेदकों के नाम अबुआ आवास की साइट पर नहीं

**संतोष कुमार निराला। गिद्धौर**

प्रखंड के पांच पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न हो चुकी है। इस दौरान करीब 19 सौ अबुआ आवास के आवेदन जमा किए गए हैं। यहां तक की सभी आवेदकों का आवेदन ऑनलाइन किया गया, जिसका मैसेज आवेदकों के मोबाइल नंबर पर भी आ चुका है। फिलहाल आवेदकों का ऑन द स्पॉट कमेटी के द्वारा सत्यापन किया जा रहा है। जहां कई आवेदकों का नाम अबुआ की साइट पर नहीं है। वैसे में सत्यापन कार्य करने में टीम के सदस्यों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उदाहरण स्वरूप पेक्सा के सुरेश वर्मा, संगीता देवी, रोहित दांगी, बलिया मासोमायत, गंगाधर राणा, शत्रुघ्न दांगी, प्रकाश दांगी सहित कई लाभुकों द्वारा आवेदन जमा किया गया था और उनके मोबाइल पर मैसेज भी आया है। परंतु ऑनलाइन वेरीफिकेशन नहीं हो पा रहा है। क्योंकि इनका नाम अबुआ आवास के साइट पर नहीं दिख रहा है। इस प्रकार की समस्या पूरे प्रखंड में देखने को मिल रही है। ऐसे में कई जरूरतमंद आवेदक आवास से वंचित रह सकते हैं। इस बाबत बीडीओ हरिनाथ महतो ने बताया कि प्रखंड कर्मियों द्वारा आवेदकों का आवेदन ऑनलाइन कर दिया गया है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण है, उनका मोबाइल में मैसेज आना। परंतु सॉफ्टवेयर में आई खराबी के कारण उनका नाम साइट पर नहीं दिख रहा है। वैसे में वेरिफिकेशन कर पाना मुश्किल है और यह समस्या पूरे झारखंड में देखने को मिल रही है।

## दो फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**महुआडांड़।** पुलिस ने प्रखंड की परहातोली पंचायत की बबीता देवी पति वासुदेव नगेसिया एवं अक्सी पंचायत के तंबोली नवा टोली निवासी हीरामणि देवी पति राम सूरत सिंह निवासी के घर पर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार चिपकाया। मौके में पुअनि मो. जफर आलम, अक्सी पंचायत के मुखिया रोज लिया खलखो एवं पुलिस के जवान शामिल थे। इश्तेहार चिपकने के एक महीने के अंदर बबीता देवी एवं हीरामणि देवी न्यायलय के समक्ष आत्म समर्पण नहीं करती है तो उसके घर कुर्की जब्ती की जायेगी।


प्रपत्र VI 'क' समाहरणालय, गढ़वा
(जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 1242/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 16.12.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–कोटाम, थाना नं0–381, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना गढ़वा से चिनियाँ पथ चौडीकरण योजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–कोटाम, थाना नं0–381, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.8380 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 02 | 312 | बकास्त | – | 0.0400 | रेयाजुदीन अंसारी पिता–सरीफ अंसारी वो सुलेमान मियां वगै0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 2 | 15 | 315 | रैयती | – | 0.0275 | एनुल अंसारी पिता–अब्दुल मियां | उ0– द0– पू0– प0– |
| 3 | 15 | 315 | रैयती | – | 0.0515 | हसन अंसारी पिता–स्व0 सहदूल मियां वो रोज मोहम्मद अंसारी वगै0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 4 | 02 | 317 | बकास्त | – | 0.1020 | मो0 अली अंसारी पिता–स्व0 बुधु मियां | उ0– द0– पू0– प0– |
| 5 | 02 | 317 | बकास्त | – | 0.0900 | मुनी साव वगै0 पिता–रामचंद्र साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 6 | 02 | 317 | बकास्त | – | 0.1200 | नारद साव वगै0 पिता–रामचंद्र साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 7 | 02 | 317 | बकास्त | – | 0.1300 | विनय साव वगै0 पिता–अयोध्या साव व रविन्द्र दूबे वगै0 पिता–शिवनारायण दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 8 | 29 | 318 | गै0मा0 | – | 0.0030 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 9 | 29 | 322 | गै0मा0 | – | 0.0730 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 10 | 29 | 322 | गै0मा0 | – | 0.0100 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 11 | 29 | 322 | गै0मा0 | – | 0.0150 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 12 | 29 | 322 | गै0मा0 | – | 0.0690 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 13 | 02 | 297 | बकास्त | – | 0.0170 | विनय साव वगैरह पिता–अयोध्या साव व अब्बास मियां वगै0 पिता–रसुल मिया | उ0– द0– पू0– प0– |
| 14 | 02 | 288 | बकास्त | – | 0.004 | मुनारीक भुईयां वगै0 पिता–रामदास भुईयां व विनय साव वगैरह पिता–स्व0 अयोध्या साह | उ0– द0– पू0– प0– |
| 15 | 29 | 313 | गै0मा0 | – | 0.0150 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 16 | 29 | 289 | गै0मा0 | – | 0.0041 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 17 | 29 | 289 | गै0मा0 | – | 0.0160 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 18 | 29 | 289 | गै0मा0 | – | 0.0109 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 19 | 29 | 286 | गै0मा0 | – | 0.0110 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 20 | 29 | 286 | गै0मा0 | – | 0.0123 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 21 | 29 | 286 | गै0मा0 | – | 0.0167 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| | | | | कुल :– | 0.8380 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। उपायुक्त, गढ़वा।

PR 313908 Land Reforms(23-24)D


## पहल | भद्रकाली मंदिर न्यास समिति की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# 500 लोगों के ठहराव के लिए बनेगी धर्मशाला

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**

इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को मंदिर न्यास समिति की दूसरी बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता न्यास के अध्यक्ष यतींद्र कुमार चौहान ने किया। बैठक के दौरान अति शीघ्र मंदिर परिसर में 500 लोगों के ठहराव के लिए भव्य धर्मशाला निर्माण, संस्कृत विद्यालय की स्थापना कराने, उत्तर वाहिनी नदी में सीढ़ी निर्माण कराने पर सहमति बनीं। वहीं बगीचा में बाउंड्री निर्माण करने पर विशेष रूप से चर्चा की गई। साथ ही बैठक में मंदिर विकास कार्य में गति देने के लिए अलग-अलग पांच उप समितियों का गठन



किया गया। सभी उप समिति में दो न्यास समिति सदस्य समेत स्थानिय लोगों की उप समिति का गठन किया गया। इसमें मंदिरों और भवनों, पथों एवं यज्ञशाला आदि के क्रियान्वन हेतु मंदिर रखरखाव उप समिति, पूजा कर्मकांड से संबंधित उप समितियां बनाई गई। इसमें दो न्यास समिति समेत कुल नौ लोगों की उप समिति का गठन किया गया। बैठक में मंदिर सौंदर्यीकरण से संबंधित कुल सात लोगों की उप समिति बनाई गई। इसके अलावा भूमि प्रबंधन उप समिति का भी गठन किया गया। जिसमें मंदिर परिसर में भूमि अधिग्रहण, भूमि मुआवजा, दुकानों का किराया व आवंटन और पार्किंग आदि के लिए कुल 16 लोगों की उप समितियां बनाई गई। बैठक के अंत में मंदिर से संबंधित सूचनाओं को समाचार पत्रों में प्रकाशित एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारण के लिए प्रचार-प्रसार उप समिति का भी गठन किया गया। इसमें 10 प्रतिष्ठित अखबारों एवं इलेक्ट्रॉनिक चौनल के पत्रकारों को शामिल किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से न्यास समिति के सचिव अमित कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मंगलमणि सिंह, बद्री यादव, कोषाध्यक्ष विजय चौरसिया, सदस्य अनिल कुमार सिंह, प्रकाश राम, श्याम प्रसाद सिंह, अशोक कुमार पांडेय, बाल गोविंद राम और युगेश्वर दांगी आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चटमदाग ग्राम निवासी 35 वर्षीय घरनु उरांव ने अपने घर के बाहर स्थित सिंदवार पेड़ में रस्सी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। उसके परिजनों ने बताया की कुछ माह पूर्व भी वह कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। बिरसु उरांव ने बताया कि मृतक शादीशुदा व्यक्ति है और उसके छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### अबुआ आवास के लिए भौतिक सत्यापन

**भंडरा।** प्रखंड के अंतर्गत भंडरा, उदरंगी, जमगाई, गड़रपो आदि पंचायत में बुधवार को स्थानीय मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्यों एवं स्वयंसेवकों के नेतृत्व में अबुआ आवास योजना को लेकर जियो टैगिंग का कार्य शुरू किया गया। मौके पर लाभुकों की जमीन का भौतिक सत्यापन करते हुए आश्वासन दिया गया कि प्राथमिकता के आधार पर योजना की स्वीकृति दी जाएगी। इस संबंध में भंडरा पंचायत के मुखिया इंदरदेव उरांव ने बताया कि पिछले दिनों पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोगों ने आवेदन पत्र जमा किया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर ही सभी पंचायतों में टीम द्वारा पंचायतों में प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए जियो टैगिंग का कार्य शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया इंद्रदेव उरांव, पंचायत समिति प्रतिमा उरांव, स्वयंसेवक बाबर अंसारी, संदीप उरांव, जनसेवक दिलीप कुमार उरांव आदि लोग उपस्थित थे।

### भाजपा कुडू मंडल की हुई मासिक बैठक

**कुडू।** सरस्वती शिशु विधा मंदिर कुडू में बुधवार को भाजपा की मासिक बैठक का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता कुडू मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने की एवं मंच संचालन महामंत्री यदुनंदन तिवारी ने की। इस दौरान मुख्य रूप से जीला महामंत्री राजकुमार वर्मा और पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद उपस्थिति थे। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनता का भरोसा और अधिक बढ़ा है। इसका सबूत जनता ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में पार्टी को जीताकर दिया है, विपक्ष समाज को आदिवासी दलित ओबीसी में बांटने के लिए चाहे जीतना जोर लगाले कुछ होने वाला नहीं। जनता इनकी दोहरी नीति को भांप चुकी है। राजकुमार वर्मा और राकेश प्रसाद ने भी कार्यक्रयम को संबोधित किया। मौके पर धीरज प्रसाद, राजेश प्रसाद, भूषण प्रसाद, कृष्णा मोदी, संजय चौधरी, सरजू साहू, कपिंदर महतो, रामखेलावन राम सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री का स्वागत

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा रांची से घाघरा गुमला जाने के क्रम में रांची की मेयर सह भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा का पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया गया। छतीसगढ़ विधानसभा चुनाव में सरगुजा जिला प्रभारी के तौर पर पार्टी की जीत की बधाई दी गई। वहीं भाजपा नेत्री सह मेयर आशा लकड़ा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। कार्यकर्ता डोर टू डोर संपर्क कर आम जनता को योजना के बारे में जानकारी दें। मौके पर महाबीर प्रसाद साहू, नरेश महतो, राजकुमार साहू, शंकर ठाकुर, नंदलाल सोनी, उदित महतो, अर्जुन महतो, राजकुमार महतो, रामलाल महतो आदि मौजूद थे।

### फुटपाथ पर रहने वालों में कंबल वितरित

**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन पर सर्दियों के मौसम में गरीबों की मदद हेतु कंबल वितरित किया। इस आशय से डालसा द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को शामिल कर एक टीम गठित किया जिनके उनके द्वारा शेल्टर होम टावर चौक, पटेल चौक, आदि जगहों में रात के समय दौरा कर महिलाओं पर विशेष ध्यान देते हुए फुटपाथ पर रहने वाले को चिन्हित कर इस कड़ाके की ठंड में निःशुल्क कंबल वितरण किया गया। प्राधिकार के सचिव पार्थ सारथी घोष ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दलसा के द्वारा जरूरतमंदों के बीच ठंड के मौसम में कंबल का वितरण किया जाता है ताकि लोगों को ठंड से कोई परेशानी ना हो तथा नगर पालिका के साथ भी समन्वय कर जिले के विभिन्न स्थान में जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया जा रहा है।

### वाहन जांच अभियान चलाया गया

**सेन्हा।** विशेष जांच अभियान के तहत सेन्हा थाना क्षेत्र अरु से हेसवे डांडू पथ और जोगना मोड़ के समीप पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर एसआई गणेश कुमार यादव के नेतृत्व में शस्त्र बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। वहीं वाहन जांच के दौरान दो पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान मोटरसाइकिल चालक को रोक कर हेलमेट तथा वाहन संबंधित कागजातों की जांच की गई। साथ ही जो मोटरसाइकिल चालक बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते हुए पाये गये उनको कड़ी फटकार लगाते हुए हेलमेट पहनकर वाहन चलाने और गाड़ी का कागज साथ लेकर चलने के लिये निर्देश देते हुए कड़ी चेतावनी दी गई। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि आये दिन सड़क दुर्घटना में वृद्धि होने कारण वरीय पदाधिकारी के निर्देशनुसार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर एस आई गणेश यादव दल बल के साथ मौजूद थे।

## विकसित भारत कार्यक्रम के दौरान गैस सिलेंडर का वितरण




**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत बुधवार को चैनपुर के मालम पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उज्जवला योजना के तहत कई महिलाओं को गैस सिलेंडर प्रदान किया गया। वहीं बुजुर्गों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। वहीं मालम की मुखिया गुंजन मार्था को बेहतर प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि आशा लकड़ा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री मिशीर कुजूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी डा शिशिर कुमार सिंह, चैनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाइक, महामंत्री अमित किशोर पाण्डेय, बुधराम नायक, शिवम केशरी, कौशल केशरी,दीपक रजक बैगा, उपाध्यक्ष शिवम केशरी, मालम पंचायत सचिव कुंवर राम मोची, पंचायत समिति सदस्य अनिता देवी, मनरेगा बीपीओ कांति कुमारी आदि उपस्थित थे। वहीं हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन कैरो प्रखंड की सढ़ाबे एवं हनहट पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के कर्मी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

### कड़ाके की ठंड में बच्चों-बुजुर्गों की परेशानी बढ़ी, अस्पताल में बढ़े मरीज

## अलाव की व्यवस्था नहीं, ग्रामीणों में नाराजगी

**कुलदीप कच्छप। भंडरा**

पिछले एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की ठंड में वैसे तो हर उम्र के लोगों को दिक्कतें हो रही हैं, लेकिन बच्चों में हाइपोथर्निया, कोल्ड डायरिया, निमोनिया, सर्दी-जुकाम का खतरा तो बुजुर्गों को ठंड लगने पर हाट अटैक, ब्रेन हेमरेज और स्वांस संबंधी तकलीफें बढ़ गई हैं। अस्पतालों में मरीज बढ़ने लगे हैं। डॉक्टर भी मानते हैं कि ऐसे समय में बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से बचाना नितांत जरूरी है। हालांकि धूप होने पर लोगों ने थोड़ी राहत जरूर महसूस की, लेकिन गलन में कोई कमी नहीं रही। मध्य दिसंबर से ही प्रखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इससे जनजीवन पूरी तरह



अस्त-व्यस्त हो गया है। घरों में लोग अलाव या इलेक्ट्रिक संसाधनों से ठंड से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। ठंड को देखते हुए प्रशासन और स्वयंसेवी संगठनों ने गरीब तबके के लोगों में गर्म कपड़े भी वितरित किया है। ठंड इतनी बढ़ गई है कि इंसान ही नहीं पशु और परिंदे भी जगह-जगह दुबके रह रहे हैं। हालांकि धुप खिली रही है, लेकिन गलन अधिक होने के कारण लोगों को ठंड में कोई कमी महसूस नहीं हुई। दिन ढलते ही लोग फिर अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेने के लिए विवश हो गए। देर शाम तक सड़कों पर भी सन्नाटा छाने लगा। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंढ के बावजूद प्रशासन द्वारा अभी तक अलाव की वयवस्था नही होने से ग्रामीणों मे प्रशासन के प्रति नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रति वर्ष ठंड मे प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था भंडरा थाना मोड़, भौरों मोड़, आकाशी रेलवे स्टेशन, चट्टी चौक में अलाव की व्यवस्था कर ग्रामीणों को ठंड से राहत देने का काम किया जाता था। पर इतनी ठंड के बावजूद अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। खास कर सुबह एव रात मे आकाशी रेल से सफर करने वाले राहगीर व मजदूरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने जल्द अलाव की व्यवस्था करने की मांग प्रशासन से की है।

## रातभर खड़े रहे कार्डधारी व चैन की नींद सोता रहा डीलर

### आक्रोशित ग्रामीणों ने राशन दुकानदार के खिलाफ 2 घंटे तक की सड़क जाम

**अभिषेक केशरी। चैनपुर(गुमला)**

प्रखंड के छतरपुर पेट्रोल पंप के पास सैकड़ों ग्रामीणों ने बुधवार को दो घंटे तक चैनपुर-गुमला मुख्य सड़क पर जाम लगाकर छतरपुर की डीलर खिस्टिना लकड़ा के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क पर दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। हाथ में तख्ती लिए कार्डधारी राशन डीलर की मनमानी नहीं चलेगी, राशन डीलर हमारा हक मारना बंद करो, आपूर्ति विभाग होश में आओ जैसे नारे लगा रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग सोमवार की रात 10:00 बजे से राशन लेने के लिए राशन दुकान के बाहर लाइन लगाकर खड़े हैं। हाड़ कंपा देने वाली कड़ाके की ठंड में राशन लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में लाभुक रात भर 5 डिग्री तापमान में अलाव ताप कर व पुआल के मचान में सोकर सुबह होने का इंतजार कर रहे हैं। कार्डधारकों का कहना है कि राशन डीलर तानाशाह है। राशन डीलर अपनी मर्जी से गरीबों को राशन देता है। पूरे माह में वह सिर्फ एक दिन राशन बांटता है। देर से पहुंचने पर राशन खत्म हो गया कह कर वापस भेज देता है। 25 दिसंबर का त्योहार नजदीक है। ऐसे में अगर राशन नहीं मिला तो हमारा परिवार क्या खाएगा। पेट की भूख के कारण इस कड़ाके की ठंड में हम राशन लेने के लिए पूरी रात इंतजार कर रहे हैं। वहीं कई कार्डधारी को पिछले दो माह से राशन भी नहीं मिला है। राशन डीलर अंगूठा तो लगवा लेता है मगर राशन अपनी मर्जी से देता है।



इधर, भीषण ठंड में राशन के लिए लाइन लगाकर खड़े ग्रामीण राशन डीलर के तानाशाही रवैये पर काफी उग्र हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज व जिप सदस्य मेरी लकड़ा को दी। अहले सुबह लगभग 4:00 बजे दोनों जनप्रतिनिधि राशन दुकान पहुंचे तो पाया कि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण राशन लेने के लिए सोमवार की रात से ही राशन दुकान के बाहर लाइन लगाकर इंतजार कर रहे हैं। राशन डीलर के इस रवैये का शिकार हो रहे कार्डधारकों को देख दोनों जनप्रतिनिधि हक्का बक्का रह गए। राशन डीलर के घर के बाहर सैकड़ों की संख्या में कड़ाके की ठंड में लोग खड़े थे मगर पत्थर दिल राशन डीलर के कान में जूं तक नहीं रेंगी और वह चैन की नींद सोता रहा। उग्र ग्रामीणों ने सुबह 5:00 बजे छतरपुर में चैनपुर गुमला मुख्य सड़क को जाम कर दिया। कुछ घंटे में ही दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं।

**राशन डीलर पर होगी कठोर कार्रवाई :** मामले की जानकारी मिलते ही सुबह लगभग 7:30 बजे चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह जाम स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से पूरे मामले की जानकारी ली। बीडीओ ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि इस राशन डीलर को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि बुधवार को सुबह 9:00 बजे से बीडीओ, सीआई, मुखिया व जिप सदस्य की उपस्थिति में सभी लाभुकों को राशन दिलवाया जाएगा। वहीं अगले माह से दूसरे राशन डीलर से राशन दिलवाया जाएगा। इस राशन डीलर पर उचित कार्रवाई करने की बात कही। इसके बाद बीडीओ ग्रामीणों के साथ राशन दुकान पर पहुंच कर राशन डीलर को काफी फटकार लगाई। इस दौरान डीलर से पूछताछ कर रहे बीडीओ के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए बात कर रहे डीलर के पुत्र शशि लकड़ा को पुलिस अपने साथ थाना ले आई। शशि लकड़ा प्रशासनिक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष कार्डधारियों को धमकाने के लहजे में बात कर रहा था। चैनपुर थाना में बाउंड लिखवा कर उसे छोड़ दिया गया। बीडीओ के काफी समझाने के बाद उग्र ग्रामीण सड़क से हटे। वहीं ग्रामीणों ने चेताया है कि अगर सही समय में और सही मात्रा में राशन नहीं मिलता है तो फिर से उग्र आंदोलन आंदोलन करते हुए सड़क जाम को ब्लॉक कार्यालय का घेराव करेंगे।

**राशन डीलर है तानाशाह, हो कार्रवाई :** इधर, पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज ने कहा कि राशन डीलर की तानाशाही का शिकार सैकड़ों की संख्या में कार्डधारी हो रहे हैं। इस कड़ाके की ठंड में पूरी रात राशन के लिए खड़ा रहना दुर्भाग्य की बात है। पेट की भूख को मिटाने के लिए कार्डधारी राशन डीलर की तानाशाही को सह रहे हैं। ऐसे डीलर पर कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

**क्रूरता की हदें पार कर चुका है डीलर :** जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि राशन डीलर की क्रूरता सारी हदें पार कर चुका है। यह राशन डीलर जालिम बन चुका है, जो लोगों को इस कड़ाके की ठंड में मारने के लिए अपने घर के बाहर खड़ा कर रखा है। पहले भी इस डीलर के खिलाफ शिकायत मिल चुकी है। कई बार समझाने के बावजूद इसकी कार्यशैली में सुधार नहीं आआ। उन्होंने कहा कि ऐसे डीलरों पर कठोर से कठोर कार्रवाई हो ताकि दोबारा कोई भी भोले भाले मासूम जनता को इस तरह से न सता सके।

## बोलेरो ने स्कूटी में मारी टक्कर एक की मौत

**गुमला।** लातेहार जिला अंतर्गत नेतरहाट थाना स्थित पठार ग्राम के समक्ष एक अनियंत्रित बोलेरो वाहन ने स्कूटी में सवार बिशनपुर थाना स्थित जानहूं पाट ग्राम निवासी छन्नू नगेसिया और नेतरहाट निवासी दीपक नगसिया के स्कूटी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इसमें दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें ग्रामीणों ने बिशुनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र ले गया, जहां से उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल इलाज के क्रम में छन्नू नगेसिया की मौत हो गई। वहीं दीपक नगेसिया को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। बोलेरो चालक ने नेतरहाट थाना में आत्मसमर्पण कर दिया।

## अभाविप ने रांची विवि के वीसी को सौंपा मांगपत्र

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा पहुंचे रांची यूनिवर्सिटी रांची के वाइस चांसलर अजीत सिन्हा को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने चार सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बीएस महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। ज्ञापन में पांच वर्षों से छात्र संघ का चुनाव नहीं होने की स्थिति में इस वर्ष छात्र संघ का चुनाव आवश्यक रूप से कराया जाने, बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा में बीएड की पढ़ाई शुरू कराने, महाविद्यालय में चहारदीवारी निर्माण कराने, महिला कॉलेज बरही में गृह विज्ञान की पढ़ाई इसी शैक्षणिक सत्र में प्रारंभ कराने व सभी विषयों में शिक्षकों



की नियुक्ति तुरंत करने समेत अन्य मांग शामिल हैं। उपरोक्त ज्ञापन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, गुमला विभाग संयोजक अंकित कुमार ने सौंपी। इस मौके पर बलदेव साहू महाविद्यालय के प्राचार्य शिव कुमार प्रसाद गुप्ता, कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. शशि गुप्ता, अभाविप गुमला विभाग संयोजक अंकित कुमार, आयुष कुमार, विनय उरांव आदि शिक्षक विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

**प्रपत्र VI 'क'**
**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)**
या
**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**
**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**
**अधिसूचना संख्या 1237/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 16.12.2023**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–कोलोदोहर, थाना नं0–414, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **गढ़वा से चिनियाँ पथ चौडीकरण योजना हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–कोलोदोहर, थाना नं0–414, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**0.6130** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 01 | 19 | गै0मा0 | – | 0.0030 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 2 | 01 | 119 | गै0मा0 | – | 0.0500 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 3 | 21 | 18 | रैयती | – | 0.0375 | अमानत अंसारी वगै0 पिता–स्व0 अब्दुल सकुर अंसारी | उ0–द0– पू0–प0– |
| 4 | 21 | 18 | रैयती | – | 0.0435 | आशीक अंसारी वैगरह पिता–अब्दुल रहीम अंसारी | उ0–द0– पू0–प0– |
| 5 | 18 | 17 | रैयती | – | 0.0050 | जीतनी देवी पति–बिहारी भुईयां | उ0–द0– पू0–प0– |
| 6 | 18 | 17 | रैयती | – | 0.0040 | वकील विश्वकर्मा पिता–स्व0 सोमारू विश्वकर्मा | उ0–द0– पू0–प0– |
| 7 | 01 | 16 | गै0मा0 | – | 0.0100 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 8 | 01 | 16 | गै0मा0 | – | 0.0300 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 9 | 01 | 16 | गै0मा0 | – | 0.0250 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 10 | 01 | 16 | गै0मा0 | – | 0.0105 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 11 | 01 | 16 | गै0मा0 | – | 0.0200 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 12 | 01 | 16 | गै0मा0 | – | 0.0200 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 13 | 01 | 16 | गै0मा0 | – | 0.0350 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 14 | 01 | 16 | गै0मा0 | – | 0.0575 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 15 | 01 | 79 | गै0मा0 | – | 0.0030 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 16 | 01 | 79 | गै0मा0 | – | 0.0500 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 17 | 01 | 79 | गैमा0 | – | 0.0350 | गैमा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 18 | 01 | 79 | गै0मा0 | – | 0.0350 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 19 | 01 | 26 | गै0मा0 | – | 0.0030 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 20 | 01 | 26 | गै0मा0 | – | 0.0300 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 21 | 01 | 26 | गै0मा0 | – | 0.0200 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 22 | | 23 | गै0मा0 | – | 0.0030 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 23 | | 23 | गै0मा0 | – | 0.0150 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 24 | | 23 | गै0मा0 | – | 0.0140 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 25 | 01 | 21 | गै0मा0 | – | 0.0300 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 26 | 01 | 21 | गै0मा0 | – | 0.0107 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 27 | 01 | 21 | गै0मा0 | – | 0.0100 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| 28 | 01 | 21 | गै0मा0 | – | 0.0033 | गै0मा0 | उ0–द0– पू0–प0– |
| कुल :– | | | | | 0.6130 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR 313907 Land Reforms(23-24).D

### भव्य कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल



**लोहरदगा।** श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का पहला दिन बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में जय श्रीराम समिति के सैकड़ों लोग शामिल हुए। कलश यात्रा सुबह हरमू छठ घाट संगम से निकाला जो गांव नगर की यात्रा करते हुए यज्ञ स्थल उमादेवी प्राचीन मंदिर प्रांगण में पहुचा। मंडप प्रवेश थाना प्रभारी अनिल उरांव द्वारा किया गया। भंडारे का पूर्व कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल के द्वारा किया गया।

## 'झारखंड का विकास भाजपा राज में ही संभव'

**लोहरदगा।** भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित प्रवास कार्यक्रम के तहत अरुणाचल प्रदेश महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष शिरीगं डोलमा लोहरदगा पहुची। केंद्र सरकार की कार्यों को लेकर शिरींग डोलमा ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा अनेकों कार्यों का निष्पादन किया गया है और किया जा रहा है, जिसका सीधा-सीधा लाभ लाभुक को मिल रहा है। विशेष कर महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत सारी योजनाएं चलाई हैं। जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी तब महिलाओं के नाम पर जमीन रजिस्ट्री हो रही थी। केंद्र की कई योजनाओं को निष्पादन करने में महिलाएं अपनी भूमिका भी निभा रही हैं और स्वालंबी होने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। परंतु झारखंड में ऐसा देखने को मिल रहा है कि केंद्र सरकार की योजनाओं की राज्य सरकार द्वारा सही से मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। यहां पर लाभुक भ्रष्टाचार के शिकार हो रहे हैं। झारखंड में वर्तमान परिस्थितियों और आकड़ों को देखते हुए हम कह सकते हैं कि महिलाएं बहुत ही असुरक्षित हैं। भारतीय जनता पार्टी की दोबारा सरकार झारखंड में बनेगी क्योंकि झारखंड का विकास भाजपा के नेतृत्व में ही संभव है यह जनता समझ गई है।

### पहल | उर्दू विकास मंच ने किया मुफ्त कोचिंग सेंटर का उद्घाटन

## तालीम से ही तरक्की मुमकिन : शकील

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कोई भी समाज तभी तरक्की करता है जब वह शिक्षित होता है। उपर्युक्त बातें हाजी शकील ने उर्दू विकास मंच के तत्वाधान में आयोजित मुफ्त कोचिंग सेंटर का उद्घाटन समारोह में कहा। हाजी शकील ने कहा कि आज के इस दौर में पढ़ाई के बदौलत करियर को बनाया जा सकता है। होनहार लोगों के लिए समाज भरसक प्रयास करेगी। अंजुमन इस्मालिया के सदर अफसर कुरैशी ने मौके पर युवाओं को अच्छे इंसान बनने की नसीहत दिया। तन मन के साथ पढ़ने का



संकल्प दिलाया और पढ़ाई में कोई भी कारण बाधक न बने, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षक नेता मुमताज अहमद ने निःशुल्क तालीम देने के लिए आगे आने वालों की तारीफ किया और कहा कि आज के इस भौतिक वादी युग में अच्छे और नेक सोच वाले ही ऐसी पहल करते हैं। इस दौरान टाना भगत कॉलेज के प्रो अरशद मोमीन , इमा कॉलेज के प्रिंसिपल मोहम्मद एजाज, कमरुज्जमा कुरैशी, मोहिबुल्लाह अंसारी, मास्टर हाजी तौहीद, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रऊफ अंसारी, अंजुमन के पूर्व सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलू, उर्दू विकास मंच सेक्रेटरी फिरोज रही ने संबोधित किया। उद्घाटन के वक्त शिक्षक शैलेन्द्र सुमन, पूर्व सदर सऊद आलम ,गुलाम मुतुर्जा, वार्ड पार्षद फारूक कुरैशी ,अली हसन खान औरंगजेब अहमद आदि मौजूद थे।

## गरीबों का गेहूं ट्रक समेत गायब सीसीटीवी के सहारे मिला खाली ट्रक

**ग्वालियर।** शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर गरीबों को बांटने के लिए भेजा गया पांच सौ बोरी गेहूं ट्रक सहित रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। इसकी सूचना से प्रशासन और पुलिस में हड़कंप मच गया है। सीसीटीवी कैमरों के सहारे पुलिस ने जैसे-तैसे खाली ट्रक तो बरामद कर लिया लेकिन उसमे भरकर भेजा गया गेहूं कहां गया इसका पता अब तक नहीं लग सका है। गायब हुआ ट्रक थाटीपुर निवासी रंजीत सिंह नामक ट्रक ऑपरेटर का है जिसे राम कुमार गुर्जर नामक ड्रायवर चलाता है।

**500 बोरी गेंहू गायबः** राम कुमार का कहना है कि "उसने घाटीगांव इलाके के रेंहट में स्थित शासकीय वेयरहाउस से गरीबों में बांटने वाला लगभग पांच सौ बोरी गेहूं अपने ट्रक में लोड किया था। इसको विभिन्न कंट्रोल की दुकानों पर वितरित करना था। वह भरा हुआ ट्रक लेकर पुरानी छावनी पहुंचा और आगरा-मुम्बई हाइवे पर स्थित एक ढाबे के नजदीक रोड के किनारे खड़ा करके वह थोड़ी दूर किसी काम से चला गया।

### पहला अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम-2023

# बोधि चिंता के अभ्यास से ही दूसरों को सुख पहुंचा सकते हैं : दलाई लामा

**एजेंसी। बोध गया**

बिहार के बोधगया में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम का शुभारंभ हुआ। बोधगया के सांस्कृतिक केंद्र में इसका उद्घाटन बौद्ध धर्म गुरू दलाई लामा के द्वारा किया गया। अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम के तीन दिवसीय सम्मेलन में 35 देशों के करीब 2500 बौद्ध धर्म के विद्वान जुटे हैं। इस मौके पर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी शामिल हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम के तीन दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ बुधवार को बोधगया में हुआ है। यह सम्मेलन तीन दिवसीय है। बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार इस सम्मेलन में तीन दिनों तक बौद्ध धर्म, पाली और संस्कृत भाषाओं के परंपराओं की आधुनिकता पर चर्चा की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय स्थली बोधगया में इस तरह का पहला आयोजन है। इसमें 21वीं सदी में बौद्ध धर्म के विकसित होने का के संबंध में जानकारी और बौद्ध धर्म की शिक्षा पर चर्चा भी की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय संघ फोरम के तीन दिवसीय सम्मेलन में बौद्ध धर्म से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा होगी। 21वीं सदी में बौद्ध धर्म के विकसित होने से संबंधित तथ्यों पर भी बौद्ध धर्म के विद्वान अपना मंतव्य देंगे। विभिन्न भाषाओं में एफएम पर इसका प्रसारण भी किया जाएगा। दक्षिण एशियाई देशों के पाली परंपराओं के कलाकारों के अलावा तिब्बत के संस्कृत परंपरा के कलाकार एक मंच पर दिखेगें। इस दौरान नृत्य प्रस्तुति भी होगी। बौद्ध धर्म के विद्वान वक्ताओं के द्वारा तीनों दिन बौद्ध धर्म में पाली और संस्कृत भाषाओं के परंपराओं के अनुसार इसकी आधुनिकता पर चर्चा की जाएगी। जानकारी के अनुसार तीन दिवसीय सम्मेलन का लक्ष्य कुछ जटिल पहलूओं पर ध्यान आकर्षण करना और 21 वीं सदी में बौद्ध धर्म की विकसित भूमिका के संबंध में जानकारी हासिल करनी है। सम्मेलन में 35 देशों के 25 सौ से ज्यादा संघ के सदस्य शामिल हुए हैं। इसमें भारत, थाईलैंड, म्यांमार, श्रीलंका, कंबोडिया, बांग्लादेश, लाओस, भूटान, नेपाल, वियतनाम, ताइवान, जापान, कोरिया, रूस और मंगोलिया सहित अन्य देशों के सदस्य शामिल हैं। तीन दिवसीय सम्मेलन के बाद 23 दिसंबर को महाबोधि मंदिर में विश्व शांति के लिए एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें परम पावन बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा शामिल होंगे और संघ के सदस्यों को संबोधित करेंगे। इस दौरान बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा ने बोधि चिंता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बोधि चिंता के अभ्यास से ही खुद को शांति और दूसरे को सुख पहुंचा सकते हैं, दूसरे को सुख पहुंचाना ही धर्म है। इसलिए बोधि चिंत का अभ्यास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन की अवधारणा ही दूसरे को सुख पहुंचाना है। यदि दूसरों को सुख नहीं पहुंचाया गया तो जीवन का कोई मतलब नहीं है इसलिए सभी धर्म बंधु बोधि चिंत का अभ्यास करें।



**35 देशों के 2500 बौद्ध विद्वान हुए शामिल**

## ओडिशा के राज्यपाल ने लोगों की शिकायतों पर नवीन पटनायक को लिखा पत्र



**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को पत्र लिखकर राज्य के अंगुल और ढेंकनाल जिलों में उनकी हालिया यात्रा के दौरान लोगों द्वारा उनके ध्यान में लाई गई विभिन्न शिकायतों का समाधान करने का आग्रह किया है। दास ने अपने पत्र में कहा कि जब वह 5-7 दिसंबर की अपनी यात्रा के दौरान लोगों से मिले तो उन्होंने उनका ध्यान जमीनी स्तर की समस्याओं की ओर आकर्षित किया। दास ने लिखा, मैंने हाल ही में ढेंकनाल और अंगुल जिलों का दौरा किया। यह मेरे लिए बहुत विनम्र अनुभव था, क्योंकि मैं जमीनी स्तर पर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मिला। उनके साथ मेरी बातचीत के दौरान उन्होंने विभिन्न मुद्दों को सामने रखा, जो यहां संलग्न है। इस पर राज्य सरकार उचित कार्रवाई के लिए विचार कर सकती है। लोगों की शिकायतों में ढेंकनाल के जोरांडा में एक वृद्धाश्रम में भूमि की बंदोबस्ती और सुविधाओं की कमी, अंगुल के बनारपाल ब्लॉक में तुरंगा ग्राम पंचायत में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच के लिए ममता गृह का निर्माण, गंभीर स्वास्थ्य खतरों का सामना करना शामिल है। महानदी कोल फील्ड्स लिमिटेड द्वारा खनन गतिविधियों के कारण क्षेत्र में वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण और भूजल स्तर में गिरावट के कारण अंगुल जिले के तालचेर ब्लॉक के कंधाबेरिनी गांव के निवासियों को परेशानी हो रही है। इसी तरह, दास को बताया गया कि पुनर्वास और परिधि विकास सलाहकार समिति (आरपीडीएसी) की नियमित बैठकें पिछले दो वर्षों के दौरान नहीं हो रही हैं और स्थानीय लोगों की कई वास्तविक शिकायतों का लंबे समय से समाधान नहीं किया गया है।

राज्यपाल ने सरकार से अंगुल के हाकिमपारा में बाजी राउत छत्रबास को आवश्यक सहायता प्रदान करने का भी आग्रह किया।

इस बीच, भाजपा नेता मोहन चरण माझी ने कहा कि राज्यपाल ने अपने स्थल भ्रमण के दौरान विकास की जमीनी हकीकत देखी।

## अभिनेत्री जयाप्रदा को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश

**एजेंसी। रामपुर**



पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के दो केस दर्ज हैं। वह दोनों मामलों में बयान देने के लिए लंबे समय से कोर्ट नहीं पहुंच रही हैं। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए एसपी को विशेष निरीक्षक नियुक्त करने को कहा है। आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा को कोर्ट ने राहत नहीं दी है। कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी के लिए एसपी को विशेष निरीक्षक की तैनाती कर कोर्ट में पेश करने को कहा है। इसके साथ ही उनके जमानतियों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई दस जनवरी को होगी।स्वार और केमरी थाने में लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 2019 में दो केस दर्ज किए गए थे। दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। स्वार में दर्ज एक मामले में अभियोजन की गवाही पूरी हो चुकी है और पूर्व सांसद को अपने बयान दर्ज कराने हैं। वह बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट नहीं पहुंची। केमरी थाने में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन के अन्य मामले में अभियोजन की गवाही चल रही है। इसमें भी पूर्व सांसद कोर्ट नहीं पहुंच रही। कोर्ट लगातार दोनों मामलों में गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है।

### कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

**शुद्धि–पत्र**

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के द्वारा E-Tender GNP/RFP-01/2022-23 4th Call ( Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 17 KLD at Garhwa town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years) का सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसका PR 312494 Urban Development (23-24)#D है। उक्त ई–निविदा में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

1. निविदा डालने की अंतिम तिथि– 08.01.2024
2. निविदा खोलने की तिथि– 10.01.2024
3. Tender Notice S.N. 12 (Last Day for the Submission of Bid Security, Cost of Bid Document) को विलोपित किया जाता है। शेश सभी पूर्व की भांति यथावत रहेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।

PR 313925 (Urban Development) 23-24 (D)

### Govt. of Jharkhand
### URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
### GARHWA NAGAR PARISHAD

**E-Procurement Notice**

**E-Tender Reference No. : GNP/SBD-01/2023-24**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Proposed Additional Furnishing Works At Multipurpose Cultural Complex For Garhwa Nagar Parishad (Jharkhand) |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 2,62,10,582.00 (Two Crore Sixty Two Lakh Ten Thousand Five Hundred Eighty Two Rupees) Only |
| 3. | Tender Fee | Rs. 25000.00 (Twenty Five Thousand Only) (Online Mode) |
| 4. | Bid Security (Rs) | 262106.00 (Two Lakh Sixty Two Thousand One Hundred Six Rupees ) (Online Mode) |
| 5. | Time of Completion | 15 Months |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 26.12.203 up to 10:00 AM |
| 7. | Last Date/Time for receipt of E-Tender on Website | 08.01.2024 up to 5:00 PM |
| 8. | Date of Opening E-Tender | 10.01.2024, Time: 11:00 AM |
| 9. | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa-822114 |
| 10. | Contact No of E-Procurement officer | 9431141644, 8409053313 |
| 11. | Helpline Number of E-Procurement cell | 8409053313 |

Note: 1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on websitehttp://jharkhandtenders.gov.in
4. निविदादाता को UCAN Registration (up to date) की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
5. संवेदक द्वारा 10% से कम दर देने पर एकरारनामा के समय अतिरिक्त जमानत की राशि देनी होगी
(i) 10% से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
(iii) पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के सभी प्रावधान लागू रहेंगे।
6. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)

Sd/-
Executive Officer
Nagar Parishad Garhwa

PR 313923 (Urban Development) 23-24 (D)

### प्रपत्र VI 'क'
### समाहरणालय, गढ़वा
### (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**
**अधिसूचना संख्या 1241/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 16.12.2023**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–पेशका, थाना नं0–349, थाना–मेराल, अंचल– मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना गढ़वा से चिनियाँ पथ चौड़ीकरण योजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–पेशका, थाना नं0–349, थाना –मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–1.9020 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 02 | 175 | रैयती | – | 0.0110 | विजय गुप्ता पिता–रामनरेश साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 2 | 02 | 175 | रैयती | – | 0.0110 | कामेश्वर साव वगै0 पिता–शिवप्रसाद साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 3 | 231 | 173 | गै0मा0 | – | 0.0690 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 4 | 54 | 171 | रैयती | – | 0.0099 | करीब अंसारी अंसारी पिता–हाजी अब्दुल अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 5 | 54 | 171 | रैयती | – | 0.0099 | इमामुदीन अंसारी वगै0 पिता–स्व0 नबी अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 6 | 54 | 171 | रैयती | – | 0.0066 | हदीश अंसारी वगै0 पिता–स्व0 मजीद अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 7 | 54 | 171 | रैयती | – | 0.0049 | अफरोज अंसारी पिता–स्व0 हदीश अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 8 | 54 | 171 | रैयती | – | 0.0099 | असीम अंसारी वो आलम अंसारी पिता–स्व0 ओस्तर अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 9 | 54 | 171 | रैयती | – | 0.0049 | रामनाथ साव पिता–स्व0 चतुर साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 10 | 54 | 171 | रैयती | – | 0.0070 | सलीम अंसारी वगै0 पिता–स्व0 ओस्तर अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 11 | 231 | 170 | गै0मा0 | – | 0.0313 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 12 | 231 | 170 | गै0मा0 | – | 0.0054 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 13 | 231 | 170 | गै0मा0 | – | 0.0058 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 14 | 231 | 170 | गै0मा0 | – | 0.0049 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 15 | 231 | 170 | गै0मा0 | – | 0.0043 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 16 | 231 | 170 | गै0मा0 | – | 0.0042 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 17 | 231 | 170 | गै0मा0 | – | 0.0095 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 18 | 231 | 170 | गै0मा0 | – | 0.0155 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 19 | 231 | 170 | गै0मा0 | – | 0.0283 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 20 | 231 | 168 | गै0मा0 | – | 0.0082 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 21 | 231 | 168 | गै0मा0 | – | 0.0082 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 22 | 231 | 168 | गै0मा0 | – | 0.0200 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 23 | 231 | 168 | गै0मा0 | – | 0.0200 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 24 | 231 | 168 | गै0मा0 | – | 0.0036 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 25 | 231 | 168 | गै0मा0 | – | 0.0175 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 26 | 231 | 168 | गै0मा0 | – | 0.0180 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 27 | 231 | 168 | गै0मा0 | – | 0.0180 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 28 | 231 | 168 | गै0मा0 | – | 0.0135 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 29 | 139 | 162 | रैयती | – | 0.0040 | किसमतिया देवी पति–गोपाल साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 30 | 139 | 162 | रैयती | – | 0.0207 | किसमतिया देवी पति–गोपाल साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 31 | 231 | 156 | गै0मा0 | – | 0.0104 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 32 | 231 | 156 | गै0मा0 | – | 0.0494 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 33 | 231 | 156 | गै0मा0 | – | 0.0173 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 34 | 231 | 156 | गै0मा0 | – | 0.0230 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 35 | 231 | 156 | गै0मा0 | – | 0.0053 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 36 | | 164 | रैयती | – | 0.0263 | दिनेश दूबे पिता–स्व0 बालदेव दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 37 | | 164 | रैयती | – | 0.0168 | बैजु दूबे पिता–सव0 अनरूिद्ध दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 38 | 130 | 166 | रैयती | – | 0.0900 | मुखदेव दूबे पिता–स्व0 सुर्यदेव दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 39 | 02 | 99 | रैयती | – | 0.0370 | संजय दूबे वगै0 पिता–रामनरेश दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 40 | 232 | 98 | गै0मा0 | – | 0.0120 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 41 | | 97 | रैयती | – | 0.0340 | प्रेमा देवी पिता–स्व0 शिवपूजन साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 42 | | 97 | रैयती | – | 0.0043 | बालदेव साव पिता–स्व0 तुलसी साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 43 | | 97 | रैयती | – | 0.0047 | सुनिल दूबे वगै0 पिता–स्व0 भुनेश्वर दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 44 | 137 | 96 | रैयती | – | 0.0255 | मुन्ना दूबे वगै0 पिता–स्व0 भुवनेश्वर दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 45 | 137 | 96 | रैयती | – | 0.0255 | विवेकानंद दूबे पिता–यदुनन्दन दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 46 | | 94 | रैयती | – | 0.0660 | बैजनाथ दूबे पिता–स्व0 अनिरूद्ध दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 47 | 90 | 93 | रैयती | – | 0.0190 | सुरेन्द्र कु0 दूबे वगै0 पिता–स्व0 राजमनी दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 48 | 90 | 93 | रैयती | – | 0.0200 | राजदेव दूबे पिता–स्व0 रामप्यारी दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 49 | 90 | 93 | रैयती | – | 0.0275 | राकेश दूबे वगै0 पिता–स्व0 कामेश्वर दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 50 | 90 | 93 | रैयती | – | 0.0215 | देवमन दूबे पिता–स्व0 रामप्यारी दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 51 | 231 | 86 | गै0मा0 | – | 0.0020 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 52 | 14 | 85 | रैयती | – | 0.0070 | मुन्नी साव पिता–स्व0 रामचन्द्र साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 53 | 14 | 85 | रैयती | – | 0.0070 | दिबन्धु साव पिता–स्व0 रामचंद्र साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 54 | 14 | 85 | रैयती | – | 0.0075 | गणेश साव पिता–स्व0 रामजन्म साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 55 | 14 | 85 | रैयती | – | 0.0021 | किरण साव पिता–स्व0 रामजन्म साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 56 | 14 | 85 | रैयती | – | 0.0017 | बच्चु साव पिता–स्व0 रामचन्द्र साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 57 | 14 | 85 | रैयती | – | 0.0016 | गीता कुंवर पति–स्व0 कन्हाई साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 58 | 14 | 85 | रैयती | – | 0.0014 | दिनानाथ साव पिता–स्व0 रामचंद्र साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 59 | 14 | 85 | रैयती | – | 0.0038 | नारद साव पिता–स्व0 रामजन्म साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 60 | 02 | 81 | रैयती | – | 0.0155 | शिवनारायण दूबे वगै0 पिता–स्व0 तपेश्वर दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 61 | 02 | 81 | रैयती | – | 0.0155 | राजेश शरण द्विवेदी पिता–रामशरण द्विवेदी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 62 | 231 | 80 | गै0मा0 | – | 0.0350 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 63 | 61 | 0.026 | रैयती | – | 0.0260 | शिवनारायण दूबे पिता–तपेश्वर दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 64 | 231 | 60 | गै0मा0 | – | 0.2140 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 65 | 02 | 70 | रैयती | – | 0.0145 | शिवनारायण दूबे वगै0 पिता–स्व0 तपेश्वर दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 66 | 02 | 70 | रैयती | – | 0.0145 | राजेश शरण द्विवेदी पिता–रामशरण द्विवेदी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 67 | 231 | 78 | गै0मा0 | – | 0.0200 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 68 | 231 | 78 | गै0मा0 | – | 0.0140 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 69 | 231 | 78 | गै0मा0 | – | 0.0100 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 70 | | 77 | रैयती | – | 0.0195 | सुनिल दूबे वगै0 पिता–स्व0 गिरवर दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 71 | | 77 | रैयती | – | 0.0135 | अन्नत दूबे वगै0 पिता–स्व0 रमेश दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 72 | | 455 | रैयती | – | 0.0405 | संतोष साव पिता–स्व0 लखन साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 73 | | 455 | रैयती | – | 0.0080 | गुडू चन्द्रवंशी पिता–स्व0 जानमनी चंनद्रवंशी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 74 | | 455 | रैयती | – | 0.0135 | रामदनी साव पिता–स्व0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 75 | | 453 | रैयती | – | 0.0285 | तपेश्वर दूबे वगै0 पिता–स्व0 केदारनाथ दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 76 | | 453 | रैयती | – | 0.0285 | राजेश शरण द्विवेदी पिता–रामशरण द्विवेदी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 77 | 16 | 438 | रैयती | – | 0.0115 | शिवनारायण दूबे वगै0 पिता–स्व0 तपेश्वर दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 78 | 16 | 438 | रैयती | – | 0.0115 | राजेश शरण द्विवेदी पिता–रामशरण | उ0– द0– पू0– प0– |
| 79 | 137 | 437 | रैयती | – | 0.0520 | यसोदा देवी पति–स्व0 पारस दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 80 | 124 | 424 | रैयती | – | 0.0020 | विजय दुबे पिता–स्व0 देवान दुबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 81 | 124 | 424 | रैयती | – | 0.0020 | सत्यनारायण पासवान पिता–स्व0 जोखन पासवान | उ0– द0– पू0– प0– |
| 82 | 231 | 423 | गैमा0 | – | 0.0140 | गैमा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 83 | 231 | 423 | गै0मा0 | – | 0.0140 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 84 | 231 | 410 | गै0मा0 | – | 0.0120 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 85 | 220 | 408 | रैयती | – | 0.0030 | रामशरण द्विवेदी पिता–स्व0 तपेश्वर दूबे | उ0– द0– पू0– प0– |
| 86 | 231 | 407 | गै0मा0 | – | 0.0740 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 87 | 231 | 179 | गै0मा0 | – | 0.0090 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 88 | 203 | 179 | रैयती | – | 0.0090 | नन्दकिशोर प्रसाद साव पिता–स्व0 जोखन साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 89 | 203 | 179 | रैयती | – | 0.0100 | श्यामबिहारी प्रसाद साव पिता–स्व0 जोखन साव | उ0– द0– पू0– प0– |
| 90 | 231 | 178 | गै0मा0 | – | 0.0015 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 91 | 231 | 178 | गै0मा0 | – | 0.0010 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 92 | 231 | 178 | गै0मा0 | – | 0.0008 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 93 | 231 | 178 | गै0मा0 | – | 0.0030 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 94 | 231 | 178 | गै0मा0 | – | 0.0006 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 95 | 231 | 178 | गै0मा0 | – | 0.0006 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 96 | 231 | 178 | गै0मा0 | – | 0.0945 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 97 | 231 | 176 | गै0मा0 | – | 0.0680 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 98 | 231 | 176 | रैयती | – | 0.0120 | संजय दूबे पिता–स्व0 रामनरेश दूबे/रा0 उच्च विद्यालय पेशका | उ0– द0– पू0– प0– |
| | | कुल :– | | | 1.9020 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.313910 Land Reforms(23-24):D

**इंसान सफल तब होता है जब वह दुनिया को नहीं, खुद को बदलना शुरू कर देता है : अज्ञात**

# मरीजों की देखभाल हो..

**आये** दिन स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की खबरें मिलती रहती हैं। ऐसा ही एक मामला धनबाद का सामने आया है। एक मरीज को रांची रिम्स लाने के दौरान एंबुलेस से आक्सीजन रास्ते में खत्म हो गयी। जिस कारण बीमार बच्ची की मौत हो गयी। यह दुखद घटना स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को दर्शाता है। आये दिन राज्य के कई हिस्सों से ऐसी खबरें सुनने को मिलती हैं। कहीं एंबुलेस नहीं मिलती तो कहीं कुछ लापरवाह डाक्टर की लापरवाही सामने आती है। ऐसे सहज समझा जा सकता है कि स्वास्थ्य विभाग खुद बीमार हो गया। ऐसे में क्या बीमार व्यक्ति के इलाज की जगह इन स्वास्थ्य विभागों की शल्य चिकित्सा आवश्यक है। कहने का अभिप्राय यह कतई नहीं है कि सारे हॉस्पिटल लापरवाही बरतते हैं। अपितु ज्यादातर अस्पतालों में लापरवाही चरम पर है। कोरोना काल में लगाये गये आक्सीजन प्लांट आज सभी जगह शिथिल पड़ गये हैं। साथ ही उपकरण भी बेकार पड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में इन अस्पतालों में बीमार व्यक्ति का इलाज कैसे हो पायेगा? इस स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य महकमें को चुस्त-दुरूस्त करना जरूरी है। अगर कोई बीमार व्यक्ति किसी स्वास्थ्य केन्द्र में जाता है तो उसे काफी उम्मीद रहती है कि उसकी बीमारी का इलाज होगा। लेकिन ऐसा नहीं होना यह दर्शाता है कि हमारी दी गई व्यवस्था काफी लचर हो गयी है। यही कारण है कि असमय लोग मौत का शिकार हो जाते हैं। बच्ची की मौत उसकी एक बानगी भर है। ऐसे कई घटनायें राज्य में घट रही हैं। राज्य के पलामू जिले की बात करें तो यहां मेदिनीराय मेडिकल कालेज एन्ड हॉस्पिटल की अराजकता काफी बढ़ गयी हैं। ठंड के इस मौसम में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। लेकिन सुविधायें नगण्य हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हॉस्पिटल में जहां बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है वहीं सुधार की दिशा में हो रहे प्रयास असंतोषजनक हैं। यह हॉस्पिटल दलालों के कब्जे में है। ब्लड की कमी की वजह से पिछले दिनों एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। ऐसी अराजकता सब जगह देखने को मिल रही है। इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार को नीतिगत फैसले लेने की जरूरत है। कारण स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से हमारा राज्य अन्य राज्यों से काफी पीछे चल रहा है। किसी राज्य के विकास में शिक्षा और स्वास्थ्य की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इस बात का ख्याल रख कर ही झारखंड को आगे बढ़ाया जा सकता है। राज्य भयानक ठंड की चपेट में है। यही कारण है कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों की संख्या बढ़ गयी है। इसलिए जरूरी है कि मरीजों की उचित देख भाल के लिए कारगर कदम उठाये जायें।

> **कोरोना काल में लगाये गये आक्सीजन प्लांट आज सभी जगह शिथिल पड़ गये हैं। साथ ही उपकरण भी बेकार पड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में इन अस्पतालों में बीमार व्यक्ति का इलाज कैसे हो पायेगा? इस स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य महकमें को चुस्त-दुरूस्त करना जरूरी है। अगर कोई बीमार व्यक्ति किसी स्वास्थ्य केन्द्र में जाता है तो उसे काफी उम्मीद रहती है कि उसकी बीमारी का इलाज होगा। लेकिन ऐसा नहीं होना यह दर्शाता है कि हमारी दी गई व्यवस्था काफी लचर हो गयी है। यही कारण है कि असमय लोग मौत का शिकार हो जाते हैं। बच्ची की मौत उसकी एक बानगी भर है।**

# वैश्विक लोकप्रियता के शिखर पर नरेन्द्र मोदी

**इन दिनों**


डॉ राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी पर विरोधियों द्वारा लाख आरोप-प्रत्यारोप लगाये जाते रहे हों पर इसमें दो राय नहीं कि आज लोकप्रियता में दुनिया के दिग्गज नेताओं में शीर्ष पर कोई नेता है तो वह मोदी ही हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन या रूस के पुतिन हों या अमेरिका के ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प, नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के आसपास भी नहीं टिकते हैं। अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मार्निंग कंसल्ट द्वारा इसी माह की शुरूआत में कराये गये सर्वे में यह साफ हो गया कि सर्वे में हिस्सा लेने वाले दुनिया के अलग-अलग देशों के 76 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द्र मोदी हैं। लोकप्रियता में नकारने वाले भी केवल 18 फीसदी ही हैं जबकि 6 फीसदी ने अपनी कोई राय उजागर नहीं की। इससे पहले अमेरिकी थिंक टैंक प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के 10 में से 8 व्यक्ति नरेन्द्र मोदी के प्रति सकारात्मक राय रखते हैं। यानी देश के 80 फीसदी लोग नरेन्द्र मोदी में विश्वास रखते हैं। 55 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द मोदी है। देश की केवल 20 फीसदी आबादी नरेन्द्र मोदी को पसंद नहीं करती है। लोकप्रियता की सूची में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 8 वें पायदान पर हैं। विश्वव्यापी लोकप्रियता अर्जित करना सामान्य बात नहीं है। हमारे देश के लिए तो यह और भी गर्व की बात हो जाती है कि हमारे नेता की लोकप्रियता दुनिया में पहले पायदान पर है। खास बात यह है कि लोकप्रियता के साथ विश्वसनीयता में भी वे सबसे आगे हैं। लोकप्रियता में अव्वल आना इस मायने में बड़ी बात है कि 76 फीसदी मामूली आंकड़ा नहीं है। यह लोकप्रियता के दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर से पूरे दस प्रतिशत अधिक है। यानी नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का आंकड़ा 76 फीसदी है तो दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति की लोकप्रियता का आंकड़ा 66 फीसदी यानी कि दस फीसदी कम है। सूची के अनुसार तीसरे पायदान पर स्विट्जरलैंड, चौथे पर ब्राजील, पांचवें पर आस्ट्रेलिया और छठे पायदान पर इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी हैं। उनकी और नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में पूरे 35 फीसदी का अंतर है। वैश्विक सम्मेलनों और मंचों पर ऐसा लगता है जैसे दुनिया के देशों का नेतृत्व नरेन्द्र मोदी ही कर रहे हों। भले ही इतर राय रखने वाले कुछ भी कहें पर अभी तो यही दिख रहा है और नरेन्द्र मोदी को सर्वमान्य नेता के रूप में प्रतिस्थापित करता है। इसे यों भी समझा जा सकता है कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने का निर्णय और इसे लेकर दुनिया के देशों की चुप्पी, कूटनीतिक कौशल व क्षमता को ही सिद्ध करता है। पाकिस्तान और चीन को अलग-थलग करना हो या फिर रूस-यूक्रेन युद्ध या इजरायल-हमास युद्ध कहीं भी नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं हुआ। विरोधी देशों के संकट के दौरान सहायता में सबसे आगे रहना, अरब देशों को भी भारत के पक्ष में बनाये रखना, अमेरिका और रूस दोनों को ही साधे रहना, अपने आप में बड़ी बात है। कोरोना दौर में भारतीय वैक्सीन के माध्यम से दुनिया के देशों के मानव इतिहास के सबसे बड़े संकटकाल में सहभागी के रूप में आगे आना लोकप्रियता और विश्वसनीयता बनाये रखने की बड़ी सफलता है। अमेरिका में ओबामा, फिर ट्रम्प और अब जो बाइडन काल में भी समान अधिकार के साथ संबंध बनाये रखना, कम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां नहीं थी, लेकिन उससे भी पार पाने में कामयाबी हासिल की। पाकिस्तान को दुनिया के देशों से अलग-थलग करना तो मोदी के लिए मामूली बात सिद्ध हुई है। दरअसल, आज के दौर में वैश्विक नेता के लिए बोल्ड होने, एग्रेसिव होने, कठोर व त्वरित निर्णय लेने वाले नेता लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं।




> **अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मार्निंग कंसल्ट द्वारा इसी माह की शुरूआत में कराये गये सर्वे में यह साफ हो गया कि सर्वे में हिस्सा लेने वाले दुनिया के अलग-अलग देशों के 76 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द्र मोदी हैं। लोकप्रियता में नकारने वाले भी केवल 18 फीसदी ही हैं जबकि 6 फीसदी ने अपनी कोई राय उजागर नहीं की। इससे पहले अमेरिकी थिंक टैंक प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के 10 में से 8 व्यक्ति नरेन्द्र मोदी के प्रति सकारात्मक राय रखते हैं। यानी देश के 80 फीसदी लोग नरेन्द्र मोदी में विश्वास रखते हैं। 55 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द मोदी है। देश की केवल 20 फीसदी आबादी नरेन्द्र मोदी को पसंद नहीं करती है। लोकप्रियता की सूची में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 8 वें पायदान पर हैं। विश्वव्यापी लोकप्रियता अर्जित करना सामान्य बात नहीं है। हमारे देश के लिए तो यह और भी गर्व की बात हो जाती है कि हमारे नेता की लोकप्रियता दुनिया में पहले पायदान पर है। खास बात यह है कि लोकप्रियता के साथ विश्वसनीयता में भी वे सबसे आगे हैं। लोकप्रियता में अव्वल आना इस मायने में बड़ी बात है कि 76 फीसदी मामूली आंकड़ा नहीं है। यह लोकप्रियता के दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर से पूरे दस प्रतिशत अधिक है। यानी नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का आंकड़ा 76 फीसदी है तो दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति की लोकप्रियता का आंकड़ा 66 फीसदी यानी कि दस फीसदी कम है।**

## आप की बात

### सड़क निर्माण नहीं होने से ग्रामीण परेशान

पेटरवार प्रखंड के पतकी पंचायत अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य गांव किताटांड का सड़क निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई वर्ष बीतने के बावजूद महज पांच सौ मीटर का यह पथ आज तक नहीं बन पाया है जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण बताते है कि पक्की सड़क नहीं होने खास कर बरसात के दिनों में तो ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन इस पथ को बनाने की दिशा में अब तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण इस आदिवासी गांव के ग्रामीणों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वहीं पतकी - किता टांड ग्रामीण पथ प्रखंड के दो पंचायतों पतकी और उलगड्डा पंचायत को जोड़ती है। वहीं उलगड्डा पंचायत के जोड़ा महुआ से छतर बोरवा तक ग्रामीण पथ का निर्माण कराया जा चुका है लेकिन पतकी पंचायत के अधीन पड़ने वाले किता टांड तक लंबे समय के बाद भी महज पांच सौ मीटर पथ का निर्माण नहीं कराया जा सका है। ग्रामीणों का कहना है कि जब ग्रामीण पथ की स्थिति काफी जर्जर हो जाती है तो उसमें मिट्टी, मोरम डाल दिया जाता है जो बारिश के पानी में बह जाता है। जिस कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**- गौतम शर्मा**

**राजनीति**

# निर्भया जैसी सामूहिक दुष्कर्म की घटनायें आखिर कब रुकेंगी?


विजय केसरी


**आज** से ग्यारह वर्ष पूर्व निर्भया के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म की घटना ने भारत की राजधानी दिल्ली सहित पूरे देश को दहला कर रख दिया था। सामूहिक दुष्कर्म की यह घटना, जब दूसरे दिन प्रकाश में आई तो सारे देशवासी निर्भया कांड के विरोध में खड़े हो गये थे। समस्त देशवासियों ने इस घटना की तीव्र भर्त्सना की थी। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और दृश्य मीडिया में इस कांड को लेकरर जोरदार बहस हुई थी। सबों ने इस कांड की जमकर आलोचना की थी। समाज के हर वर्ग के लोगों ने निर्भया के प्रति अपनी - अपनी संवेदना भी प्रकट की थी। निर्भया कांड को लेकर देशवासियों ने राज्य सरकार सहित पुलिस प्रशासन की भी जमकर निंदा की थी। सामूहिक दुष्कर्म की इस वीभत्स घटना में निर्भया की मृत्यु घटना के 17 दिनों बाद हो गई थी। इस दरमियान उसे और उसके परिवार को जो कष्ट हुआ और पीड़ा सहना पड़ा था, उसे शब्दों में बयान करना बड़ी मुश्किल है। जिस अंदाज में दुष्कर्म की इस घटना को अंजाम दिया गया था। वह पैश्विकता की सारी हदों को पार कर गया था। राजधानी में तमाम सुरक्षा इंतजामों के बाद भी इस तरह की घटना घटी थी। लोगों ने राज्य सरकार से लेकर दिल्ली सरकार तक की जमकर आलोचना की थी। इस घटना के दुष्कर्मियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठी थी। पुलिस शीघ्र दूष्कर्मियों को पकड़ने में सफल हुई। निर्भया कांड के सभी दुष्कर्मियों पर लंबे समय तक कानूनी कार्रवाई चली। निर्भया कांड के मुख्य चारों आरोपियों को उसके किये की सजा आठ वर्षों बाद 20 मार्च 2020 को मिली। चारों दुष्कर्मियों को फांसी पर लटका दिया गया। इस दूष्कर्म में शामिल एक अभियुक्त जेल में फांसी लगाकर मर गया। बच्चे एक नाबालिक दुष्कर्म को 3 वर्ष की ही सजा सुनाई गई। जब तक निर्भया के दोषियों को सजा नहीं मिल गई, संपूर्ण भारत न्याय के लिए गुहार लगा रहे थे। ऐसा विरोध पहली बार देशभर में हुआ था। देश के हर हिस्से में निर्भया को लेकर जबरदस्त आंदोलन हुए थे। उम्मीद थी कि निर्भया जैसी दुष्कर्म की घटना की पुनरावृत्ति इस देश में फिर नहीं होगी।

> **सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और दृश्य मीडिया में इस कांड को लेकरर जोरदार बहस हुई थी। समाज के हर वर्ग के लोगों ने निर्भया के प्रति अपनी - अपनी संवेदना भी प्रकट की थी।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से






**बोधि वृक्ष**

## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

**यहां** यह बताना अति महत्वपूर्ण है कि ऋषि मार्कंडेय ब्रह्म-काल के ध्यान में रहते थे। श्रीमद्भागवत गीता अध्याय 8 श्लोक 16 में कहा गया है कि 'ब्रह्मलोक को प्राप्त करने वाले साधकों की पुनरावृत्ति होती है'। भगवान इंद्र (स्वर्ग के राजा) या भगवान कुबेर (धन के देवता) की स्थिति प्राप्त करने के बाद या ब्रह्मा, विष्णु और शिव या भगवान वरुण (जल के देवता), धर्मराय, आदि का पद प्राप्त करने के बाद भी और यहां तक कि स्वर्ग या ब्रह्मलोक में कोई देवता बनने के बाद भी सभी प्राणियों की पुनरावृत्ति होती है। **नोटः** स्वर्ग लोक में 33 करोड़ देव पद हैं। जैसे भारत वर्ष की संसद में 540 सांसदों के पद हैं। व्यक्ति बदलते रहते हैं। उन्हीं सांसदों में से प्रधानमंत्री तथा अन्य केंद्रीय मंत्री आदि बनते हैं। इसी प्रकार उन 33 करोड़ देवताओं में से ही कुबेर का पद अर्थात धन के देवता का पद प्राप्त होता है जैसे वित्त मंत्री होता है। ईश की पदवी का अर्थ है प्रभु पद जो कुल तीन माने गये हैं : 1. श्री ब्रह्मा जी 2. श्री विष्णु जी तथा 3. श्री शिव जी। वरूणदेव जल का देवता है। धर्मराय मुख्य न्यायधीश है जो सब जीवों को कर्मों का फल देता है, उसे धर्मराज भी कहते हैं। ये सर्व काल ब्रह्म की साधना करके पद प्राप्त करते हैं। पुण्य क्षीण होने के पश्चात पद से मुक्त होकर पशु - पक्षियों आदि की 84 लाख प्रकार की योनियों में चले जाते हैं। फिर नये ब्रह्मा जी, नये विष्णु जी तथा नये शिव जी इन पदों पर विराजमान होते हैं। उपरोक्त सर्व देवता जन्मते - मरते रहते हैं। ये अविनाशी नहीं हैं सतपुरुष की सच्ची उपासना से ही जन्म और पुर्नजन्म का रोग समाप्त होता है। **(क्रमशः)**

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# विकसित भारत यात्रा के सहारे भाजपा की मजबूत तैयारी


मृत्युंजय दीक्षित


**आगामी** लोकसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए देश के सभी राजनैतिक दलों ने अपनी-अपनी चुनावी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए अपनी तैयारी को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। इस तैयारी पर यदि समग्र व निष्पक्ष दृष्टि से डाली जाय तो इस समय निःसंदेह भारतीय जनता पार्टी आगे दिखाई पड़ रही है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जिन्हें लोकसभा का सेमी फाइनल माना जा रहा था उनमें भाजपा ने सभी विश्लेषकों को चौंकाते हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में शानदार जीत हासिल की, जिससे उसका उत्साह बढ़ा है। इन सभी राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री चयन ने विपक्ष की जातिवाद की राजनीति की गहरी काट खोजने का प्रयास किया है। भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री चयन के बाद उनका प्रचार भी प्रारम्भ कर दिया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का उत्तर प्रदेश के यादव बाहुल्य क्षेत्रों और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का ब्राह्मणों सहित सवर्ण समाज के बीच में प्रचार हो रहा है। उधर विपक्षी दलों में भी एकता के लिए बैठकें चल रही हैं। विधानसभा चुनाव के मध्य ही भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के नेतृत्व में 15 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। यह यात्रा भारत की सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों तक पहुंचेगी। विकसित भारत यात्रा के माध्यम से भाजपा उन वंचित लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जो विभिन्न योजनाओं के पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। दूसरा यह कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस यात्रा में गांव व पंचायत में मोदी की गारंटी वाली वैन पहुंचने पर उसका ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत किया जाता है और उसी स्थान पर लाभार्थी फार्म भी भरवाये जाते हैं। यात्रा के दौरान सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से उनकी व्यक्तिगत कहानियों और अनुभव साझा करने को भी कहा जाता है और उनका फीडबैक लिया जाता है।

> **पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जिन्हें लोकसभा का सेमी फाइनल माना जा रहा था उनमें भाजपा ने सभी विश्लेषकों को चौंकाते हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में शानदार जीत हासिल की, जिससे उसका उत्साह बढ़ा है।**

**टेक वर्ल्ड**

## सैमसंग अब भारत में बनायेगा लैपटॉप

सैमसंग अगले महीने से भारत में लैपटॉप का निर्माण शुरू कर देगा। विनिर्माण उसी ग्रेटर नोएडा सुविधा में होगा जहां यह पहले से ही स्मार्टफोन का उत्पादन करता है। कंपनी लैपटॉप विनिर्माण को समायोजित करने के लिए सुविधा का विस्तार करेगी। दक्षिण कोरियाई बहुराष्ट्रीय समूह सैमसंग, मजबूत वैश्विक उपस्थिति के साथ दुनिया की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक है। वैश्विक तकनीकी दिग्गज बनने की अपनी यात्रा में, भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सैमसंग और भारत के बीच संबंध पिछले कुछ वर्षों में विकसित हुए हैं, जिसमें विनिर्माण, नवाचार और सामुदायिक जुड़ाव जैसे विभिन्न पहलू शामिल हैं। सैमसंग मेक इन इंडिया पहल में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। बताया गया है कि दक्षिण कोरियाई तकनीकी दिग्गज अब अपने स्थानीय विनिर्माण को लैपटॉप तक विस्तारित करने के लिए तैयार है। कहा जा रहा है कि कंपनी अगले महीने भारत में लैपटॉप का उत्पादन शुरू कर देगी।



**बजट स्टीरियो स्पीकर्स के लिए गाइड मैन्युफैक्चरिंग हब :** भारत में सैमसंग की उपस्थिति पर्याप्त है, कंपनी ने खुद को एक महत्वपूर्ण विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित किया है। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' पहल ने विदेशी कंपनियों को देश में विनिर्माण इकाइयाँ स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सैमसंग ने इस अवसर का पूरा फायदा उठाया और भारत में स्मार्टफोन, टेलीविजन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का निर्माण शुरू कर दिया। इससे न केवल सैमसंग को उत्पादन लागत कम करने में मदद मिली बल्कि भारतीय श्रमिकों के लिए हजारों नौकरियां भी पैदा हुईं। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बसिष्ठ बाबू का कालजयी स्मरण!

बसिष्ठ प्रसाद सिंह की जन्मशती का औपचारिक समापन भागलपुर में आज किया जा रहा है। पिछले साल 21 दिसंबर को मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर अनुमंडल अंतर्गत मिलकी बेसिक स्कूल में उनकी जन्मशती के अवसर पर ग्रामीण समारोह का आरंभ किया गया था। बेसिक स्कूल उनके जीवन की पहली शैक्षणिक प्रयोगशाला थी, जहां सन 1946 तक उन्होंने प्रधानाध्यापक के पद पर कार्य किया। अंग्रेजी में उन दिनों लिखे उनके प्रस्ताव और कार्यवृत्त आज भी उनकी याद दिलाते हैं। पिछले साल सन 1944 से सन 1946 तक के उनके अभिलेख को अन्य लोगों के साथ मुझे भी देखने का ऐतिहासिक अवसर मिला था। उस लेखन में तब की नैतिकता और अर्थव्यवस्था के भी दर्शन होते हैं। सन 1922 में अपने गांव मघैयाचक में पैदा हुए बसिष्ठ बाबू पिछली सदी के चालीस के दशक में बेसिक स्कूल के सीधे हेडमास्टर साहब बन गए थे तो इसका श्रेय महात्मा गांधी की बुनियादी शिक्षा के मूलभूत सिद्धांत, बिहार के तत्कालीन स्वतंत्रता सेनानी बनारसी बाबू की पेशकश और बसिष्ठ बाबू के पिता जी रासधारी सिंह की अभिभावकीय सहमति को जाता है। उस समय जब ब्रिटिश उपनिवेश के रूप में शोषित हो रहे परतंत्र भारतीय स्वतंत्रता हासिल करने के लिए निर्णायक संघर्ष कर रहे थे, बसिष्ठ बाबू अंगदेश के क्षेत्र में नैतिक शिक्षा तथा पारंपरिक शिक्षा का अलख जगा रहे थे। परिणाम सन 1947 में आजादी हासिल होते ही दिखाई देने लगा था! मुंगेर जल्दी ही सजग शिक्षाविदों, राजनेताओं और अन्य बुद्धिजीवियों का गढ़ बन गया।

शिक्षा में सुधार तथा प्रयोग और तत्कालीन राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय में बिहार और झारखंड क्षेत्र के बड़े क्षेत्र में शिक्षण एवं बाद में सन 1980 तक शैक्षणिक प्रशासन से क्रांतिकारी बदलाव लाने के कारण बसिष्ठ बाबू यहां की बौद्धिक मिट्टी में सदा के लिए रच-बस गए! वे विलक्षण प्रतिभा के धनी होने के साथ - साथ जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में प्रयोगधर्मी थे। अतुलनीय साहित्यकार और शिक्षा के अग्रदूत आनंद शंकर माधवन के नेतृत्व में मंदार विद्यापीठ में रजिस्ट्रार और बाद में देवघर में संथाल सेवा पहाड़िया मंडल में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में भी बसिष्ठ बाबू ने अपनी अलग पहचान बनाई। सेवा और दायित्व के प्रति उनकी सत्यनिष्ठा और ईमानदारी सर्वोच्च पायदान पर रही। लम्बे सक्रिय जीवन में अंतिम समय में भागलपुर कोर्ट में उन्होंने एक एडवोकेट के रूप में कदम रखा, जहां से जल्दी ही उनका मोहभंग हो गया। इसके पहले आचार्य श्री राम शर्मा से दीक्षा प्राप्त कर उन्होंने अंग देश के क्षेत्र में गायत्री परिवार का तेजी से विस्तार किया तथा समाज में अध्यात्म के प्रति नयी अभिरुचि पैदा की। नब्बे वर्ष की आयु में बिहार की राजधानी पटना में उन्हें सांसारिक जीवन से मुक्ति मिली।




भागलपुर में बसिष्ठ बाबू का सबसे लंबा प्रवास रहा! जीवन के अनेक उथल-पुथल उन्होंने यहीं देखे थे। इसलिए उनकी जन्मशताब्दी का समापन समारोह भागलपुर में आयोजित किया जाना स्वाभाविक है। लीक से अलग हटकर बसिष्ठ बाबू की जीवन शैली के अनुरूप उनकी जन्मशती का आयोजन भी अद्वितीय है! इस अवसर पर स्मारिका का नहीं, शिक्षा के परिदृश्य और बसिष्ठ बाबू के योगदान पर एक वैचारिक पुस्तक का प्रकाशन किया जा रहा है।

चांदी के सौ स्मृति पदक विशेष तौर पर तैयार किये गये हैं। इसे दिल्ली के कवि-लेखक और सुस्थापित चित्रकार हर्षवर्धन आर्य की देखरेख में तैयार किया गया है। इसमें एक ओर बसिष्ठ बाबू की अनुकृति उकेरी गई है और दूसरी ओर गायत्री मंत्र उल्लिखित है। यह एक सुखद संयोग है कि गायत्री मंत्र वाली अनुकृति वही रखी गई है जो स्वामी दयानंद सरस्वती की स्मृति में तैयार रजत पदक में रखी गई थी। बसिष्ठ बाबू की स्मृति में तैयार सौ रजत पदक में एक किलो साढ़े सात ग्राम चांदी का उपयोग किया गया है। कलाकार ने बसिष्ठ बाबू के चित्र से अनुकृति तैयार करने में यथार्थ के करीब पहुंचने का सफल प्रयास किया है। इन सौ स्मृति चिन्ह को बिहार और झारखंड समेत देश के अन्य राज्यों में शिक्षाविदों तथा अन्य बुद्धिजीवियों को सम्मानपूर्वक भेंट किया जा रहा है। इसका मुख्य विमोचन समारोह भागलपुर में हो रहा है। बसिष्ठ बाबू की जन्मशती के समापन के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में बसिष्ठ श्रेष्ठ शिक्षाविद् पुरस्कार का आरंभ किया जा रहा है जिसे विशेष रूप से बिहार और झारखंड समेत अन्य राज्यों के उन शिक्षाविदों को प्रत्येक वर्ष दिया जाएगा जो प्रचार - स्वार्थ से दूर रहकर समर्पित भाव से ज्ञान के विस्तार में तल्लीन हैं। बसिष्ठ बाबू की जन्मशती के बहाने यह सब आयोजन इस जन्मशती को कालजयी बनाने की दिशा में अग्रसर है। बिहार की शिक्षा व्यवस्था इससे प्रेरणा प्राप्त कर सकती है। शैक्षणिक प्रतिष्ठा और गौरव को फिर से बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में सुस्थापित करने का यह एक सघन प्रयास है।

बसिष्ठ बाबू की जन्मशती के आसपास ही कई और बड़ी शख्सियत की जन्मशती का संगम हो रहा है। इस कड़ी में मधु लिमये, देवानंद, दिलीप कुमार, जवाहर लाल दर्डा आदि बहुत बड़े - बड़े नाम शामिल हैं। शिक्षाविद् होने और बिहार तथा झारखंड के सीमित क्षेत्र में सीमित होने के कारण बसिष्ठ बाबू की सुख्याति का कद इन तमाम महान विभूतियों के सामने बहुत कम है लेकिन उनका शैक्षणिक योगदान तथा उनकी जन्मशती से प्रस्फुटित कालजयी पैगाम का प्रभाव असीमित है!

❖ हरेन्द्र प्रताप

# बढ़ते पॉल्यूशन व ठंड में आपका रक्षा कवच बन सकती है अजवाइन

अजवाइन जिसे कैरम सीड् भी कहा जाता है एक जड़ी बूटी के रूप में जाना जाता है। पेट में गैस होनाबहुत आम है और और ये हर किसी को कभी न कभी परेशान करती है। इसके लिए मेरी मम्मी मुझे अजवाइन का पानी दिया करती थी। अजवाइन एक तेज खुशबू और स्वाद वाले छोटे छोटे बीज होते है। इसे पूरियों, परांठे और कई चीजों में डाला जाता है। इसे कई सालों से भारतीय घरों में मसाले के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। अजवाइन में अत्यधिक पोषण गुण होते हैं, इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि हमारे पूर्वजों द्वारा पेट की अधिकांश समस्याओं के इलाज के लिए इसका उपयोग क्यों किया जाता रहा है। कई स्वास्थ्य लाभों के साथ अजवाइन एक ऐसी चीज है जो किसी भी खाने में जाए तो उसका स्वाद दोगुना कर देती है। अजवाइन के बारे में और अधिक जानकारी देते हुए न्यूट्रिनिस्ट और हेल्थ कोच नेहा रंगलानी ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। नेहा रंगलानी नें बताया कि अजवाइन के बीजों में एक तेल होता है। इस तेल में थाइमोल, एक फिनोल होता है जो फल को थाइम जैसी गंध देता है। थाइमोल का उपयोग आमतौर पर पाचन समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता है।

**श्वसन संबंधी समस्याओं को कम करता है :** जिस तरह दिल्ली की हवा है उसमें सांस लेना कोई आसान बात नहीं है। अगर हम इस हवा में सांस ले रहे है तो ये हमारे शरीर के अंदर प्रवेश करके उसे खराब कर रही है। ऐसे में अजवाइन आपके सांस की कई सम्याओं में राहत दिला सकता है। अजवाइन में सूजनरोधी गुण होते हैं जो अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और सामान्य सर्दी जैसी श्वसन संबंधी समस्याओं से राहत दिला सकते हैं। यह एक कफ को बाहर करने के रूप में भी कार्य करता है, रेस्पिरेटरी ट्रैक



से बलगम और जमाव को खत्म करने में मदद करता है।

**कब्ज को कम करता है :** पेट खराब हो या गैस की कोई समस्या अजवाइन का इस्तेमाल काफी समय से होता हुआ आया है। अजवाइन के लैक्सेटिव गुण मल त्याग को आसान बनाने और कब्ज को कम करने में मदद कर सकते हैं, जिससे यह पाचन संबंधी परेशानी में आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है।

**ब्लोटिंग को कम करता है :** अगर आपको ब्लोटिंग की समस्या है या पीरियड के समय ब्लोटिंग हो रही है तो आपको अजवाइन के सेवन से काफी राहत मिल सकती है।

अजवाइन अपने पाचन गुणों के लिए प्रसिद्ध है। यह गैस्ट्रिक जूस के स्राव में सहायता करता है, बेहतर पाचन को बढ़ावा देता है और अपच, पेट फूलना और सूजन को कम करता है।

**ओरल हेल्थ में सुधार करता है :** अगर आप अपने ओरल हेल्थ के ठीक करने के लिए किसी माउथ फ्रेशनर की तलाश कर रहें है तो अजवाइन इसमें आपकी काफी मदद कर सकता है। अजवाइन के बीज चबाने से आपकी सांसों को ताजा करने, आपके मुंह में खराब बैक्टीरिया से लड़ने और स्वस्थ मसूड़ों को बनाए रखने में मदद मिल सकती है।

## अपनी डाइट में कैसे करें अजवाइन का सेवन

**अजवाइन के लड्डू :** अजवाइन के बीजों को भून कर इसे दरदरा पीस लें। इस पाउडर को गुड़ या शहद के साथ मिलाकर छोटे, गोल लड्डू बनाएं। अजवाइन और गुड़ का मिश्रण पाचन के लिए फायदेमंद माना जाता है।

**कुकिंग में करें अजवाइन का इस्तेमाल :** आप अफने रोज के खाना पकाने में अजवाइन के बीजों का इस्तेमाल कर सकते है। रोटी, दाल, चावल बनाते समय तड़के के रूप में अजवाइन को मिलाया जा सकता है। इससे खाने में एक खुशबू और अलग स्वाद आ जाता है।

**अजवाइन की चाय :** एक कप गर्म पानी में एक चम्मच अजवाइन के बीज मिलाएं और इसे कुछ मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें। बीजों को छान लें और चाय को अलग कर लें। स्वाद के लिए आप इसमें शहद या नींबू मिला सकते हैं। अजवाइन की चाय कई लोग वजन को कम करने के लिए पीते है।

**छाछा या रायते में मिलाएं अजवाइन :** छाछा में एक चम्मच अजवाइन के बीज मिलाएं। स्वाद के लिए आप इसमें एक चुटकी काला नमक या भुना जीरा पाउडर भी मिला सकते हैं। यह ड्रिंक आपको ताजगी देगा और आपको स्वस्थ रखने में मदद करेगा।

❖ संध्या सिंह

# सर्दियों में अखरोट का सेवन है अमृत समान

सर्दियों के मौसम में अखरोट खाने से आपको सेहत से जुड़े कई फायदे हो सकते हैं। किस समय इस ड्राईफ्रूट को खाने से सेहत होती है और भी दुरुस्त।

**अखरोट खाने के फायदे :** ड्रायफ्रुट्स के सेवन से हमारी बॉडी को कई पोषक तत्व मिलते हैं। काजू, बादाम, किशमिश और खजूर पोषक तत्वों से भरपूर हैं इनका सेवन करने से आपके शरीर में कई चीजों की आपूर्ति होती है। इनके साथ एक और ड्रायफ्रुट है जो आपके शरीर को सेहतमन्द बनाने में बेहद असरदार है। इसमें मौजूद विटामिन, मिनरल्स, प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं। इस ड्रायफ्रुइट को खाने से आपके शरीर को क्या फायदे होते हैं साथ ही इसे किस समय खाना सबसे ज्यादा फायदा होता है?

**हड्डियां बनाएं मजबूत :** इस मौसम में लोगों को हड्डियों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अखरोट में मौजूद अल्फा-लिनोलेनिक एसिड आपकी कमजोर हड्डियों को मजबूत बनाता है। अगर आपकी हड्डियां बहुत ज्यादा कमजोर हो गई हैं या उनमे हमेशा दर्द रहता है तो रोजाना सुबह के समय खाली पेट भीगे हुए अखरोट का सेवन करें। इससे हड्डियों और दांतों की मजबूती बढ़ती है।

**वजन करे कम :** सर्दियों में लोगों का वजन बहुत तेजी से बढ़ता है। वजन कम करने के लिए लोग कई तरह के प्रयास करते हैं। अगर आप भी इसी समस्या से गुजर रहे हैं तो अखरोट का सेवन करें। भीगे अखरोट का सेवन करने से शरीर के बढ़ते वजन को भी कंट्रोल कर सकते हैं। अखरोट में प्रोटीन, हेल्दी फैट, फाइबर और विटामिन से भरपूर होता है जो भूख कम करता है और शरीर को एनर्जी देता है। साथ ही इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है जो वजन को कंट्रोल करता है।

**स्किन होती है मुलायम :** सर्दियों में अक्सर लोगों की त्वचा ड्राई हो जाती है, जिस वजह से उन्हें लगातार इचिंग की समस्या का सामना करना पड़ता है। अगर आप अपनी त्वचा को मुलायम और कोमल बनाए रखना चाहते हैं तो रोजाना अखरोट खाएं। यह आपको एक खूबसूरत और स्वस्थ त्वचा देगा।

**दिमाग के लिए फायदेमंद :** जिनकी मेमोरी कमजोर है या जो लोग जल्दी जल्दी चीजें भूल जाते हैं उन लोगों को रोजाना अखरोट का सेवन करना चाहिए। अखरोट में मौजूद विटामिन ए, ओमेगा 3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व आपके दिमाग को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। अखरोट खाने से दिमाग में रक्त संचार बढ़ता है जिससे ऑक्सीजन और पोषक तत्व आसानी से दिमाग तक पहुंच पाते हैं और दिमाग की सेहत बेहतर होती है।

**कैंसर का खतरा करे कम :** अखरोट का सेवन करने से कैंसर से बचाव किया जा सकता है। इससे प्रोस्टेट कैंसर, कोलोरेक्टल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम हो सकता है। अखरोट में पाई जाने वाली पॉलिफेनॉल इलागिटैनिन्स पाया जाता है जो कैंसर से सुरक्षित रखने में आपकी मदद करता है।


**इस समय खाना है सेहत के लिए सबसे फायदेमंद :** सुबह के समय भिंगोया हुआ अखरोट खाने से सेहत को जबरदस्त फायदे मिलते हैं। सुबह नाश्ते में अखरोट खाने से आपको पूरे दिन एनर्जी मिलती रहती है। रोजाना सुबह खाली पेट 5-6 अखरोट खाने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं।

# शरीर में हाई यूरिक एसिड होने पर पेशाब के समय दिखते हैं ऐसे लक्षण

जब शरीर से यूरिक एसिड बाहर नहीं निकल पाता है, तो यह किडनियों या जोड़ों में जमा हो जाता है। वहीं शरीर में यूरिक एसिड जमा होने से गाउट या किडनी में पथरी की समस्या हो जाती है। इस दौरान शरीर में ऐसे लक्षण नजर आते हैं। यूरिक एसिड शरीर में बनने वाला एक अपशिष्ट पदार्थ है। कुछ खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले प्यूरीन तत्व के टूटने से यूरिक एसिड बनता है। आमतौर पर यह रक्त में घुल जाता है। वहीं पेशाब के जरिए यह शरीर से बाहर निकल जाता है। लेकिन जब शरीर से यूरिक एसिड बाहर नहीं निकल पाता है, तो यह किडनियों या जोड़ों में जमा हो जाता है। वहीं शरीर में यूरिक एसिड जमा होने से गाउट या किडनी में पथरी की समस्या हो जाती है। हांलाकि यूरिक एसिड के इलाज के लिए सबसे पहले इसके लक्षणों का सही समय पर पता लगाना बेहद जरूरी होता है। आपको पेशाब में बढ़े हुए यूरिक एसिड के लक्षण नजर आ सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि यूरिक एसिड का लेवल हाई होने पर पेशाब में क्या लक्षण नजर आते हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि इसको कम करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जाने चाहिए।

**क्लाउडी यूरिन या झागदार पेशाब होना :** बता दें कि पेशाब के झागदार होना इस बात का संकेत है कि यूरिक एसिड ने छोटी पथरी का रूप ले लिया। लेकिन अगर इसके साथ आपको डिहाइड्रेशन की समस्या भी है, तो आपको अधिक सतर्क होने की जरूरत है।

**किडनी में पथरी :** अगर पेशाब के साथ यूरिक एसिड नहीं निकल पाता है, तो यह क्रिस्टल का रूप ले लेता है। जिसके बाद यह किडनी में पथरी का रूप ले लेता है। किडनी



में पथरी होने की वजह से पेशाब में रक्त, पेशाब पथ में बार-बार संक्रमण का होना और गंभीर दर्द के लक्षण नजर आते हैं।

**गहरे रंग की पेशाब होना :** गहरे या लाल रंग की पेशाब होना इस बात की तरफ संकेत करता है कि आपकी किडनी में सब ठीक नहीं है। यह इस ओर संकेत देता है कि किडनी में यूरिक एसिड जमा होने से पथरी बन रही है। या फिर पेशाब संबंधी समस्याओं का एक संभावित लक्षण हो सकता है।

**बार-बार पेशाब आना, दर्द या बेचैनी होना :** आपको बता दें कि कुछ लोगों को पेशाब के दौरान असुविधा या दर्द का अनुभव हो सकता है। खासकर गुर्दे में पथरी या मूत्र संबंधी रुकावट आपको परेशान कर सकती हैं। ऐसे में बार-बार पेशाब की इच्छा होना, दर्द या परेशानी होना यूरिक एसिड से संबंधित एक लक्षण हो सकता है।

**यूरिक एसिड के लक्षण :** अगर आपको ऊपर बताए गए पेशाब से जुड़े लक्षण महसूस होते हैं। तो आपको फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। क्योंकि डॉक्टर आपको यूरिक एसिड लेवल की जांच के लिए टेस्ट की सलाह दे सकते हैं।

## ऐसे कम करें यूरिक एसिड

पूरे दिन में कम से कम 10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए।

पर्याप्त मात्रा में पानी के सेवन से ब्लड में यूरिक एसिड पतला होता है।

इसके साथ ही हाई उच्च प्यूरीन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम करना चाहिए। हाई उच्च प्यूरीन वाले खाद्य पदार्थों में रेड मीट, समुद्री भोजन (विशेष रूप से शेलफिश), ऑर्गन मीट और कुछ सब्जियां शामिल हैं।

यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में कम वसा वाले डेयरी उत्पाद जैसे दूध और दही मददगार होते हैं।

शराब, विशेष रूप से बीयर और स्प्रिट आदि का सेवन नहीं करना चाहिए।

यूरिक एसिड के स्तर को कम करने के लिए चेरी या चेरी का जूस का सेवन करना चाहिए।

यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में विटामिन सी सहायक होता है।

यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में साबुत अनाज, फल और सब्जियों आदि का सेवन करना चाहिए।

## सूडोकु नवताल- 6920

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6919 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

## दैनिक पंचांग

21 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.16 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मकर | 08.25 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 10.12 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 11.44 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 13.15 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 14.55 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 16.53 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.06 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.23 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कन्या | 23.34 बजे से |
| | | तुला | 01.45 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.00 ब.से |

**गुरुवार** 2023 वर्ष का 355 वां दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080
**शक संवत्** 1945
**मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 09.38 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रेवती 22.09 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 13.27 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 09.38 बजे तदनन्तर तैतिल 20.56 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 8.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 26'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871834
**जूलियन दिन** 2460299.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 07

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7982




**बाएँ से दाएँ**

1. वटवृक्ष, बट-4
4. मितव्यय, बचत-4
6. ...... सनाप, बेतुकी बकवास-3
8. भाड़ा-3
9. मृत्यु होना-3
11. खुशी, सहमत-2
13. अक्लमंद, समझ वाला-5
15. बलिदान, उत्सर्ग-2
16. जबान, जीभ, जिह्वा-3
18. गिरोह, मंडली, समूह-3
19. अपनापन, प्रेम, स्नेह-3
20. फूलना-फलना-4
22. अभिलाषा, आकांक्षा, हसरत-4

**ऊपर से नीचे**

1. कलंकित, निंदित, लांछित-3
2. दुख, शोक, अफसोस-2
3. खात्मा, समाप्ति, बर्बाद-3
4. मकान आदि भाड़े पर लेने वाला-5
5. संस्कृति, सभ्यता-4
7. स्पर्श, छूना-3
10. ख्याति अर्जित करना (मु.-2,3)
12. वह आरोप जो किसी आरोप के जवाब में किया जाय-4
14. परंपरा, नियम, चाल -3
17. ख्याति, जाना-पहचाना-3
18. माला आदि फैरना-3
21. जेबकतरा, ठग, डाकू-2

शब्द पहेली -7981 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृष राशि :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**कर्क राशि :** शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**सिंह राशि :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**कन्या राशि :** संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**तुला राशि :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृश्चिक राशि :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**धनु राशि :** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**मकर राशि :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें, कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ राशि :** कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**मीन राशि :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## एक नजर

### जनवरी में नेपाल जाएंगे जयशंकर



**काठमांडू।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की सातवीं बैठक में भाग लेने के लिए 4-5 जनवरी 2024 को काठमांडू की यात्रा पर जाएंगे। जयशंकर अपने नेपाली समकक्ष एनपी सऊद के निमंत्रण पर हिमालयी राष्ट्र का दौरा कर रहे हैं। वह नेपाल-भारत संबंधों की समीक्षा करने और उन्हें सुचारू करने के लिए दोनों पड़ोसी देशों के बीच सर्वोच्च द्विपक्षीय तंत्र में भाग लेंगे। यात्रा के दौरान कुछ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। दोनों पक्ष लगभग तीन वर्षों के अंतराल के बाद होने वाली बैठक की तैयारी कर रहे हैं।

### शी चिनफिंग ने रूसी प्रधानमंत्री मिशुस्टिन से मुलाकात की



**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बुधवार को पेइचिंग स्थित जन वृहद भवन में रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन से मुलाकात की। इस दौरान, शी चिनफिंग ने कहा कि वह और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल की शुरूआत से दो बार मिल चुके हैं। दोनों देशों ने अपनी सरकारों, विधायी निकायों, राजनीतिक दलों और स्थानीय सरकारों के बीच घनिष्ठ आदान-प्रदान देखा है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में स्वस्थ, व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा मिला है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 9 करोड़ की ड्रग्स समेत विदेशी महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (कस्टम) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक विदेशी महिला को 9 करोड़ की ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। युगांडा से मंगलवार को देर रात मुंबई आई महिला ने अपने अंडरवियर में 890 ग्राम ड्रग्स छिपा रखी थी। कस्टम विभाग के अधिकारी ने बुधवार को बताया कि उनकी टीम को ड्रग सहित विदेशी महिला के मुंबई एयरपोर्ट पर आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर कस्टम की टीम एयरपोर्ट पर निगरानी कर रही थी। संदिग्ध महिला के दिखने पर कस्टम टीम ने उसे रोककर तलाशी ली। जब उसके सामान में ड्रग नहीं मिला तो उसके अंडरगारमेंट की तलाशी महिला अधिकारियों ने ली और 890 ग्राम ड्रग्स पाया गया। इसके बाद कस्टम की टीम ने विदेशी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

### विपक्षी सांसदों के निलंबन पर बोलीं सोनिया गांधी

# लोकतंत्र का गला घोंटा गया, मोदी-शाह पर साधा निशाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को संसद से 141 सांसदों के निलंबन को लेकर केंद्र की भाजपा नीत सरकार की आलोचना की और कहा कि लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया है। साथ ही उन्होंने 'इतिहास को विकृत करने' के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना भी की। गांधी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसे महान देशभक्तों को बदनाम करने के लिए इतिहास को विकृत करने और ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और सरकार की आलोचना की। कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की आम सभा की बैठक में पार्टी सांसदों को संबोधित करते हुए सोनिया गांधी ने कहा, "इस सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है।" उन्होंने कहा कि इससे पहले कभी भी संसद के इतने सारे विपक्षी सदस्यों को निलंबित नहीं किया गया था और वह भी सिर्फ एक उचित और वैध मांग उठाने के लिए। कांग्रेस नेता ने कहा, संसद के विपक्षी सदस्यों ने 13 दिसंबर की असाधारण घटनाओं के बारे में लोकसभा में गृह मंत्री के बयान देने की मांग की थी। इस अनुरोध को जिस अहंकार के साथ लिया गया उसका वर्णन करने के लिए कोई शब्द नहीं हैं। 13 दिसंबर को जो हुआ वह अक्षम्य है और इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता है। प्रधानमंत्री को राष्ट्र को संबोधित करने और घटना पर अपने विचार व्यक्त करने में चार दिन लग गए, और उन्होंने ऐसा संसद के बाहर किया। मैं यह कल्पना आप पर छोड़ती हूं कि अगर भाजपा आज विपक्ष में होती तो क्या प्रतिक्रिया देती।

सोनिया गांधी ने यह भी कहा कि इस सत्र में जम्मू-कश्मीर से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए हैं। उन्होंने कहा, जो लोग (पंडित) जवाहरलाल नेहरू जैसे महान देशभक्तों को बदनाम करने के लिए इतिहास को विकृत करते हैं और ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ते हैं, वे लगातार अभियान चला रहे हैं। इन प्रयासों का प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने स्वयं नेतृत्व किया है, लेकिन हम डरेंगे नहीं। हम सच बोलने पर कायम रहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा तुरंत बहाल करने और जल्द से जल्द चुनाव कराने की माँग की। उन्होंने कहा कि लद्दाख के लोगों की आकांक्षाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं, उन्हें संबोधित किया जाना चाहिए और वह सम्मान दिया जाना चाहिए जिसके वे हकदार हैं।




### निलंबित सांसदों ने संसद भवन परिसर में किया प्रदर्शन

संसद के दोनों सदनों से निलंबित किए गए सांसदों ने बुधवार को संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार सुबह आईएनडीआईए घटक दलों के सांसदों ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ संसद भवन परिसर में उनके दफ्तर में बैठक की। उसके बाद परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के सामने सभी निलंबित सांसदों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि संसद से विपक्षी सांसदों का निलंबन ठीक नहीं है। यह मोदी सरकार की लोकतंत्र विरोधी सोच दिखाता है। हमारी यही मांग है कि गृह मंत्री संसद सुरक्षा में हुई चूक के मुद्दे पर दोनों सदनों में बयान दें। उल्लेखनीय है कि संसद में हुई सुरक्षा चूक के मुद्दे पर विपक्ष मांग कर रही है कि संसद के दोनों सदन में गृह मंत्री जवाब दें। इस मांग को लेकर दोनों सदन में विपक्ष के कुछ सांसदों ने असंसदीय आचरण अपनाया था।

### कई अहम विधेयक लोस में सूचीबद्ध

आपराधिक कानूनों से जुड़े तीनों विधेयकों भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक- 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक -2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर मंगलवार को लोक सभा में शुरू हुई चर्चा बुधवार को भी जारी रहेगी। चर्चा के बाद सरकार बुधवार को ही तीनों विधेयकों को पारित करने का प्रस्ताव भी सदन में रखेगी। इन तीनों विधेयकों के साथ ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा शर्तों और कार्यालय अवधि) विधेयक - 2023, प्रेस और पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक - 2023 और टेलीकम्यूनिकेशन बिल -2023 भी बुधवार को लोक सभा में चर्चा और पारित करने के लिए सूचीबद्ध है। आपको बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वर्तमान सत्र के दौरान 12 दिसंबर को आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले इन तीन नए विधेयकों- भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक -2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 को लोक सभा में पेश किया था। इसके बाद शाह ने मंगलवार, 19 दिसंबर को इन तीनों बिलों पर एक साथ विचार करने का प्रस्ताव लोक सभा में रखा। इसके बाद मंगलवार को ही सदन में एक साथ आपराधिक कानूनों से जुड़े तीनों विधेयकों पर चर्चा शुरू हो गई जो आज भी जारी रहेगी।

### सदन में प्लेकार्ड लेकर आने वाले सांसदों को बिरला ने दी चेतावनी, कार्यवाही स्थगित

**सांसदों** के निलंबन को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच टकराव की स्थिति लगातार बनी हुई है। बुधवार को सुबह 11 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने पर भी विपक्षी सांसदों का सदन में हंगामा जारी रहा। हंगामे और नारेबाजी के बीच लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया और लगभग 25 मिनट तक सदन में इसी माहौल में प्रश्नकाल चलता रहा लेकिन इसके बाद विपक्षी सांसदों का हंगामा और नारेबाजी लगातार बढ़ने लगा। विपक्षी सांसद लोक सभा स्पीकर तक पर आरोप लगाने लगे। विपक्षी सांसद सदन में प्लेकार्ड भी लहराते नजर आ रहे थे। लोक सभा अध्यक्ष बिरला ने सदन में प्लेकार्ड लहराने वाले सांसदों को नामित करते हुए उन्हें गंभीर चेतावनी भी दी। सदन में प्लेकार्ड लहराने वाले सांसदों को चेतावनी देते हुए बिरला ने लोक सभा की कार्यवाही को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।



### पीएम ने उपराष्ट्रपति को फोन कर अपमानजनक नाटकीयता पर जताया दुख

**पीएम** ने बुधवार को उपराष्ट्रपति को टेलीफोन कर कल संसद परिसर में कुछ सांसदों की अपमानजनक नाटकीयता पर गहरा दुख व्यक्त किया। बातचीत के दौरान पीएम ने धनखड़ से कहा कि वह खुद बीस साल से अधिक समय से इस तरह का अपमान झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह पिछले बीस वर्षों से इस तरह के अपमान सहते आ रहे हैं, लेकिन देश के उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद के साथ और वह भी संसद में, ऐसा होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उपराष्ट्रपति ने बताया कि उन्होंने पीएम से कहा कुछ लोगों की बेतुकी हरकतें मुझे मेरा कर्तव्य निभाने और हमारे संविधान में निहित सिद्धांतों का सम्मान करने से नहीं रोक सकती हैं।

### कल्याण बनर्जी का माफी मांगने से इनकार, कहा- मिमिक्री एक कला है



**कोलकाता।** संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाने की घटना का मामला गरमाने के बाद तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी खुद कैमरे के सामने आ गए हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि मिमिक्री एक कला है, जिसे मैंने दिखाया। मुझे नहीं पता कि धनखड़ साहब ने इसे अपने ऊपर क्यों लिया। अगर वाकई ऐसा है तो क्या वह राज्यसभा के अंदर इस तरह का व्यवहार करते हैं? वह मेरे सीनियर हैं। हम दोनों एक ही प्रोफेशन में रहे हैं। हम जानते हैं कि किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। दरअसल, संसद परिसर में राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है।

## डोनाल्ड ट्रम्प नहीं लड़ पाएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव

### कैपिटल हिंसा मामले में अदालत ने अयोग्य ठहराया



**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी सत्ता में दोबारा आने की होड़ में शामिल पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को कोलोराडो प्रांत की प्रमुख अदालत ने यूएस कैपिटल हिंसा मामले में ट्रम्प को राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य करार दिया है। अदालत ने रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से व्हाइट हाउस की दौड़ के लिए प्रमुख उम्मीदवार ट्रम्प को राष्ट्रपति पद के लिए राज्य के प्राथमिक मतदान से हटा दिया है। अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को अयोग्य ठहराए जाने का यह पहला मामला है। कोलोराडो हाई कोर्ट ने 4-3 के बहुमत वाले अपने फैसले में कहा कि ट्रंप 14वें संशोधन की धारा-3 के तहत राष्ट्रपति पद संभालने के अयोग्य हैं। कोलोराडो प्रांत के हाई कोर्ट ने जिला अदालत के निर्णय को पलटते हुए यह आदेश दिया। जिला अदालत ने कहा था कि ट्रम्प ने 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद पर हुए हमले के लिए भीड़ को हिंसा के लिए उकसाया था लेकिन ट्रम्प को राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा लेने से नहीं रोका जा सकता क्योंकि यह साफ नहीं है कि संविधान की धारा राष्ट्रपति पद को कवर करती है। गौरतलब है कि वर्ष 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की हार के बाद उनके समर्थकों ने 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) पर हमला कर दिया था। उनके हजारों समर्थक संसद भवन के भीतर घुसकर जमकर हिंसा व तोड़फोड़ कर दी थी। हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई। ट्रम्प पर समर्थकों को संसद भवन में घुस कर हिंसा के लिए भड़काने का आरोप लगा था।

## सिलक्यारा टनल में 38 दिनों बाद बड़कोट सिरे से शुरू हुआ काम



**एजेंसी। उत्तरकाशी**

यमुनोत्री मार्ग पर बन रही निमार्णाधीन सिलक्यारा टनल का काम फिर से शुरू हो गया है। हादसे के 38 दिनों बाद काम शुरू हो पाया। अब सुरंग केवल 480 मीटर ही बची हुई है।

मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञ जांच समिति ने सिलक्यारा हादसे की जांच शुरू कर दी है। वहीं कंपनी पहले बड़कोट सिरे से काम कर रही है। जांच होने के बाद सिलक्यारा सिरे से भी सुरंग निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। सिलक्यारा टनल हादसे की जांच करने वाली टीम 4 दिनों की जांच के बाद दिल्ली वापस लौट गई है। अब जांच टीम अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपेंगी। उसके बाद ही सिलक्यारा टनल के सिरे से काम शुरू होगा। एनएचआईडीसीएल के निदेशक, अंशु मनीष खल्खो ने बताया कि सुरंग के सिलक्यारा सिरे से जांच के बाद ही काम शुरू होगा, लेकिन बड़कोट सिरे से कंपनी ने काम शुरू कर दिया है। अभी जांच टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। बचाव में लगी कंपनियों के बिल के आधार पर ऑपरेशन के खर्च का कुल बिल निर्माण कंपनी को दिया जाएगा।

बता दें कि 12 नवंबर को दिवाली की सुबह टनल में भूस्खलन के चलते टनल के अंदर 41 मजदूर फंस गए थे। जिसके बाद उन्हें 17 दिन बाद तमाम एजेंसियां की मदद से रेस्क्यू किया गया।

## कई देश खरीदेंगे आकाश मिसाइल

**नई दिल्ली।** स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के लिए आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर मिलने के बाद अब फिलीपींस, ब्राजील और मिस्र सहित कई देशों ने खरीद में रुचि दिखाई है। स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर का निर्यात बढ़ाने के प्रयासों के बीच आकाश वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली ने भारत को एयरोस्पेस की दुनिया में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। 'आत्म निर्भर' अभियान के तहत भारत रक्षा प्लेटफार्मों और अलग-अलग तरह की मिसाइलों का निर्माण करके लगातार एयरो स्पेस की दुनिया में अपनी क्षमताओं को बढ़ा रहा है। स्वदेशी आकाश मिसाइल सिस्टम दूसरे देशों को भी निर्यात किये जाने के लिए 30 दिसम्बर, 2020 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। आकाश मिसाइल सिस्टम 96 प्रतिशत से अधिक स्वदेशीकरण के साथ देश की महत्वपूर्ण मिसाइल है। सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल की रेंज 25 किलोमीटर है।

### 15 ड्रग तस्करों को थाई सेना ने मार गिराया

**बैंकॉक।** थाइलैंड ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 ड्रग तस्करों को मार गिराया है। थाइलैंड की सेना ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए म्यांमार सीमा पर यह कार्रवाई की है। सेना ने तस्करों के पास से मादक पदार्थ मेथामफेटामाइन की 20 लाख गोलियां जब्त की। नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड (एनसीबी) के अनुसार, सेना को चियांग प्रांत में सीमा के पास तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। छापेमारी के दौरान सेना के अधिकारियों को इलाके में 20 लोग पीठ पर बैग लाद कर ले जाते हुए दिखे। जब अधिकारियों ने उन्हें पहचान बताने और बैग का निरीक्षण करने के लिए कहा तो तस्करों ने सेना पर गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने जवाबी गोलीबारी में 15 तस्करों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में मारे गए 15 तस्करों की पहचान अभी नहीं हुई है। मादक पदार्थों के स्त्रोत का पता लगाने में एनसीबी जुटी है।

## कोरोना जे एन-1 से घबराने की जरूरत नहीं : डॉ. वीके पॉल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी के पॉल ने बुधवार को राज्यों के साथ समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में बताया कि कोरोना के नए वेरिएंट जे एन-1 से घबराने की नहीं बल्कि सजग रहने की आवश्यकता है। डॉ. पॉल ने बताया कि देश में कोरोना के लगभग 2300 सक्रिय मामले हैं। हाल ही में अचानक कोरोना के मामलों में आया उछाल जेएन.1 वैरिएंट के कारण है। उन्होंने कहा कि इस वेरिएंट से घबराने की जरूरत नहीं है। फिलहाल ज्यादातर मामले केरल, तमिलनाडु, गोवा और कर्नाटक से आ रहे हैं। कोरोना से पिछले दो हफ्तों में गंभीर सांस के रोग वाले लोगों में 16 मौतें हुईं। डॉ. वी के पॉल ने बताया कि कोरोना की स्थिति और सरकार की तैयारियों पर राज्यों के साथ समीक्षा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से जागरूक और सतर्क रहने का अनुरोध किया है। इसके साथ निगरानी तंत्र को मजबूत करने को भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में राज्यों को अस्पताल की उपलब्धता के लिए तैयारी के संदर्भ में पूर्ण तैयारी की जांच करने को कहा गया है।

फिल्म जगत

### मंदाना का डीपफेक वीडियो : मास्टर माइंड को तलाश रही दिल्ली पुलिस




**नई दिल्ली।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की डीपफेक प्रोफाइल बनाने के पीछे के मास्टरमाइंड को पकड़ने के लिए दिल्ली पुलिस की तलाश अभी भी जारी है। एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि चार संदिग्धों को ट्रैक करने के बावजूद, यह पता चला है कि वे केवल अपलोडर थे और फर्जी वीडियो के वास्तविक निमार्ता नहीं थे। वीडियो में काली पोशाक में एक अलग महिला को लिफ्ट में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है। कथित अपराधी ने वीडियो में मूल महिला के चेहरे पर मंदाना का चेहरा लगाने के लिए कथित तौर पर एआई टेकनीक का इस्तेमाल किया। एक सूत्र ने कहा, पुलिस ने मेटा से नवंबर में सोशल मीडिया पर उपरोक्त 'डीपफेक' वीडियो साझा करने के लिए जिम्मेदार इंस्टाग्राम अकाउंट के यूआरएल का खुलासा करने के लिए कहा था, हालांकि, कुछ सवालों के जवाब दिए गए थे। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 465 (जालसाजी) और 469 (प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जालसाजी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66सी और 66ई भी जोड़ी गई है। यह कानूनी कार्रवाई दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की एक शिकायत के बाद हुई, जिसने भारतीय अभिनेत्री से जुड़े 'डीपफेक' वीडियो का स्वतः संज्ञान लिया। डीसीडब्ल्यू प्रमुख स्वाति मालीवाल ने एक्स पर लिखा था, हमारे नोटिस के बाद, दिल्ली पुलिस ने रश्मिका मंदाना फर्जी वीडियो मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

**अभियान** | सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी मिल रहा लाभ, बोले अर्जुन मुंडा

# एबी-पीएमजेवाई ने लिया जनांदोलन का रूप

### यह योजना दुनिया की सबसे बेहतर हेल्थ केयर योजना

### 16 लाख लोगों को सिकल सेल एनिमिया का कैरियर पाया गया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि बुधवार को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश में एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है। यह योजना दुनिया की बेहतर हेल्थ केयर योजना है जिससे सुदूर क्षेत्र में रहने वाले लोगों तक भी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा रही है। बुधवार को केन्द्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में मीडिया से बातचीत में अर्जुन मंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य का क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। केन्द्र सरकार देश के सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। इसी दिशा में प्रधानमंत्री ने युवाओं को फिट इंडिया आंदोलन से जोड़ा है। युवा फिट रहेंगे तो देश के विकास में भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को ध्यान में रखते हुए देश को टीबी मुक्त भारत बनाने की दिशा में भी मिशन मोड में काम शुरू किया गया है। इसके साथ हाल ही में जनजातीय मंत्रालय के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 की शुरूआत की है। यह दुनिया का अभिनव कार्यक्रम है जो 7.5 करोड़ लोगों की आबादी को ध्यान में रख कर शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनिमिया 1956 में देखा गया लेकिन इसके उन्मूलन की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काम शुरू किया। अब तक इस अभियान में 90 लाख डेटा बनाए जा चुके हैं। 16 लाख लोगों को सिकल सेल एनिमिया का कैरियर पाया गया है।

अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश में स्वास्थ्य सेवा एवं शोध संस्थानों के रूप में आज 23 एम्स हैं, जिसमें से तीन निर्माणाधीन हैं। उसे भी जल्दी पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के साथ आज 1.37 लाख से अधिक जन आरोग्य मंदिर हैं जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत लोगों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की जा रही है। लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं जिससे वे साल में पांच लाख तक की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। कोरोना के नए वेयरियंट को लेकर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बुधवार को सभी राज्यों के साथ बैठक कर रहे हैं लेकिन लोगों को भी सजग रहने की आवश्यकता है।

## आज का पंचांग

गुरुवार को हिंदू पंचांग को वैदिक पंचांग के नाम से जाना जाता है। पंचांग के माध्यम से समय और काल की सटीक गणना की जाती है। पंचांग मुख्य रूप से पांच अंगों से मिलकर बना होता है। ये पांच अंग तिथि, नक्षत्र, वार, योग और करण है।

## एक नजर

### श्रमदान दिवस पर श्रमिकों को किया गया सम्मानित

रांची। बुधवार को विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के तत्वावधान में श्रमदान करने वाले हुनर वाज श्रमिक भाई सुबोध कुमार शर्मा, रविंद्र कुमार शर्मा एवं अन्य भाई को मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा जी के नेतृत्व मे सम्मानित किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार,संरक्षक पिंटू शर्मा, छत्रपाल राम उस्ताद आदि मौजूद थे। बताते चलें मंच की ओर से श्रमदान देने वाले श्रमिक भाईयों के मनोबल बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रमदान दिवस मनाया गया। उपरोक्त सम्मानित हुनरवाज विश्वकर्मा श्रमिक भाई जरुरतमंद लोगों के मकानों का निः शुल्क श्रमदान देकर टेबल, कुर्सी, बेड, दरवाजे आदि की रिपेयरिंग करते हैं और इसे अपना धर्म समझते हैं।

### बड़ा तालाब को पर्यटक स्थल के रूप अधिसूचित करने की अनुशंसा

रांची। उपायुक्त सह अध्यक्ष रांची जिला पर्यटन संवर्धन परिषद, राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् की बैठक हुई। बैठक में रांची के सांसद, राज्यसभा सांसद, विधायक व उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में रांची अवस्थित बड़ा तालाब को श्रेणी-बी में शामिल करने पर चर्चा की गई। बड़ा तालाब के संबंध में समिति के सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि यह तालाब रांची की एक पौराणिक धरोहर है। जो रांची शहर के मध्य भाग में अवस्थित है। यह तालाब करीब 175 वर्ष पुराना है तथा रांची के अधिकतर लोगों की इससे आस्था जुड़ी हुई है। बड़ा तालाब के मध्य भाग में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद का एक विशालकाय मूर्ति अधिष्ठापित है।

### फुटबॉल कप प्रतियोगिता का रंगारंग समापन

रांची। पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के तत्वाधान में आयोजित जोनल स्तरीय तीन दिवसीय पुरुष - महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न। स्वागत भाषण जिला खेल पदाधिकारी रांची सह आयोजन सचिव शिवेंद्र कुमार ने किया। जबकि आगन्तुको का स्वागत वरीय प्रशाखा पदाधिकारी मनोज पासवान ने किया। फाइनल मैच एवं समापन समारोह में मंच का संचालन वरीय प्रशिक्षक अजय झा ने किया। समापन समारोह के अवसर पर स्वागत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ओरमांझी के छात्राओं ने सभी अतिथियों का स्वागत बैंड डिस्प्ले के धुन के साथ मुख्य मंच तक लाये एवं मैदान में धुन पर की आकर्षक प्रस्तुति पेश की।

सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर राजकीय कार्यक्रम 29 दिसंबर को

# उपायुक्त राहुल सिन्हा ने तैयारियों की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राहुल कुमार सिन्हा ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। समाहरणालय में आयोजित बैठक में 29 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त, दिनेश कुमार यादव, आईटीडीए निदेशक सुधीर बाड़ा, डीआरडीए निदेशक रामवृक्ष महतो, जिला नजारत उपसमाहर्ता केवल कृष्ण अग्रवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, जिला शिक्षा अधीक्षक, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गयी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को विभिन्न योजनाओं के लाभुकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा संचालित राज्यस्तरीय विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जानी है। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, अबुआ आवास योजना, ग्राम गाड़ी योजना, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, सर्वजन पेंशन योजना आदि के लाभुकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने आयोजन स्थल पर साज सज्जा को लेकर विशेष ध्यान देने की बात कही। मोरहाबादी मैदान में कार्यक्रम की तैयारी, मंच संचालन आदि व्यवस्था को लेकर भी उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# इंडियन बैंक के तत्वाधान में नराकास की 29वीं बैठक का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता। रांची

इंडियन बैंक द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), रांची की 29वीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नराकास (बैंक) रांची के अध्यक्ष एवं इंडियन बैंक के अंचल प्रबंधक एफआर बोखारी ने की। इस बैठक में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के सहायक निदेशक निर्मल कुमार दुबे एवं इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै के राजभाषा से आमंत्रित थे। इसके अलावा नाबार्ड के प्रभारी-अधिकारी /महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह, केनरा बैंक के महाप्रबंधक श्रीनाथ जोशी, यूनियन बैंक के महाप्रबंधक बैजनाथ सिंह एवं सभी बैंकों / वित्तीय संस्थानों/ बीमा कंपनियों के कार्यालय प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन नराकास के सदस्य सचिव एवं इंडियन बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा ने किया।

# आदिवासी कल्याण मंत्री से आदिवासी सेना ने त्वरित कार्रवाई की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आदिवासी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की। अजय कच्छप ने मंत्री को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रतिनिधिमंडल की ओर से उन्हें एक मांग पत्र सौंपकर सरना भवन, जतरा भवन, सामुहिक भवन, सरना बाउंड्री, मसना व अन्य बाउंड्रीवाल और अन्य सामुहिक सामाजिक स्थल पर चापाकल बोरिंग व अन्य लंबित मामला पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि आदिवासी सेना के मांगपत्र पर विचार करते हुए लंबित मामलों पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में सुमन लोहरा, मानू तिग्गा, सुखदास मुंडा, मंटू मुंडा, रंजन रवि, पंकज मुंडा, इस्लाम अंसारी, चिल्टू उरांव, रामा महली, राजेश लिंडा, मंशा बड़ाईक, विश्वा तिर्की, गणेश मिर्धा, संजय लोहरा, मंगल मुंडा, बिरसा लोहरा और बिरसा एक्का शामिल थे।

श्रीवैकुण्ठाधिपति के दिव्य वैकुण्ठोत्सव पर सहस्त्रनाम अर्चना की बुकिंग शुरु

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में चार दिवसीय अनुष्ठान गुरुवार से शनिवार तक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में गुरुवार से लेकर रविवार तक चार दिनी श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना का होगा अनुष्ठान। गुरुवार प्रातः नित्याराधन, भोग, आरती स्तुति आदि पूजाक्रम के पश्चात प्रथम पाली का आयोजित अर्चनानुष्ठान प्रातः आठ बजे शुरू किया जायेगा। द्वितीय पाली सुबह दस बजे, तृतीय सायं 4:30 बजे तथा चौथी पाली की अर्चना सायं 6 बजे होगी। चारों दिन के सहस्त्रार्चन का समय इसी प्रकार रहेगा। चार दिवसीय इस महानुष्ठान में यजमान स्वरूप सहभागिता निभाने के लिए श्रद्धालुओं ने पहले से ही कूपन प्राप्त कर बुकिंग करा रहे हैं। मूल रूप से वैकुण्ठ एकादशी 23 दिसंबर शनिवार को है। इसके आगे और पीछे की महत्वपूर्ण तिथियां भी समान फल देनेवाली बतायी गयी हैं। वैकुण्ठ एकादशी उत्सव धनुर्मास के दौरान शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनायी जाती है। माना जाता है कि वैकुण्ठलोक का द्वार इस दिन खुलता है। इसलिए यह मान्यता है कि वैकुण्ठ एकादशी के दिन व्रत धारण कर वैकुंठ द्वार से जो प्रवेश करेगा उसे निश्चित रूप

## कोर्ट की खबरें

### बिहार एसटीएफ और रांची पुलिस ने इनामी बदमाश को दबोचा

**रांची।** बिहार एसटीएफ और रांची पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात अपराधी संजय कुमार उर्फ संजय सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे सदर थाना क्षेत्र के बड़गाई से पुलिस ने अवैध रायफल के साथ पकड़ा है। गिरफ्तार संजय पांडव गिरोह का सरगना भी बताया जा रहा है। संजय सिंह मूल रूप से पटना जिले के धनरुआ थाना के नीमा गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ हत्या, अपहरण, रंगदारी से संबंधित कई मामले दर्ज हैं। संजय पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित है। रांची के एक वरीय अधिकारी ने खबर की पुष्टि की है।

### सीबीआई की टीम अवैध खनन मामले की जांच करने पहुंची नीबू पहाड़

**रांची/ साहिबगंज।** रांची सीबीआई की टीम बुधवार को अवैध खनन मामले की जांच करने नीबू पहाड़ पहुंची। सीबीआई की टीम 40 मिनट तक वहां रुकी और आवश्यक जानकारियां जुटाकर निकल गयी। इससे पूर्व मंगलवार को सीबीआई की टीम शोभनपुर भट्ठा स्थित दाहू यादव के घर और बथान पहुंचकर जांच की थी। सीबीआई की तीन सदस्यीय टीम साहेबगंज पहुंची। टीम सोमवार से ही वहां जांच-पड़ताल कर रही है। सीबीआई टीम परिसदन में रुकी हुई है। इस मामले में सीबीआई जल्द और लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस कर सकती है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बीते सात दिसंबर को सीबीआई की 40 सदस्यीय टीम ने एक साथ पंकज मिश्रा सहित आठ लोगों के यहां छापेमारी की थी।

### झारखंड हाई कोर्ट ने निशिकांत दुबे की याचिका निष्पादित की

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने देवघर एयरपोर्ट पर रात्रि विमान सेवा शुरू करने को लेकर दायर याचिका पर फैसला सुना दिया है। अदालत ने 19 सितंबर को सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने बुधवार को राज्य सरकार को एक महीने में सभी भवन मालिकों को मुआवजा का भुगतान करने का निर्देश दिया। साथ ही मुआवजे की राशि 25 प्रतिशत बढ़ा दी। इसके बाद हाई कोर्ट ने निशिकांत दुबे की याचिका को निष्पादित कर दिया। इस मामले में अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने निशिकांत दुबे का पक्ष रखा।याचिका निष्पादित होने के बाद उम्मीद की जा रही है कि अगले एक महीने में देवघर में रात्रि विमान सेवा शुरू हो जायेगी। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने हाई कोर्ट में अवमानना वाद दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने देवघर एयरपोर्ट पर रात्रि विमान सेवा को जल्द शुरू करने की मांग की थी। याचिका में उन्होंने कहा था कि झारखंड हाई कोर्ट ने वर्ष 2013 के एक पीआईएल की सुनवाई के दौरान तत्कालीन अधिकारियों द्वारा दिये गये हलफनामे को देखते हुए याचिका निष्पादित की थी लेकिन हाई कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी देवघर एयरपोर्ट पर अब तक सुचारु रूप से उड़ानें शुरू नहीं हुई। याचिका में यह भी कहा गया कि कुछ उड़ान कंपनियां वहां से अपनी सेवा शुरू करने में दिलचस्पी दिखा रही हैं लेकिन एयरपोर्ट पूरी तरह से फंक्शनल नहीं होने के कारण वहां से रात्रि विमान सेवा शुरू नहीं की जा रही है।

### प्रखंड समन्वयकों को सिर्फ पंचायती राज के कार्यों में ही लगाएं : निशा उरांव

रांची। पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने पंचायत राज स्वशासन परिषद अंतर्गत कार्यरत कर्मियों को प्राथमिकता के अनुसार पंचायती राज संस्थानों में ही कार्य पर लगाने का निर्देश सभी उपायुक्तों को दिया है। उन्होंने इस संबंध में पूर्व सचिव विनय कुमार चौबे के हस्ताक्षर से जारी पत्र की कॉपी भी दी है। निशा उरांव ने कहा कि लगातार समीक्षा में यह बात सामने आ रही है कि स्वशासन परिषद अंतर्गत कार्यरत कर्मियों को दूसरे कार्यों में लगाया जा रहा है, जिस वजह से पंचायतों का काम प्रभावित हो रहा है। विभागीय लक्ष्य प्राप्त करने में भी दिक्कत हो रही है। राज्य सरकार ने पंचायती राज स्वशासन परिषद के अंतर्गत प्रखंड समन्वयकों की नियुक्ति की थी और इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश भी दिया गया था। यह स्पष्ट किया गया था कि प्रखंड समन्वयक की नियुक्ति पूरी तरह से स्वशासन परिषद के कार्यों

# सृजन और संघर्ष से बनता है आदिवासी साहित्य का सौंदर्य : रवि भूषण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

किताब उत्सव में तीसरे दिन का पहला सत्र 'हमारा झारखंड हमारा गौरव' झारखंड की विचारक-कथाकार एलिस एक्का पर केंद्रित रहा। इस सत्र में आदिवासी विमर्श की चिंतक वन्दना टेटे ने उनके जीवन और व्यक्तित्व पर वक्तव्य दिया। वन्दना ने कहा कि एलिस एक्का ने न सिर्फ साहित्य बल्कि विविध क्षेत्रों में काम किया। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। एलिस को पढ़ते हुए मुझे बहुत सहजता महसूस होती है। उनके लेखन में कोई बनावट नहीं है। आदिवासियों की खास बात होती है कि वो एकसाथ कई भाषाएं जानते हैं। एलिस भी कई भाषाएं जानती थीं। उनकी कहानियां सिर्फ महिला प्रधान नहीं हैं बल्कि उनमें समाज में मौजूद भेदभाव भी लक्षित होते हैं। आदिवासी कहानियां बहुत आशावादी होती हैं। एलिस की कहानियों में प्रकृति का चित्रण बहुत सहज ढंग से किया गया है। साहित्य के माध्यम से ही हम दुनिया को अपने समाज के बारे में बता सकते हैं। जबतक हम अपने अतीत को नहीं जानेंगे तबतक हम आदिवासी मूल्यों को मजबूती से नहीं लिख पाएंगे। जिन आदिवासी लेखकों ने हम लोगों के लिए नींव बनाई है, उन्हें जाने बगैर हम उसपर कोई इमारत नहीं खड़ी कर सकते। दूसरा सत्र मनोज भक्त के उपन्यास 'शाल डूंगरी का घायल सपना' पर केंद्रित रहा। इस सत्र में मनोज भक्त, साहित्यकार पंकज मित्र, सावित्री बड़ाइक और श्री विनोद कुमार सिंह ने उपन्यास पर अपना वक्तव्य रखा। इस सत्र में डॉ. राम दयाल मुंडा जनजातीय शोध कल्याण संस्थान के निदेशक रणेन्द्र ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि साहित्यिक रचनाओं में एक इतिहास छिपा रहता है। उन्होंने इशाल डूंगरी का घायल सपना किताब के बारे में बताया कि इस उपन्यास में झारखण्ड बनने के बाद की राजनीति की कटु सचाइयों को उपन्यास के रूप में सजीव चित्रण किया गया है। मनोज भक्त ने लेखकीय वक्तव्य देते हुए बताया कि कैसे झारखण्ड आंदोलन ने उनको इस उपन्यास को लिखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वो उनके गांव के आसपास आदिवासी समाज के खिलाफ जो जुल्म और सितम ढाए जा रहे थे उन घटनाओं को कहानी के माध्यम से सामने लाने का प्रयास किया है। अगली वक्ता सावित्री बड़ाइक ने इस उपन्यास की चर्चा करते हुए कहा कि इसे पढ़ते वक्त उन्हें इनके किरदारों में सिमडेगा और गुमला की हर रोज मानव तस्करी की जा रहीं बच्चियों की झलक दिखाई पड़ती है। इस उपन्यास की सुंदर लेखनी और किरदारों का सजीव चित्रण इसकी रोचकता को अंत तक बनाए रखती है।

## कार्यालयः- असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,चतरा।

-:आम सूचना:-

प्रखण्ड सिमरिया एवं लावालौंग में ग्रामीण स्वास्थ्य सहिया का चयन विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में निम्नांकित विवरणी अनुसार किया जाना है :-

| क्रम | दिनांक | प्रखण्ड | राजस्व ग्राम | पंचायत | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 21.12.2023 | सिमरिया | चोपे | चोपे | 09:00AM | पंचायत भवन |
| 02 | 21.12.2023 | सिमरिया | दुन्दुआ | सेरेंदाग | 03:15PM | पंचायत भवन |
| 03 | 22.12.2023 | लावालौंग | सिलदाग | सिलदाग | 10:30AM | पंचायत भवन |
| 04 | 23.12.2023 | लावालौंग | मड़वा | कोलकोले | 10:30AM | पंचायत भवन |
| 05 | 23.12.2023 | लावालौंग | कल्याणपुर | हेडुम | 03:15PM | पंचायत भवन |
| 06 | 06.01.2024 | सिमरिया | डाड़ी | डाड़ी | 10:30PM | पंचायत भवन |

असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

PR 313877 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या- 37 / 2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम :- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक 29.12.2023 अपराहन 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :- कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 30.12.2023 को अपराहन 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समयः- कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 30.12.2023 को अपराहन 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणीः-

| क्र. सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03 | नागरिक सुविधा | Construction of 02 Seater Toilet with installation of 1000 Liters Capacity water Storage tank in ward no 03 Near Vending Zone shop. | 149600.00 | 1000.00 | 3000.00 | 15 दिन |
| 02 | 03 | नागरिक सुविधा | Installation of 1.5 H.P Submersible electric moter Pump set Near Vending Zone shop in ward no 03 Manjhiaon | 107300.00 | 1000.00 | 2200.00 | 15 दिन |
| 03 | 03 | नागरिक सुविधा | Deep Boring (200 X 150 mm dia) Near Vending Zone shop in ward no 03, Manjhiaon | 149300.00 | 1000.00 | 3000.00 | 15 दिन |
| 04 | 03 | नागरिक सुविधा | Laying of Paver Block and Earth filling near Vending Zone shop North Side in ward no 03 | 147200.00 | 1000.00 | 3000.00 | 15 दिन |
| 05 | 03 | नागरिक सुविधा | RCC drain (Nala) with Slab north towards east side of Vending Zone shop in ward no 03 Under Nagar Panchayat Manjhiaon | 149900.00 | 1000.00 | 3000.00 | 15 दिन |
| 06 | 03 | नागरिक सुविधा | RCC drain (Nala) with Slab north towards Wast side of Vending Zone shop in ward no 03 Under Nagar Panchayat Manjhiaon | 149900.00 | 1000.00 | 3000.00 | 15 दिन |
| 07 | 03 | नागरिक सुविधा | Construction of Storm water Drainage East side of Vending Zone in ward no 03 | 143500.00 | 1000.00 | 3000.00 | 15 दिन |
| 08 | 03 | नागरिक सुविधा | Construction of Storm water Drainage West side of Vending Zone in ward no 03 | 143500.00 | 1000.00 | 3000.00 | 15 दिन |
| 09 | 06 | 15वें वित्त | Construction of RCC drain with Slab from Rajesh Vishwkarma House via Rampyari house to Jitendra Vishwakarma at ward no 06 | 475720.00 | 1000.00 | 9600.00 | 30 दिन |

नोट :- विस्तृत सूचना एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव।

PR 313921 Urban Development(23-24)D

## पृष्ठ एक के शेष

**सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा...**

जेटेट की परीक्षा नहीं ली है। कोर्ट ने कहा कि वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने सीटेट परीक्षा पास की है या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास की है, वे सहायक आचार्य परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। यदि ऐसे अभ्यर्थी चयनित हो जाते हैं और नियुक्त होते हैं तो उन्हें तीन वर्ष के भीतर पहले प्रयास में ही झारखंड सरकार द्वारा आयोजित जेटेट परीक्षा पास करनी होगी। अभ्यर्थियों को सहायक आचार्य परीक्षा में परीक्षा की तैयारी के लिए तीन माह का समय दिया जाये। यदि तीन साल में राज्य सरकार जेटेट परीक्षा नहीं लेती है तो अभ्यर्थियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होगी। कोर्ट के आदेश पारित किये जाने के क्रम में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने सरकार के उच्च अधिकारियों से दिशा निर्देश लिया, उसके बाद कोर्ट के आदेश पर अपनी सहमति जतायी।

**याचिकाकर्ता का पक्ष :** याचिकाकर्ता का कहना था कि झारखंड सरकार ने वर्ष 2016 के बाद टेट परीक्षा नहीं ली है लेकिन राज्य में शिक्षक नियुक्ति परीक्षा शुरू हो गई है, इसके लिए आवेदन मंगाये जा रहे हैं। इसलिए शिक्षक नियुक्ति में सीटेट पास अभ्यर्थियों को भी शामिल होने दिया जाये या झारखंड सरकार जेटेट परीक्षा का आयोजन कराये। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि 23 अगस्त, 2010 के एनसीटीई की गाइडलाइन में प्रोविजन है कि यदि राज्य सरकार टेट परीक्षा नहीं लेती है तो दूसरे राज्य से टेट परीक्षा या केंद्र सरकार से सीटेट पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति में कंसीडर किया जायेगा।

**पलामू लोस सीट पर किसका...**

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दावेदारों की बेहिसाब संख्या को देख सीट फाइनल होने के बाद पाला बदल की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसा इतिहास भी यहां रहा है।

**माननीय, उपराष्ट्रपति पर मिमिक्री करेंगे...**

अपने मन मुताबिक नहीं आये तो न्यायपालिका पर सवाल उठा देना, चुनाव हार गये तो ईवीएम पर सवाल उठा देना, नोटिस मिल जाये तो आयकर विभाग या ईडी पर सवाल उठा देना और पूछताछ के लिए बुला लिया जाये तो सीबीआई पर राजनीतिक हमला कर देना आम हो गया है। सांसद व विधायक सदन में जिस भाषा का इस्तेमाल करते हैं, वह समाज में बहस का स्तर तय करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे इस प्रकार चर्चा करें जो न केवल बहस की गुणवत्ता बढ़ाए बल्कि हमारी विधायी संस्थाओं का गौरव भी बढ़ाए।

**राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ...**

सरकार की ओर से सभी प्रकार का समर्थन दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को तैयारियों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्यों को कहा कि स्वास्थ्य का क्षेत्र किसी राजनीति का क्षेत्र नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय हर सहायता के लिए उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 के एक मामले की केरल में पुष्टि की गई है। दुनिया के कई देशों में कोरोना के नए मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

माही ने बेथेसदा की छात्रा शिल्पा कुमारी को साईकिल भेंट की

# पैसे की कमी से पढ़ाई न रूके : जुनैद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजाद ह्यूमन इनिशिएटिव (माही) के द्वारा जमैतुल इराकीन के सहयोग से नवीं व दसवीं की निःशुल्क कक्षाएं माही क्लासेस के नाम से चलायी जा रही है जिसमें लगभग 200 छात्र-छात्राएं दक्ष शिक्षकों के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस कक्षा में शामिल होने के लिए दूर-दराज के इलाकों से भी विद्यार्थी आते हैं। इसी क्रम में एक छात्रा शिल्पा कुमारी के कक्षा में उपस्थिति संघर्ष व लगन को देखते हुए माही ने शिल्पा के स्कूल बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय के सभागार में माही के संरक्षक जुनैद अनवर,वार्ड 16 की पार्षद नाजिमा रजा एवं प्रधानाध्यापिका रेश्मा केरकेट्टा* की उपस्थिति में उसे उपहार के रूप में साईकिल प्रदान किया। ज्ञात हो कि शिल्पा को अपने घर से प्रतिदिन माही क्लासेस पैदल आने-जाने में देढ़ से दो घण्टे का समय लगता है एवं सवारी के लिए आर्थिक कमी के कारण भाड़े की व्यवस्था नहीं कर पाती थी। साईकल प्राप्त कर शिल्पा ने खुशी का इजहार करते हुए कहा की अब वह आसानी से स्कूल, कोचिंग व अन्य जगहों पर जा सकती है जिससे काफी समय बचेगा और वह आगामी बोर्ड परीक्षा में ध्यान केंद्रित कर उत्तम अंकों से उत्तीर्ण होकर परिवार व स्कूल का नाम रौशन करेगी। इस अवसर पर माही के संयोजक जुनैद अनवर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी तरह के आर्थिक कमी के कारण शिक्षा समाप्त नहीं करना है। शिल्पा ने अपने संघर्ष व लगन से न केवल अपने शिक्षकों को बल्कि मुझे भी प्रभावित की और आप सभी को भी इससे प्रेरणा लेना चाहिए और शिक्षा के माध्यम से संघर्ष करते हुए सफलता की ओर बढ़ना चाहिए।

## एक नजर

### लाठी स्पोर्ट्स फेडेरेशन कप के लिए झारखंड टीम हरिद्वार के लिए रवाना

**रांची ।** ऑल इंडिया ट्रेडिशनल लाठी चैम्पियनशिप 2023 हरिद्वार,उत्तराखंड में 23 तथा 24 दिसंबर को आयोजित की जा रही है। जिसमे भाग लेने राज्य के 12 खिलाड़ी बुधवार को रांची से संस्था के महासचिव बिस्वजीत कर्माकर के नेतृत्व में रवाना हुए। अध्यक्ष अब्दुल कादिर तथा संरक्षक शैलेन्द्र मित्रा सहित सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### स्टार्क से हमारे घरेलू गेंदबाजों को काफी मदद मिलेगी : गंभीर

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर गौतम गंभीर का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपये में खरीदने से टीम को महत्वपूर्ण सीख देने में भी काफी मदद मिलेगी। मंगलवार को नीलामी में दो घंटे से भी कम समय में अपने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस से टैग लेकर स्टार्क आईपीएल के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए, क्योंकि कोलकाता ने नीलामी में अपने पर्स का 75% से अधिक खर्च स्टार्क पर किया। स्टार्क ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए 2014 और 2015 में आईपीएल के केवल दो सीजन खेले हैं और 2018 में केकेआर के लिए खेलने वाले थे, लेकिन पैर की चोट के कारण बाहर हो गए। वह एक एक्स-फैक्टर है, इसमें कोई संदेह नहीं है। कोई ऐसा व्यक्ति जो नई गेंद से गेंदबाजी कर सकता है, डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर सकता है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई ऐसा व्यक्ति जो आक्रमण का नेतृत्व कर सकता है।' गंभीर ने जियो सिनेमा से कहा, वह हमारे दो घरेलू गेंदबाजों के लिए बहुत मददगार साबित होने वाला है, क्योंकि वे दोनों बहुत प्रतिभाशाली हैं।

### बेन स्टोक्स का बेस्ट रिप्लेसमेंट है डेरिल मिचेल

**दुबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि डेरिल मिचेल एक अलग प्रकार के खिलाड़ी हैं। साथ ही उन्होंने एक ऑलराउंडर के रूप में मिचेल को बेन स्टोक्स का बेस्ट रिप्लेसमेंट भी करार दिया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की नीलामी के दूसरे दौर में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शुरूआती लड़ाई के बाद देर से बोली लगाने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने मिचेल को 14 करोड़ रुपये में खरीदा। मिचेल, जो पहले राजस्थान रॉयल्स से जुड़े थे। दिल्ली और पंजाब के बीच नीलामी की लड़ाई बढ़ने पर केंद्र बिंदु बन गए। अपने पास पर्याप्त रकम होने के कारण, सीएसके ने बोली को तेजी से बढ़ाकर 13.75 करोड़ रुपये कर दिया और फिर 14 करोड़ रुपये की साहसिक बोली लगाकर खिलाड़ी को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। स्टीफन फ्लेमिंग ने बेन स्टोक्स के स्थान पर मिचेल के रिप्लेसमेंट पर कहा, उन्होंने केवल एक मैच खेला, इसलिए उन्होंने उतनी छाप नहीं छोड़ी।

# आरसीबी को घरेलू स्तर पर सुधार करने की जरूरत : फाफ डू प्लेसिस



**एजेंसी। बेंगलुरु**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आगामी सीजन के लिए एक मजबूत टीम तैयार करने के लिए सोच-समझकर छह बोलियां लगाईं, कप्तान फाफ डू प्लेसिस ने घरेलू प्रदर्शन को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया। तथ्य यह है कि आरसीबी ने पिछले साल चिन्नास्वामी स्टेडियम से बाहर खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। आरसीबी ने मंगलवार को दुबई में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 प्लेयर नीलामी में सफलतापूर्वक इष्टतम टीम संतुलन हासिल करने के लिए रणनीतिक अधिग्रहण किया। डू प्लेसिस, विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल और रजत पाटीदार जैसे खिलाड़ियों के साथ शीर्ष क्रम में पहले से ही एक मजबूत केंद्र मौजूद है, और ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की सेवाएं प्राप्त की हैं, जो बल्लेबाजी में उत्कृष्ट गहराई जोड़ते हैं, नीलामी में आरसीबी के केंद्रित दृष्टिकोण ने उन्हें गेंदबाजी विभाग में और अधिक मजबूती हासिल करते हुए देखा। डू प्लेसिस ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह उनके और थिंक टैंक के लिए एक व्यस्त समय था क्योंकि उन्होंने एक व्यापक योजना विकसित करने में बहुत समय लगाया जिससे नीलामी में अधिक स्पष्टता के साथ प्रवेश करने में मदद मिली। ह्लपिछले सीजन के बाद, हमें लगा कि हमें घरेलू मैदान पर सुधार करने की जरूरत है। एक चीज जो हमने वास्तव में अच्छी तरह से की वह थी चिन्नास्वामी से दूर सफल होना। तो, हम चले गए और अपने दिमाग को एक साथ रखा और घर पर बेहतर होने की क्या संभावना है और हम कैसे बेहतर हो सकते हैं, हम किस तरह से सुधार कर सकते हैं? डू प्लेसिस ने कहा, "यह निश्चित रूप से नीलामी है और पिछले दो महीनों की प्रक्रिया पूरी तरह से घर पर बेहतर प्रदर्शन करने की योजना बनाने और घरेलू मैदान पर सफल होने वाले गेंदबाजों और बल्लेबाजों की योजना बनाने पर केंद्रित रही है।"उन्होंने कहा,ह्लहमने आरसीबी के बारे में और हम फ्रेंचाइजी को कहां ले जाना चाहते हैं, इसके बारे में बात करने में काफी समय बिताया। मुझे लगता है कि यह हमेशा महत्वपूर्ण होता है कि आप अपना होमवर्क करें और सुनिश्चित करें कि आप हर क्षेत्र को देखें और उस पर बात करें।

### आईपीएल 2024 के लिए आरसीबी की पूरी टीम

**रिटेन किए गए खिलाड़ी :** फाफ डू प्लेसिस, ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर (एसआरएच से), विजयकुमार वैश्य, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन (एमआई से)।

### आईपीएल 2024 की नई खरीद

नई खरीद अल्जारी जोसेफ (11.50 करोड़ रुपये), यश दयाल (5 करोड़ रुपये), टॉम करेन (1.5 करोड़ रुपये), लॉकी फर्ग्यूसन (2 करोड़ रुपये), स्वप्निल सिंह (20 लाख रुपये), सौरव चौहान (20 लाख रुपये)

# सौम्य सरकार ने वन डे में तोड़ा सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड



**एजेंसी। नेल्सन**

बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार ने बुधवार को नेल्सन में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सौम्य ने 151 गेंदों पर 111.92 की स्ट्राइक रेट से 169 रन की पारी खेली। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कीवी गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ 22 चौके और 2 छक्के लगाए। इसके साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 वर्षीय खिलाड़ी की पारी ने उन्हें न्यूजीलैंड में उपमहाद्वीप के एक खिलाड़ी द्वारा एकदिवसीय मैचों में सर्वाधिक रनों के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 2009 में 'मास्टर ब्लास्टर' ने क्राइस्टचर्च में कीवी टीम के खिलाफ नाबाद 163 रन की पारी खेली थी। उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में किसी विदेशी मैदान पर बांग्लादेशी क्रिकेटर द्वारा सर्वाधिक रन का भी रिकॉर्ड बनाया। मैच की बात करें तो सैक्सटन ओवल में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सौम्य सरकार (151 गेंदों पर 169 रन) और विकेटकीपर मुश्फिकुर रहीम (57 गेंदों पर 45 रन) की बेहतरीन पारियों की बदौलत 'बंगाल टाइगर्स' ने 291 रन बनाए। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड के लिए जैकब डफी और विलियम ओ'रूर्के ने अपने-अपने स्पैल में तीन-तीन विकेट हासिल किये, एक-एक विकेट लिया।

## दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 8 विकेट से हराया, शृंखला 1-1 से बराबर

**एजेंसी। गकेबरहा**

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय टीम को 8 विकेट से मात दी है। इस जीत से साथ मेजबान टीम ने श्रृंखला में एक-एक की बराबरी कर ली है। भारत की ओर से मिले 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम ने सधी शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज रीजा हैंड्रिक्स और टोनी डी जोर्जी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 130 रन जोड़े। तभी हैंड्रिक्स 52 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रेसी वान डर डुसे ने टोनी का उम्दा साथ देते हुए 76 रन की साझेदारी निभाई। डुसे ने 36 रन की पारी खेली। वहीं दूसरे छोर पर युवा बल्लेबाज टोनी डी जोर्जी ने शानदार शतक लगाया और 119 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने एडन मार्करम के साथ मिलकर टीम को 45 गेंद पहले ही जीत दिला दी। भारत की तरफ से अर्शदीप और रिंकू सिंह को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया 211 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ एक बार फिर बड़ा स्कोर बनाने से चूक गए और 4 रन बनाकर आउट हो गए।

## हमें गिल पर भरोसा है इसलिए उन्हें कप्तान बनाया गया है: नेहरा

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने कहा कि फ्रेंचाइजी शुभमन गिल के नेतृत्व गुणों में विश्वास करती है, यही वजह है कि यह सलामी बल्लेबाज अब आईपीएल 2024 सीजन से पहले टीम का कप्तान होगा। शुभमन गिल को हार्दिक पांड्या के बाद जीटी का कप्तान बनाया गया था। नेहरा ने कहा, आईपीएल एक आक्रामक खेल है और यह सभी के लिए चुनौतियां पेश करता है, यहां तक कि उन लोगों के लिए भी जो सर्वश्रेष्ठ कप्तान हैं। हमने देखा है कि शुभमन गिल तीन-चार साल से कैसे खेल रहे हैं और कैसे उन्होंने खुद को तैयार किया है।

# एसजीएफआई राज्य स्तरीय अंडर 19 बालिका क्रिकेट ट्रायल 24 को

**एजेंसी। रांची**

स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय अंडर 19 बालिका स्कूली क्रिकेट ओपन ट्रायल 24 दिसंबर 2023 को स्थानीय साउथ रेलवे कॉलोनी चुटिया रांची में सुबह 9:00 बजे से आयोजित की जाएगी। इस चयन ट्रायल के माध्यम से 9 से 11 जनवरी तक गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अंडर-19 बालिका क्रिकेट टीम झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी।

### ट्रायल के लिए आवश्यक सूचनाएं

1 ट्रायल देने वाले खिलाड़ियों का जन्म 01-01-2005 अथवा इसके बाद का होना चाहिए।

2 ट्रायल में सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल के छात्र भाग ले सकते हैं।

3 ट्रायल हेतु एलिजिबिलिटी फॉर्म में फोटो और नीचे प्रधानाध्यापक या प्रभारी का सिग्नेचर दोनों जगह होना अनिवार्य है।

4 एलिजिबिलिटी फॉर्म के अलावा आधार कार्ड और बोनाफाइड सर्टिफिकेट भी लाना अनिवार्य है।

## आईपीएल में छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ियों का चयन

**रायपुर।** आईपीएल में छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ियों हरप्रीत सिंह, शशांक सिंह और अजय मंडल का चयन किया गया है। पंजाब किंग्स ने हरप्रीत सिंह भाटिया को 40 लाख रुपये में रिटेन किया है, वहीं शशांक सिंह को 20 लाख में तथा अजय मंडल को चेन्नई ने 20 लाख में रिटेन किया है। राजनंदगांव के अजय मंडल चेन्नई सुपर किंग्स से खेलते नजर आएंगे। पिछले वर्ष हुए आक्शन चेन्नई ने अजय को उनके बेस प्राइज पर खरीदा था। रणजी ट्राफी में अजय ने इस वर्ष जबरदस्त प्रदर्शन किया है ।

# महिला-पुरुष मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन



**एजेंसी। रांची**

पर्यटन ,कला ,संस्कृति ,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के तत्वाधान में आयोजित जोनल स्तरीय तीन दिवसीय पुरुष -महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न। स्वागत भाषण जिला खेल पदाधिकारी रांची सह आयोजन सचिव शिवेंद्र कुमार ने किया। जबकि आगन्तुको का स्वागत वरीय प्रशाखा पदाधिकारी मनोज पासवान ने किया। जबकि फाइनल मैच एवं समापन समारोह में मंच का संचालन वरीय प्रशिक्षक अजय झा ने किया। समापन समारोह के अवसर पर स्वागत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ओरमांझी के छात्राओं ने सभी अतिथियों का स्वागत बैंड डिस्प्ले के धुन के साथ मुख्य मंच तक लाये एवं मैदान में धुन पर की आकर्षक प्रस्तुति पेश की। तत्पश्चात स्वागत नृत्य आर्टिस्ट धुन पर नियमित योग करे,निरोग रहे₹ थीम पर योग प्रदर्शन के माध्यम से स्कूल आफ योगा, रांची विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## व्यापार

# सिंधिया ने सभी हवाईअड्डा संचालकों के पूंजीगत व्यय लक्ष्य की समीक्षा की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय उड्डयन मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हवाईअड्डा संचालकों के साथ एक सलाहकार समूह की बैठक की और उन्हें यात्रियों के लिए एक सहज और समय बचाने वाली यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए सभी संभावित उपायों को लागू करने का आश्वासन दिया। आगामी छुट्टियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए मंत्री ने मंगलवार की बैठक में हवाई अड्डों पर भीड़भाड़ को रोकने के महत्व पर जोर दिया। एक अधिकारी ने कहा, ह्लचर्चा का एक महत्वपूर्ण विषय मैनुअल से डिजिटल चेक-इन और प्रवेश द्वार प्रक्रियाओं में रूपांतरण दर को बढ़ाने, परेशानी मुक्त और तेज यात्री आंदोलन सुनिश्चित करने के लिए ह्यडिजीयात्राह्ण का प्रचार था।ह्व वर्तमान में, यह सुविधा घरेलू यात्रियों के लिए लखनऊ, मुंबई, अहमदाबाद, कोच्चि, जयपुर, गुवाहाटी, दिल्ली, बेंगलुरु, वाराणसी, विजयवाड़ा, पुणे, हैदराबाद और कोलकाता के हवाई अड्डों पर उपलब्ध है। चर्चा के दौरान, प्रस्थान और आगमन दोनों पर अंतर्राष्ट्रीय यात्री पहुंच के लिए 'डिजीयात्रा' को एकीकृत करने का सुझाव भी सामने रखा गया। अधिकारी ने कहा, सर्वोत्तम प्रथाओं का पता लगाने के लिए हवाईअड्डा संचालकों को अन्य देशों में सफलतापूर्वक उपयोग किए जा रहे बायोमेट्रिक सक्षम मॉडल पेश करने का भी काम सौंपा गया।₹ मंत्री ने सभी हवाईअड्डा ऑपरेटरों के पूंजीगत व्यय लक्ष्य की समीक्षा की, और इसे तीसरी तिमाही में प्राप्त वास्तविक आंकड़ों के साथ संरेखित किया। बैठक में जीएमआर एयरपोर्ट्स, अदानी एयरपोर्ट्स, बीआईएएल, कोचीन एयरपोर्ट और भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण सहित सभी हवाईअड्डा संचालकों ने भाग लिया। नागरिक उड्डयन सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम, बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार हसन, डीजीसीए के महानिदेशक विक्रम देवदत्त और मंत्रालय के अन्य संयुक्त सचिव तथा वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



### मुंबई बिजनेसमैन कपल ने स्पाइसजेट में 1,100 करोड़ का निवेश किया

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और विकास को गति देने के लिए एक रणनीतिक कदम में, मुंबई स्थित व्यवसायी हरिहर महापात्रा और उनकी पत्नी प्रीति ने एयरलाइन में 1,100 करोड़ रुपये के बड़े निवेश की घोषणा की है। एयरलाइन द्वारा स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में ये बात बताई गई है, इस अधिग्रहण से दंपति को स्पाइसजेट में 19 प्रतिशत हिस्सेदारी मिल गई है। निवेश योजना में तीन प्रतिशत हिस्सेदारी वाले एरीज अपॉर्चुनिटीज फंड और अधिकार के रूपांतरण के माध्यम से आठ प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने वाली एलारा कैपिटल की भागीदारी शामिल है। इससे पहले, स्पाइसजेट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने सर्वसम्मति से 2,250 करोड़ रुपये से अधिक की नई पूंजी डालने को मंजूरी दी थी। इस कदम में वित्तीय संस्थानों, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई), बड़ी आय वाले व्यक्तियों (एचएनआई) और निजी निवेशकों को इक्विटी शेयर जारी करना शामिल है।

### केंद्र को सीपीएसई से लाभांश के रूप में 26,644 करोड़ मिले

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार को चालू वित्त वर्ष के दौरान 4 दिसंबर तक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) से लाभांश प्राप्ति के रूप में 26,644 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें कहा गया है कि सीपीएसई द्वारा लाभांश भुगतान पिछले तीन वर्षों में बढ़ रहा है। यह 2020-21, 2021-22 और 2022-23 में संशोधित बजट अनुमान से अधिक हो गया है। ओएनजीसी, ऑयल इंडिया, एनटीपीसी और कोल इंडिया जैसे सीपीएसई द्वारा बढ़ते लाभांश भुगतान से सरकारी राजस्व बढ़ाने और राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद मिली है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को संसद को बताया कि केंद्र सरकार वित्तीय वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.9 प्रतिशत के अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करने को लेकर आश्वस्त है।

# ओएनडीसी और मेटा ने साझेदारी की घोषणा की



**एजेंसी। रांची**

ओएनडीसी और मेटा ने छोटे व्यवसायों को डिजिटल कॉमर्स का लाभ उठाने में मदद करने के लिए साझेदारी की है। इस साझेदारी से छोटे व्यवसायों को व्हाट्सएप पर खरीदारी और बिक्री करने में मदद करेगी। मेटा अपने व्यापार और तकनीकी समाधान प्रदाताओं के इकोसिस्टिम के माध्यम से छोटे व्यवसायों को प्रशिक्षित और सक्षम करेगा। ओएनडीसी इन व्यावसायिक समाधान प्रदाताओं को सेलर एप्स बनने में मदद करेगा, ताकि वे अपने ग्राहकों को ओएनडीसी नेटवर्क पर ला सकें। इस साझेदारी की शुरूआत में अगले दो वर्षों में मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी के माध्यम से पांच लाख एमएसएमई को डिजिटली प्रशिक्षित और सशक्त बनाएगा। देश भर में 10 मिलियन छोटे व्यवसायों को कौशल प्रदान करने की प्रतिबद्धता के मुताबिक मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी उद्यमियों और मार्केटर्स को मेटा एप्स पर आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग कौशल हासिल करने में सक्षम बनाते हुए सर्टिफिकेशन की सुविधा प्रदान करता है।

## वित्त वर्ष 2024 में बीमा की तैयारी

# बचत को छेड़े बिना आर्थिक रूप से मजबूत बनें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हम सभी आर्थिक रूप से मजबूत होना चाहते हैं। ऐसा करने की कुंजी अनुशासन है। अनुशासन व्यवस्थित रूप से और लंबी अवधि के लिए निवेश करने के बारे में है, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह हमारे निवेश की सुरक्षा के बारे में भी है। कुछ इमरजेंसी हो सकती हैं और इसके कारण या तो उस महीने निवेश करने में सक्षम नहीं हो सकते, या इससे भी बदतर, हमें उन अप्रत्याशित खर्चों को पूरा करने के लिए कुछ निवेशों को बंद करना पड़ सकता है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि हम ऐसी किसी भी परिस्थिति में अपनी निवेश योजना की रक्षा करें। इसलिए, किसी को बीमा को केवल साधारण सुरक्षा की बजाय निवेश रणनीति के एक हिस्से के रूप में देखना चाहिए। जब हम बीमा को ₹खर्च₹ की बजाय एक रणनीतिक निवेश के रूप में देखते हैं, तो हमें अनिश्चितताओं, आपात स्थितियों या स्वास्थ्य देखभाल खर्चों के सामने अपनी बचत को खत्म नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि हम पहले से ही बीमा के दायरे में हैं। इसलिए, एक सर्वांगीण वित्तीय योजना के लिए तैयारी महत्वपूर्ण है। जब हम तैयार होते हैं, तो धन निर्माण और बीमा खरीदने पर केंद्रित निवेश साथ-साथ काम कर सकते हैं, बिना किसी की वृद्धि में बाधा डाले। स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा पर 80डी और 80सी के तहत कर लाभ भी मिलता है। उदाहरण के लिए, कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न हालिया वैश्विक संकट जोखिम शमन और ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं के खिलाफ सुरक्षात्मक उपाय के रूप में बीमा के सही मूल्य का एक प्रमाण है। कई व्यक्तियों को अपने वित्तीय लक्ष्यों में व्यवधान का अनुभव हुआ क्योंकि इस दौरान स्वास्थ्य देखभाल की बढ़ती लागत का प्रबंधन करने के लिए उन्हें अपनी सेविंग्स तोड़नी पड़ी। लेकिन जिनके पास स्वास्थ्य और जीवन बीमा था, वे तूफान का सामना करने के लिए बेहतर ढंग से तैयार थे।



### वित्त वर्ष 2024 में सही से सुरक्षा जाल तैयार करना

क्या आप जानते हैं कि भारत में, बैंकों में भौतिक संपत्तियों और सावधि जमाओं के लिए पारंपरिक प्राथमिकता धीरे-धीरे म्यूचुअल फंड और स्टॉक जैसी वित्तीय संपत्तियों में निवेश की ओर स्थानांतरित हो गई है क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स द्वारा रिपोर्ट किया गया यह एक उल्लेखनीय बदलाव है। दिलचस्प बात यह है कि यह प्रवृत्ति शेयर बाजार में बढ़ती भागीदारी में परिलक्षित होती है, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में डीमैट खातों में साल-दर-साल 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो अगस्त 2023 तक 12.7 करोड़ तक पहुंच गई है। हालांकि ऐसी वित्तीय आकांक्षाओं में स्पष्ट वृद्धि हुई है, लेकिन कई लोग अपनी समग्र निवेश रणनीति में एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में बीमा को नजरअंदाज करते हैं।

## भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटी, पड़ोसी और पश्चिमी देशों में बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2021 और नवंबर 2023 के बीच भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी आई है, लेकिन पड़ोसी और पश्चिमी देशों में बढ़ गई है। ग्राफ बताते हैं कि नवंबर 2021 से नवंबर 2023 के बीच भारत में पेट्रोल की कीमत में 11.82 फीसदी और डीजल की कीमत में 8.94 फीसदी की गिरावट आई। दूसरी ओर, पड़ोसी देश श्रीलंका में पेट्रोल की कीमत 54.32 फीसदी और पाकिस्तान में 41.24 फीसदी बढ़ गई। अमेरिका, कनाडा और यूके में भी पेट्रोल की कीमत 9.32 प्रतिशत, 7.3 प्रतिशत और 11.36 प्रतिशत अधिक है। डीजल के मामले में, श्रीलंका में कीमत 110.24 प्रतिशत बढ़ी, जबकि पाकिस्तान में यह 53.55 प्रतिशत तक बढ़ी। नवंबर 2021-नवंबर 2023 के बीच अमेरिका में डीजल की कीमत 27.59 प्रतिशत, यूके में 9.92 प्रतिशत और जर्मनी में 11.36 प्रतिशत बढ़ गई।

# अगले पांच साल में अमेरिका के बराबर होगा भारत का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर : गडकरी



**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

अगले पांच वर्षों के रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के लक्ष्य को लेकर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि महानगरों में भीड़ कम करने और यात्रा के समय और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के अलावा हमने अपने सड़क बुनियादी ढांचे को अमेरिका के बराबर बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। पिछले नौ वर्षों में देश की सड़कों को सुरक्षित और स्मार्ट बनाने के मिशन मोड में गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए काम सौंपा है। मौजूदा नीतियों में सुधार करके अनुबंधों को मंजूरी देने की प्रक्रिया को भी आसान बनाया है। उन्होंने मनोरमा ईयरबुक 2024 में प्रकाशित एक साक्षात्कार में कहा, "किसी भी ठेकेदार को ठेका स्वीकृत कराने के लिए मेरे पास आने की जरूरत नहीं है। हम निर्णय लेने में पारदर्शी, समयबद्ध परिणामोन्मुख और गुणवत्ता के प्रति जागरूक और तेज हैं। हम अच्छे काम को प्रोत्साहित करते हैं और यही कारण है कि हमारे पास सात विश्व रिकॉर्ड हैं। यह मंत्रालय की बड़ी उपलब्धि है।" गडकरी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि पांच साल बाद हमारा सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका के बराबर हो जाएगा। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भारत को नंबर एक बनाने को लेकर उन्होंने कहा कि भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग हाल ही में जापान को पीछे छोड़कर चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, हमारा उद्योग 7.5 लाख करोड़ रुपये का है और राज्यों और केंद्र सरकार को अधिकतम जीएसटी इसी क्षेत्र से मिलती है।

## रिकॉर्ड तेजी के बाद धड़ाम हुआ बाजार, सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,610 अंक टूटा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज जबरदस्त उतार-चढ़ाव का गवाह बना। आज के कारोबार की शुरूआत रिकॉर्ड मजबूती के साथ हुई थी। पहले आधे घंटे के कारोबार में ही शेयर बाजार और मजबूत होकर नए शिखर तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.30 प्रतिशत और निफ्टी 1.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। रिकॉर्ड मजबूती के बाद मुनाफावसूली का दबाव बन जाने की वजह से बाजार के दोनों सूचकांक बुरी तरह से टूट गए। सेंसेक्स 72 हजार अंक के स्तर के करीब पहुंचने के बाद 1,600 अंक से भी अधिक टूट कर 70,300 अंक के करीब पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 21,600 अंक के करीब पहुंचने के बाद 500 अंक से अधिक लुढ़क कर 21,100 अंक से भी नीचे पहुंच गया। आज के कारोबार में बाजार में चौतरफा बिकवाली नजर आई। पावर, मेटल और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में आज सबसे अधिक बिकवाली होती रही।